आकाशवाणी शब्दकोश

A. I. R. LEXICON

आकाशवाणी के समाचार विभाग की ओर से
सूचना और प्रसारण मंत्रालय के
प्रकाशन विभाग द्वारा
प्रकाशित

Published by the Publications Division
Ministry of Information & Broadcasting
on behalf of
The News Services Division, All India Radio

अग्रहायण 1892 • दिसम्बर 1970

मूल्य : 10.50

निदेशक, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार,
पटियाला हाउस, नई दिल्ली-1 द्वारा प्रकाशित

क्षेत्रीय कार्यालय
बोटावाला चैम्बर्स, सर फीरोजशाह मेहता रोड, बम्बई-1
आकाशवाणी भवन, कलकत्ता-1
शास्त्री भवन, 35, हड्डौस रोड, मद्रास-6

राकेश प्रेस, दिल्ली द्वारा मुद्रित

प्रस्तावना

आकाशवाणी शब्दकोश, आकाशवाणी के कार्यक्रमों में, विशेष रूप से समाचार विभाग द्वारा प्रस्तुत और प्रसारित समाचार बुलेटिनों में हिन्दी के शब्दों और वाक्यांशों के प्रयोग के क्षेत्र में पिछले दस से भी अधिक वर्षों के अनुभव का परिणाम है। हिन्दी प्रसारणों के आरम्भ होने के साथ-साथ यह महसूस किया गया कि अंग्रेजी शब्दों के मानक अनुवादों या समानार्थकों के संग्रह की आवश्यकता है। अब जो शब्दकोश प्रकाशित किया जा रहा है, उसमें आकाशवाणी का यह विचार प्रतिबिम्बित है कि समाचार प्रसारणों को अधिक से अधिक सरल और स्वीकार्य बनाने के लिए समुचित शब्दों और वाक्यांशों की खोज का प्रयत्न किया जाए। इस प्रयत्न में संविधान के 351वें अनुच्छेद में निहित विशेष निर्देश को पूरी तरह ध्यान में रखा गया है।

इस शब्दकोश को भारत सरकार की हिन्दी सलाहकार समिति में प्रस्तुत किया गया जिसने अपनी कई बैठकों में इस पर स्वीकृति प्रदान की। इस शब्दकोश के सम्बन्ध में हिन्दी भाषा विषयक संसदीय समिति और उसकी विशेष उपसमिति की, जिसके अध्यक्ष श्री श्रीप्रकाश थे और जिसने आकाशवाणी के हिन्दी बुलेटिनों की भाषा पर विचार किया था, राय, परामर्श और मार्गदर्शन भी प्राप्त किया गया।

इस शब्दकोश का प्रकाशन सूचना और प्रसारण मंत्रालय की सूचना और प्रसारण हिन्दी सलाहकार समिति के सुझाव पर किया जा रहा है। यह शब्दकोश मुख्य रूप से आकाशवाणी के सम्पादकों, लेखकों तथा भाषित कार्यक्रमों से सम्बद्ध अन्य लोगों के मार्गदर्शन के लिए है। लेकिन समिति ने यह महसूस किया कि जनता के लिए भी यह कोश उपलब्ध होना चाहिए, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो जानकारी के प्रसार के काम में लगे हुए हैं। आशा की जाती है कि यह प्रकाशन, प्रचार कार्य करने वालों, लेखकों, और विद्वानों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

लगभग एक दशाब्दि तक तैयारी के दौरान इस शब्दकोश के निर्माण में विभिन्न स्रोतों से सहायता मिली है। इनमें से एक, पुराना हिन्दुस्तानी शब्दकोश था जिसमें कुल साढ़े आठ हजार शब्द थे और जिसे 1947 से पहले आकाशवाणी के समाचार विभाग द्वारा तैयार किया गया था। इसके बाद आकाशवाणी के समाचार विभाग के ही एक भूतपूर्व उपसम्पादक श्री वी० सुब्रह्मण्यम द्वारा तैयार की गई उपयोगी सामग्री की सहायता ली गई जो एक स्वतन्त्र शब्द सूची थी। तीसरा और बहुत महत्वपूर्ण स्रोत स्वयं आकाशवाणी के समाचार बुलेटिन रहे हैं। और अन्तिम स्रोत कई अंग्रेजी समाचार पत्र थे जिन्हें प्रचलित शब्दों और वाक्यांशों की सूची तैयार करने के लिए बराबर देखा गया। इस प्रकार जो शब्द और वाक्यांश एकत्र किए गए उन्हें समय-समय पर आकाशवाणी के समाचार विभाग के अन्य भाषाओं के एकांशों को भेजा गया। इन एकांशों ने अपनी-अपनी भाषाओं में समानार्थकों की सूचियां प्रस्तुत कीं। अन्तिम शब्दों का चुनाव करते हुए इन समानार्थकों की ओर ध्यान दिया गया जिससे इस शब्दकोश को अखिल भारतीय स्वरूप देने में सहायता मिली है।

आकाशवाणी का समाचार विभाग इस शब्दकोश के निर्माण में अत्यधिक मूल्यवान कार्य करने के लिए जिन लोगों के प्रति आभार प्रकट करना चाहता है उनमें हिन्दी के डिप्टी चीफ प्रोड्यूसर श्री रामचन्द्र टण्डन और समाचार विभाग के तत्कालीन सहायक समाचार सम्पादक श्री इन्द्रनाथ आनन्द हैं। वे दोनों ही

सेवानिवृत्त हो चुके हैं। समाचार विभाग के स्टाफ आर्टिस्ट श्री विद्यासागर विद्यालंकार का योगदान भी उल्लेखनीय रहा है।

समाचार विभाग के ही तीन समाचार सम्पादकों, श्री प्रयाग नारायण त्रिपाठी, श्री मदनमोहन सहाय और श्री स्थानेश्वर प्रसाद की एक उपसमिति ने भी इस शब्दकोश को मुद्रण के लिए भेजने से पहले इस पर दृष्टिपात किया है और समाचार विभाग उनके प्रति आभार प्रकट करता है।

इस शब्दकोश के निर्माण में काफी श्रम किया गया है लेकिन यह दावा नहीं किया जा रहा है कि यह अन्तिम है। राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय घटनाचक्र लगातार नए शब्द और वाक्यांश देता जा रहा है और जीवंत भाषा सदैव विकसित होती रहती है।

अनन्तराव वाजी
निदेशक, समाचार विभाग
आकाशवाणी

आकाशवाणी शब्दकोश

A.I.R. LEXICON

A

abandon त्याग देना, त्याग करना, छोड़ना, छोड़ देना, अलग होना
abandoned परित्यक्त, छोड़ा हुआ
abandonment त्याग, परित्याग, छोड़ना
abase नीचा दिखाना, नीचा करना, अपमानित करना
abate घटना, कम होना, रुकना, थमना, धीमा पड़ना, उतरना
abatement कमी, घटाव, उतार, ह्रास
abbreviation संक्षेप, संक्षेपाक्षर, संकेत चिन्ह
abdicate पदत्याग करना, राज त्यागना, राज छोड़ देना, गद्दी छोड़ना
abdication पदत्याग, राजत्याग, गद्दी छोड़ना
abdomen पेट, उदर, पेडू
abduct भगा ले जाना, अपहरण करना
abducted फुसला कर या धमका कर या बल से भगाया हुआ, अपहृत
abduction भगाना, भगा ले जाना, अपहरण
aberration भटकना, पथभ्रष्ट होना, रास्ते से हटना
abet साथ देना, भागी होना, मदद करना, उत्तेजित करना, उकसाना, प्रेरित करना, प्रेरणा देना, अपराध करने को प्रोत्साहित करना
abetment साथ, मदद, उकसावा, उत्तेजना, प्रेरणा
abettor उकसाने वाला, बहकाने वाला, प्रेरक
abeyance रुकावट की स्थिति, रुका रहना, स्थगित रहना
abhor घृणा करना, नफ़रत करना, तिरस्कार करना
abhorrent 1. घिनौना, घृणित 2. असंगत
abide 1. बना रहना, जारी रहना, टिकना 2. निवास करना, बसना 3. प्रतीक्षा करना 4. स्वीकार करना, मान लेना 5. सहना, भुगतना 6. पालन करना
abide by पाबन्द रहना, कायम रहना, दृढ़ रहना, अटल रहना, पालन करना, मान लेना, साथ देना

abiding स्थायी, चिरस्थायी, टिकाऊ
abiding conviction पक्की धारणा, दृढ़ विश्वास
ability योग्यता, क्षमता, सामर्थ्य, कौशल
abject दीन-हीन, निकृष्ट, नीच, गिरा हुआ, पतित, अधम
abjuration क़सम खाकर छोड़ना, शपथपूर्वक त्याग
abjure क़सम खाकर छोड़ना, शपथपूर्वक त्याग करना
able योग्य, निपुण, चतुर, समर्थ, होशियार
able-bodied शरीर से समर्थ, तन्दुरुस्त, स्वस्थ, मज़बूत हाथ पैर का
ablution स्नान, प्रक्षालन, नहाना-धोना
abnegation त्याग, आत्मत्याग, अपने को मिटाना
abnormal 1. असाधारण, असामान्य, गैरमामूली 2. विकृत
aboard जहाज़ पर, नाव पर, विमान पर चढ़ा हुआ, सवार
abode घर, निवास, रहने की जगह
abolish उठा देना, मिटा देना, अन्त करना, समाप्त करना, रद्द करना, तोड़ना, उन्मूलन करना
abolition उन्मूलन, अन्त, समाप्ति, मिटाना, उठा देना, रद्द करना, तोड़ना
abominable घिनौना, डरावना, घृणित
aboriginal *(adj, n)* 1. आदिवासी 2. आदिम-जातीय
aborigines आदिवासी जातियां, आदिम जातियां
abort गर्भ गिरना, समय से पहले जन्म होना, विकास रुक जाना
abortion 1. गर्भपात 2. कार्य में विफलता
abortive व्यर्थ, विफल, असफल, निष्फल, अधूरा
abound भरपूर होना, प्रचुर होना
above par अधिक मूल्य पर, नफे से, मूल भाव से ऊपर, बढ़ती से
abrasion छिलना, रगड़
abridge संक्षिप्त करना, छोटा करना, घटाना, कम करना
abridgement संक्षेप, सार, छोटा रूप
abroad विदेश में, घर या देश से दूर, घर से बाहर
abrogate रद्द करना, निराकरण करना
abrogation रद्द करना, निराकरण
abrupt आकस्मिक, अचानक, एकाएक, बेमेल
abruptly अकस्मात्, अचानक, सहसा, एकाएक
abscess फोड़ा
abscond भाग जाना, फ़रार होना
absconder फ़रार, भगोड़ा, भागने वाला अपराधी
absconsion भाग जाना, फ़रारी
absence अनुपस्थिति, गैरहाजिरी, अभाव
absent अनुपस्थित, गैरहाजिर, अन्यमनस्क
absent-minded बेखबर, बेसुध, अन्यमनस्क
absentee गैरहाज़िर, अनुपस्थित
absentee capitalism अनुपस्थित पूंजीदारी
absentee landlord दूरवासी जमींदार
absolute एकमात्र, परम, केवल, निरंकुश, असीम, अनियंत्रित, पूर्ण
absolute majority पूर्ण बहुमत
absolute monopoly पूर्ण एकाधिकार
absolutely अत्यन्त, पूर्णतया, पूरी तरह, बिलकुल, नितांत
absolve मुक्त करना, छूट देना, निर्दोष ठहराना
absorb सोख लेना, मिला लेना, घुलमिल जाना, अवशोषण करना
absorption 1. सोखना, घुलमिल जाना, अवशोषण 2. लुप्त हो जाना 3. एकाग्रता, तन्मयता
abstain बचना, हाथ खींचना, अलग रहना, न करना, परहेज़ करना, दूर रहना
abstention अलगाव, परहेज़, अलहदगी, भाग न लेना, दूर रहना, न करना
abstinence 1. परहेज़, संयम 2. उपवास, लंघन
abstract *(adj)* भावात्मक, अमूर्त, अभौतिक, गूढ़, सूक्ष्म, बारीक
abstract *(n)* संक्षेप, सार, सारांश

abstract *(v)* निकालना, सार निकालना
abstruse कठिन, मुश्किल, गूढ़, दुर्बोध, दुरूह
absurd निरर्थक, हेमानी, बेतुका, अनर्गल, ऊटपटांग, बेहूदा, वाहियात
absurdity निरर्थकता, बेतुकापन, बेहूदगी
abundance समृद्धि, विपुलता, प्रचुरता बहुतायत, भरमार
abundant अधिक, बहुत, भरपूर, प्रचुर
abuse *(n)* 1. गाली, बुराई, निन्दा, दुर्वचन 2. दुरुपयोग
abuse *(v)* 1. गाली देना, बुराई करना, बुरा-भला कहना, निन्दा करना 2. दुरुपयोग करना, अनुचित लाभ उठाना
abut लगा होना, समीपवर्ती होना, सामने होना, छूना
abutment पुश्ता, ठोकर, आधार
abyss अथाह गर्त, नरक, पाताल
academic 1. शास्त्रीय, किताबी, पठन-पाठन सम्बन्धी 2. अव्यावहारिक
academic discussion शास्त्रीय चर्चा, शास्त्रीय वाद-विवाद
academic year शिक्षा-वर्ष, तालीमी साल, पढ़ाई का साल
academy अकादमी, विद्वत्परिषद्, पंडित सभा, विद्या सभा
accede to स्वीकार करना, मान लेना, मानना, मंजूर करना, सम्मिलित होना, पदारूढ़ होना
accelerate गति बढ़ाना, वेग बढ़ाना, चाल बढ़ाना, शीघ्रता करना, तेज़ करना
accelerator गति बढ़ाने वाला, एक्सिलरेटर, त्वरक
accent 1. दबाव, ज़ोर 2. लहज़ा 3. स्वराघात, स्वरपात
accentuate तीव्र या उग्र करना, बढ़ाना, तेज़ करना, बल देना, स्वरपात या स्वराघात करना
accept स्वीकार करना, मान लेना, मंजूर करना, राजी हो जाना
acceptable 1. मानने योग्य, स्वीकार करने योग्य. ग्राह्य 2. प्रिय, अनुकूल
acceptance स्वीकृति, मंजूरी, पसंद
access प्रवेश, पहुंच, रसाई, गुजर, रास्ता
accessary सहायक, अपराध में सहायक, सहअपराधी, सहयोगी
accessible 1. पहुंच के भीतर, प्रवेश योग्य 2. सुलभ, सुगम
accession 1. शामिल होना, सम्मिलन 2. राजतिलक, गद्दी पर बैठना, राज्यारोहण
accessory 1. सहायक, संगी, साथी, साझी 2. गौण, अप्रधान
accessories उपकरण, साथ की चीजें, पुर्जे
accident घटना, दुर्घटना, वारदात, संयोग
accidental आकस्मिक, अचानक होने वाला, संयोग से होने वाला
accidentally संयोग से, अकस्मात्, अचानक
acclaim घोषित करना, जयजयकार करना, जय बोलना, स्वागत करना, मानना, सराहना
acclamation जयध्वनि, जयजयकार, हर्षध्वनि, सराहना
acclimatize स्थिति या वातावरण के अनुकूल बनना या बनाना, सहाना
accommodate 1. सुविधा देना, सुभीता करना 2. स्थान देना, जगह देना, ठहराना
accommodating अनुकूल, मान लेने वाला, मुरव्वत वाला, समझौता कर लेने वाला
accommodation स्थान, जगह, गुंजाइश, सुविधा, सुभीता
accompaniment 1. सहायक, संग 2. संगत
accompany 1. साथ देना, संग होना 2. साथ चलना, साथ जाना 3. अनुसरण करना 4. स्वर मिलाना
accomplice अपराध में साझी, साथी, संगी

accomplish पूरा करना, कर दिखाना, सम्पन्न करना, निष्पादन करना

accomplished 1. पूरा हुआ, समाप्त, सम्पन्न, निष्पन्न, सिद्ध 2. पारंगत, प्रवीण, निष्णात

accord (*n*) मेल मिलाप, सम्मति

accord (*v*) मेल खाना, अनुरूप होना, प्रदान करना, देना

with one accord एक स्वर से, एक राय से, एक मत हो कर, एक दिल हो कर

accordance अनुकूलता, अनुरूपता, सादृश्य

in accordance with के अनुसार, के मुताबिक

according to के अनुसार, के मुताबिक

accordingly तदनुसार, उसी प्रकार से

accost संबोधन करना, पहले बातचीत शुरू करना, मुख़ातिब करना या होना

account (*n*) 1. लेखा, हिसाब-किताब, खाता 2. विवरण, वृत्तान्त, वर्णन 3. महत्व

account (*v*) लेखा देना, हिसाब किताब देना या बताना, हिसाब करना, गिनना 2. कारण देना 3. स्पष्ट करना 4. उत्तरदायी होना

capital account पूंजी लेखा, पूंजी खाता

credit account जमा लेखा, जमा खाता

current account चालू खाता

debit account नाम लेखा

open an account खाता खोलना

render an account हिसाब देना, लेखा देना

rough account कच्ची वही

accountable उत्तरदायी, जवाबदेह, जिम्मेदार

accountant मुनीम, लेखा-पाल, लेखाध्यक्ष, गणक, वहीदार

accountant general महा लेखा-पाल, बड़ा लेखाध्यक्ष, प्रधान एकाउंटेंट

accoutrement 1. साज सज्जा, सामान 2. शस्त्र और वस्त्र छोड़कर सैनिकों का अन्य सामान

accredit स्वीकार करना, मानना, प्रमाणित करना, स्वीकृति देना

accredited माना हुआ, भरोसे का, अधिकृत, विश्वास प्राप्त, प्रमाणयुक्त, मान्य, स्वीकृत

accrue बढ़ना, वृद्धि होना, लाभ या फायदा होना, हासिल होना

accumulate संचय करना या होना, एकत्र होना या करना, जमा करना, जमा होना, इकट्ठा करना, बटोरना, जोड़ना

accumulation संचय, ढेर, अंबार

accuracy सत्यता, सच्चाई, यथार्थता, बिल्कुल ठीक होना, ठीक ठीक होना

accurate सत्य, यथार्थ, ठीक, सही, खरा, शुद्ध, अचूक

accusation दोष लगाना, आरोप, अभियोग, दोष, इलज़ाम

accuse दोष लगाना, अभियोग लगाना, इलज़ाम लगाना

accused अभियुक्त

ace 1. इक्का, इकाई 2. चोटी का, एक नंबर का

acerbity तीखापन, कड़ुआपन, कटुता

ache (*n*) पीड़ा, टीस, दर्द, वेदना

ache (*v*) टीस मारना, दर्द होना, पीड़ा होना, दुखना

achieve पूरा करना, प्राप्त करना, पाना, हासिल करना, जीतना, पहुंचना

achievement पराक्रम, कारनामा, सफलता जीत, उपलब्धि, कामयाबी

acid अम्ल, तेज़ाब

acid test अग्नि परीक्षा, कठिन परीक्षा, कसौटी, यथार्थ परख

acknowledge स्वीकार करना, सकारना, अंगीकार करना, कबूल करना, मानना, हामी भरना, रसीद देना, पावती देना

acknowledgment 1. स्वीकृति, अंगीकार, मानना 2. प्राप्ति सूचना, रसीद

acme पराकाष्ठा, चरम सीमा, चरम उत्कर्ष

acoustics 1. ध्वनि विज्ञान, ध्वानिकी 2. श्रवण गुण, भवन ध्वानिकी

acquaint परिचित कराना, परिचय कराना, पहचान कराना, सूचना देना, खबर देना

acquaintance परिचय, ज्ञान पहचान, परिचित व्यक्ति

acquiesce मान लेना, स्वीकार करना, मौन सम्मति देना, मौन सहमति देना, विवश होकर स्वीकार करना

acquiescence मौन सम्मति, मौन स्वीकृति, मौन सहमति

acquire पाना, प्राप्त करना, हासिल करना, खरीदना

acquirement प्राप्ति, उपार्जन, पाना, लेना, योग्यता

acquisition प्राप्ति, उपार्जन, पाना, लेना

land acquisition जमीन लेना, भूमि पर अधिकार करना

acquit 1. निर्दोष ठहराना, मुक्त करना, छोड़ देना 2. ऋण चुकाना

acquittal रिहाई, मुक्ति, अपराध से छुटकारा, बरी होना

acquittance छुटकारा, ऋण मुक्ति, निस्तार

acquitted मुक्त, रिहा किया हुआ, बरी किया हुआ, छूटा हुआ

acreage एकड़ों में क्षेत्रफल, एकड़

acrid 1. कड़ुवा, कटु, तीता, तीखा, चरपरा 2. तेज़ स्वभाव, गर्म मिज़ाज

acrimony कटुता, तेज़ी, तुरशी 2. बदमिज़ाजी, रूखापन

across आरपार, पार, आड़ा, तिरछा

act (*n*) 1. विधान, कानून, अधिनियम, 2. कार्य, काम, कार्यवाही, अमल 3. नाटक का अंक

act (*v*) काम करना, अमल करना, स्वांग भरना

act of hostility वैर या शत्रुता का काम, शत्रुतापूर्ण कार्यवाही

act on (के अनुसार) कार्य करना, (के अनुसार) चलना

act on one's own अपनी जिम्मेदारी या जवाबदेही पर या अपने दायित्व पर काम करना

act under instructions आदेशानुसार काम करना, हुक्म बजा लाना

acting (*adj, n.*) 1. स्थानापन्न, कायम मुकाम 2. अभिनय

action कार्य, अमल, कार्यवाही, लड़ाई, फौजों की मुठभेड़, मुकदमा

take action कार्य करना, कार्यवाही करना, अमल करना, मुकदमा चलाना, नालिश करना

active उद्यमी, क्रियाशील, कर्मशील, सक्रिय, सचेष्ट, मेहनती, मुस्तैद, कामकाजी

acttive partner सक्रिय साझीदार, कामकाज में हिस्सा लेने वाला साझीदार

active service लड़ाई के काम में लगा होना, लाम पर होना, सामरिक सेवा, युद्ध-सेवा

active volcano लावा उगलता हुआ ज्वालामुखी

actively सक्रिय रूप से, तत्परता से, फुर्ती से, तेज़ी से, मुस्तैदी से, सरगर्मी से

activity क्रियाशीलता, उत्साह, तत्परता, सरगर्मी, मुस्तैदी, दौड़धूप

actor 1. अभिनेता, नट, पात्र, एक्टर 2. प्रबन्धक, संचालक 3. बनावटी आचरण वाला, स्वांगी, स्वांगिया, बहुरूपिया

actress अभिनेत्री, नटी, स्वांग भरने वाली

actual वास्तविक, यथार्थ, असली, सही

actually वास्तव में, वस्तुतः, असल में, दर असल, ठीक-ठीक, सचमुच

actuary बीमा व्यापार का आंकड़ा विशेषज्ञ

acumen पैनी बुद्धि, चतुरता, सूझबूझ

acute तीखा, तीव्र, तेज़, सख़्त

adamant कठोर, वज्र, सख़्त, दृढ़, पक्का, अड़ जाने वाला, विचलित न होने वाला

adapt अनुकूल होना या करना, ढालना, बिठाना, लगाना, रूपांतर करना

adaptation 1. अनुकूलन 2. रूपांतर

add 1. जोड़ना, योग करना 2. बढ़ाना, अधिक करना

addendum परिशिष्ट, बाद में जोड़ी चीज़

addict *(n)* व्यसनी

addict *(v)* आदत डालना, अभ्यस्त होना या अभ्यास करना, व्यसन पाल लेना, लत डालना

addition 1. जोड़, योग, संकलन 2. अधिकता, अतिरिक्त वृद्धि

additional अतिरिक्त, अधिक, फ़ालतू

address *(n)* भाषण, अभिभाषण, मानपत्र, पता

address *(v)* सम्बोधन करना, भाषण करना, व्याख्यान देना, बोलना, पता लिखना

 presidential address सभापति का भाषण या अभिभाषण

 president's address राष्ट्रपति का भाषण

 welcome address स्वागत भाषण

adduce उपस्थित करना, प्रस्तुत करना, उद्धृत करना, सामने लाना, पेश करना, प्रमाण देना, दृष्टान्त देना, मिसाल देना

adept निपुण, चतुर, प्रवीण, पटु, दक्ष

adequate पर्याप्त, काफ़ी, समुचित, यथोचित, पूरा, यथेष्ट, मुनासिब

adequacy पर्याप्तता, काफ़ी होना, समुचित होना, यथेष्ट होना

adequately पर्याप्त रूप से, ठीक तौर पर, समुचित ढंग से, यथायोग्य

adhere स्थिर रहना, टिकना, डटे रहना, जमे रहना, अड़े रहना, साथ लगे रहना, मानना

adherence स्थिरता, दृढ़ता, टिकाव, लगाव, हिमायत, तरफ़दारी

adherent अनुयायी, मानने वाला, संगी, साथी, तरफ़दार, हामी

ad hoc तदर्थ, अमुक या विशेष काम के लिए

ad hoc committee तदर्थ समिति, विशेष समिति

adjacent संलग्न, लगा हुआ, मिला हुआ, सटा हुआ, पास का, समीपस्थ, समीपवर्ती

adjective विशेषण

adjoining समीपस्थ, समीपवर्ती, संलग्न, लगा हुआ, मिला हुआ, सटा हुआ, पास का

adjourn स्थगित करना, मुल्तवी करना, आगे बढ़ाना

adjourn sine-die अनिश्चित काल के लिए स्थगित होना या करना

adjournment मुल्तवी करना, आगे बढ़ना, बैठक उठना, स्थगन

adjournment motion काम रोको प्रस्ताव, मुल्तवी का प्रस्ताव, स्थगन प्रस्ताव

adjudge निर्णय करना, फ़ैसला करना

adjudicate निर्णय करना, फ़ैसला करना, (झगड़ा) चुकाना, निबटारा करना

adjudication निर्णय, पंच निर्णय, निबटारा, फ़ैसला

adjudicator पंच, निर्णायक, अधिनिर्णायक

adjunct मिला हुआ, सटा हुआ, संयुक्त, सम्मिलित

adjure सौगंध देना, आग्रहपूर्वक प्रार्थना करना

adjust सुलझाना, ठीक करना, जमाना, बिठाना, मेल बैठाना, तरतीब देना

adjustment ठीक बिठाना, सुलझाव, निबटारा, तरतीब, समंजन

adjustment of accounts हिसाब मिलाना, हिसाब बराबर करना

adjutant एडजुटेंट, सहायक

administer 1. प्रबंध करना 2. शासन या प्रशासन करना

administer an oath शपथ दिलाना

administer justice न्याय देना या करना

administration शासन, शासन व्यवस्था, प्रशासन, प्रबन्ध, हुकूमत, सरकारी काम

administration of justice न्याय करना, न्याय-वितरण

administrative प्रशासन संबंधी, सरकारी

administrative staff शासन के कर्मचारी, प्रशासन सम्बन्धी अमला

administrator प्रबन्धक, शासनकर्ता, शासक, प्रशासक

admirable 1. सराहनीय, प्रशंसनीय, तारीफ़ के लायक, प्रशंसा के योग्य 2. अपूर्व, अनुपम, सुन्दर

admiral नौ-सेनापति, एडमिरल

admiralty नौ-सेनापति का कार्यालय या पद, नौ-सेनालय, एडमिरल पद

admiration प्रशंसा, सराहना, तारीफ़

admire सराहना, तारीफ़ करना, आदर करना, प्रशंसा करना

admissible उचित, वाजिब, मानने के लायक, स्वीकार के योग्य

admissible motion पेश होने योग्य प्रस्ताव

admission स्वीकार, स्वीकृति, मंज़ूरी, मान लेना, भरती, प्रवेश, दाखिला, पहुंच, आना-जाना

admit स्वीकार करना, मान लेना, प्रवेश करना, आने देना, दाखिल करना

admittance प्रवेश, आना-जाना, दाखिला, मंज़ूरी, स्वीकृति

admitted स्वीकृत, माना हुआ, प्रवेश प्राप्त, दाखिल

admonish धीरे से झिड़कना, सावधान करना, सलाह देना, चेतावनी देना

admonition चेतावनी, डांट-फटकार, भर्त्सना, तम्बीह

adolescence किशोरावस्था, वयःसन्धि

adolescent 1. किशोर, किशोरावस्था का 2. अपरिपक्व, अधकचरा

adopt अपनाना, अंगीकार करना, मंज़ूर करना, गोद लेना, मानना, ग्रहण करना

adopted son दत्तक पुत्र, गोद लिया पुत्र

adoption ग्रहण, स्वीकृति, अंगीकार, मंज़ूरी, गोद लेने का कार्य या संस्कार

adorable पूज्य, पूजनीय, आराध्य, प्रतिष्ठा योग्य

adore पूजा करना, आदर करना, सम्मान करना, बहुत प्रेम करना, आराधना करना

adorn सजाना, सुन्दर बनाना, सुशोभित करना, सुसज्जित करना, शृंगार करना

adrift बहता हुआ, डांवाडोल, भटकता हुआ, असहाय

 cast adrift, cut adrift लंगर तोड़ देना, बहा देना, विसर्जन करना

adulation चापलूसी, चाटुकारिता, ख़ुशामद, चिकनी-चुपड़ी बातें, झूठी प्रशंसा

adult प्रौढ़, वयस्क, बालिग, सयाना, बड़ा

adult education प्रौढ़ शिक्षा, वयस्क शिक्षा, बड़ों या बालिगों की पढ़ाई

adult franchise बालिग अथवा वयस्क मताधिकार

adult suffrage वयस्क मताधिकार, बालिगों का वोट का हक़

adulterate मिलावट करना, खोट मिलाना, बिगाड़ना

adultery परगमन, व्यभिचार, जार कर्म, जारी

ad valorem यथामूल्य, मूल्यानुसार

advance *(n)* 1. प्रगति, बढ़ती, बढ़ाव 2. धावा, आक्रमण 3. पेशगी, अग्रिम, अगाऊ

advance *(v)* आगे बढ़ना, उन्नति करना

advance guard अग्रिम सैनिक टुकड़ी, आगे की सैनिक टुकड़ी

advance landing ground अग्रिम दस्तों के उतरने की भूमि

advance party अग्रिम दल या टुकड़ी

advance payment पेशगी भुगतान या अदायगी, अग्रिम भुगतान

advanced उच्च, उन्नतिशील, वयस्क, दूसरों से आगे

advanced base आगे का या अग्रिम अड्डा

advanced naval base आगे का या अग्रिम नौ सैनिक अड्डा

advancement वृद्धि, उन्नति, बढ़ती, तरक्की

advantage लाभ, हित, फ़ायदा

advantageous लाभप्रद, लाभदायक, हितकर, फ़ायदेमंद

adventitious आकस्मिक, अनिश्चित, संयोग का

adventure (*n*) साहस का काम, जोखिम, जोखिम का काम

adventure (*v*) साहस करना, जोखिम उठाना, खतरे में पड़ना, जान पर खेलना, दुस्साहस करना

adventurer साहसिक, हिम्मतवाला, जां बाज़, ठग, चालबाज़

adversary विरोधी, वैरी, शत्रु, दुश्मन, प्रतिद्वंद्वी

adverse प्रतिकूल, विपरीत, उलटा, बुरा, विपक्ष में

adverse balance of trade आयात का निर्यात से अधिक होना, आयात निर्यात का प्रतिकूल अंतर

adversity दुर्भाग्य, आपत्ति, विपत्ति, दुःख, मुसीबत

advertise विज्ञापन करना, ढोल पीटना, शोर मचाना

advertisement विज्ञापन, इश्तहार, ढोल पीटना, ढिंढोरा, शोर

advice परामर्श, उपदेश, सम्मति, सलाह, मत, राय

advices सूचना, संदेश, संवाद, खबर

advise उपदेश देना, समझाना, सम्मति देना, राय देना, सलाह देना, सूचना देना

advisedly समझ बूझ कर, सोच समझ कर, सोच विचार कर, जान बूझ कर

adviser परामर्शदाता, सलाहकार, सलाह, मत या राय देने वाला

advisory सलाहकार, सलाहकारी, परामर्शदाता

advisory committee सलाहकार समिति, परामर्श समिति

advocate (*n*) वकील, एडवोकेट, समर्थक

advocate (*v*) वकालत करना, समर्थन करना

aegis ढाल, कवच, बचाव करने वाली वस्तु, रक्षा, छत्रछाया

under the aegis of की छत्र छाया में

aerated water गैस भरा पानी

aerial (*adj*) हवाई, वायु संबंधी, आकाशी

aerial (*n*) तरंग पकड़ने वाला, तरंग ग्राहक, आकाशी तार

aerial ropeway हवाई रज्जुपथ, रस्सा मार्ग

aerial survey हवाई सर्वे, विमान से सर्वे या सर्वेक्षण

aerodrome हवाई अड्डा

aero-magnetic survey हवाई जहाज या विमान द्वारा चुंबकीय सर्वे या सर्वेक्षण, हवाई चुंबकीय पड़ताल

aero-medical unit विमान द्वारा जाने वाला चिकित्सक दल, विमानचारी चिकित्सक दल

aeronautical विमान संचालन संबंधी

aeroplane विमान, वायुयान, हवाई जहाज

aesthete सौंदर्योपासक, सौंदर्य प्रेमी

aesthetics सौंदर्य शास्त्र

affable मिलनसार, प्रियभाषी, सुशील

affair कार्य, काम, धंधा, मामला, प्रसंग

affect प्रभाव डालना, असर डालना, प्रभाव पड़ना, असर पड़ना या करना, बहाना करना, दिखाना, जताना, बनना

affectation बनावट, दिखावा, आडम्बर, बहाना, कृत्रिमता

affection स्नेह, प्रेम, अनुराग, मंगल कामना 2. रोग, व्याधि 3. प्रवृत्ति

affidavit शपथपत्र, हलफनामा

affiliate सम्मिलित करना, मिलाना, साथ लगाना, सम्बद्ध करना

affiliated सम्बद्ध

affiliation संबंध, सम्बद्धता, मेल

affinity मेल, मिलाप, नाता, निकट संबंध 2. सादृश्य, समानता

affirm जोर देना, जोर देकर कहना, दावे से कहना, पुष्टि करना, अभिपुष्टि करना, प्रमाणित करना, मानना

affirmation कथन, निश्चयपूर्वक तथा शपथपूर्वक कथन, वचन, क़ौल, मंजूरी, अभिपुष्टि करना

affirmative स्वीकृति सूचक, सकारात्मक, हामी का

affix लगाना, मिलाना, जोड़ना, बांधना, नत्थी करना, शामिल करना, चिपकाना

afflict दुःख देना, कष्ट देना, पीड़ा पहुंचाना, सताना, तकलीफ़ देना, मुसीबत में डालना

affliction विपत्ति, आपदा, मुसीबत, दुर्भाग्य, संताप, मानसिक कष्ट

affluent 1. खुशहाल, समृद्ध, धनवान, सम्पन्न, मालदार, अमीर, दौलतमंद 2. प्रवाहशील, बहता हुआ, जारी, भरपूर, प्रचुर 3. सहायक नदी, उपनदी

afford सामर्थ्य रखना, गुंजाइश निकालना, देना, पहुंचाना, जुटाना, बस का होना, बूते का होना

afforestation जंगल लगाना, वनरोपण, वृक्षारोपण

affranchise दासता से मुक्त करना, वोट का अधिकार देना, मताधिकार देना

affray झगड़ा, फ़साद, दंगा, बलवा, मारपीट, हंगामा

affront (*n*) तिरस्कार, अपमान, निरादर, हेठी, अवज्ञा, हतक, तौहीन

affront (*v*) अपमान करना, तिरस्कार करना, सामना करना

afloat तैरता हुआ, बहता हुआ, उड़ता हुआ, नदी या समुद्र में चालू, बाढ़ की स्थिति में

afoot अमल में, जारी, चालू, चलता, पैदल

afraid डरा हुआ, भयभीत

after all बहर हाल, कुछ भी हो, जैसा भी हो, आखिरकार, अंत में

after-care बाद की देखभाल या संभाल

aftermath परिणाम, फल, नतीजा

afternoon दोपहर बाद, तीसरे पहर, अपराह्न में

after-thought बाद का विचार, नई बात

against विरुद्ध, प्रतिकूल, सामने, निमित्त

age 1. आयु, उमर, वय, अवस्था 2. युग, काल, समय 3. पीढ़ी, पुश्त

age-groups (अमुक) उम्र या अवस्था वाले वर्ग, वयोवर्ग, आयु श्रेणी

age limit आयु सीमा, अमुक आयु तक, वय-सीमा

age of consent वह उम्र जिस पर दी गई रज़ामंदी या स्वीकृति कानून की दृष्टि में मान्य होती है, सम्मति आयु, सम्मति वय

age of retirement सेवा या नौकरी से अलग होने की उम्र, निवृत्ति-वय

agency एजेंसी, आड़त, माध्यम

agenda कार्यसूची, कार्यक्रम, अजेंडा, विचारणीय विषय

agent एजेंट, प्रतिनिधि, कारिन्दा, अभिकर्ता

agent-provocateur अपराध के लिए उकसाने वाला या भड़काने वाला, वैरी पक्ष का आदमी

aggrandize (शक्ति, संपत्ति या पद) बढ़ाना, फैलाना, ज्यादा करना, बड़ा करना

aggrandizement बढ़ोत्तरी, तरक्की, उन्नति, वृद्धि

aggravate बढ़ाना, अधिक भीषण करना, और बिगाड़ना, संगीन बनाना, भड़काना, गंभीर करना

aggregate (*adj*) सामूहिक, समस्त, कुल

aggregate (*n*) जोड़, जमा, समूह, राशि, कुल, समाहार

aggregate (*v*) इकट्ठा करना, एक जगह करना

aggress चढ़ाई करना, आक्रमण करना, हमला करना, जबरदस्ती करना, जोर जबरदस्ती करना, छेड़ना

aggression चढ़ाई, आक्रमण, हमला, ज्यादती, जबरदस्ती, जोर जबरदस्ती

aggressive आक्रमणकारी, पहले चढ़ाई या आक्रमण करने वाला

aggressive bloc छेड़ करने वाला दल, उग्र दल या गुट, पहले आक्रमण करने वाला गुट, आक्रमणकारी पक्ष

aggressor आक्रमणकारी, हमला करने वाला, छेड़ने वाला, ज्यादती करने वाला

aggrieved party वह पक्ष या व्यक्ति जिसके साथ अन्याय हुआ हो, पीड़ित व्यक्ति या पक्ष, खिन्न पक्ष
aghast भौचक्का, हक्का-बक्का, स्तब्ध, गुम-सुम
agile चपल, फुरतीला
agility फुरती, चुस्ती, चपलता, चंचलता
agitate आन्दोलन करना, हलचल करना, भड़काना, उत्तेजित करना, उभारना, घबराना
agitation आंदोलन, हलचल, खलबली, बेचैनी, घबराहट, उत्तेजना
agitational approach आन्दोलनकारी या भड़काने का रवैया
agitator आन्दोलन कारी, भड़काने वाला, उत्तेजित करने वाला, उभारने वाला, हलचल डालने वाला
agrarian भूमि या कृषि संबंधी
agree सहमत होना, मान लेना, राजी होना, एक राय होना, एक मत होना, समझौता करना, स्वीकार करना, मिल जाना
agreeable 1. रुचिकर, सुहावना 2. अनुकूल, पसद का
agreement समझौता, करार, प्रतिज्ञापत्र, अनुबन्ध, ठहराव, मेल, सहमति, रज़ामंदी
agricultural कृषि संबंधी, खेती संबंधी
agricultural commodities खेती की जिन्सें, खेती की पैदावार, कृषि की उपज
agricultural labour खेतिहर मजदूर, खेत में काम करने वाले मजदूर, बनिहार
agricultural prices खेती की जिन्सों या उपज या पैदावार के मूल्य अथवा भाव
agricultural produce or production खेती की उपज, कृषि उत्पादन, खेती की पैदावार
agricultural year फसली साल, कृषि-वर्ष
agriculture कृषि, खेती
mechanised agriculture मशीन द्वारा की जाने वाली खेती, मशीनी खेती, यांत्रिक कृषि
agriculturist किसान, खेतिहर, काश्तकार, कृषक
agronomy कृषिविद्या, ग्रामीय अर्थव्यवस्था, खेती का अर्थशास्त्र
ague जूड़ी, तिजारी, कंप-ज्वर
ahead आगे, अगाड़ी, पहले, आगे बढ़कर
aid (*n*) सहायता, मदद, सहारा
aid (*v*) सहायता देना या करना, मदद करना, सहारा देना
aide-de-camp अंगरक्षक, सेनापति का सहायक
aide-memoire स्मरण पत्र, याददाश्त
ailment पीड़ा, रोग, बीमारी, व्याधि
aim (*n*) उद्देश्य, ध्येय, आदर्श, लक्ष्य, निशाना, मतलब
aim (*v*) निशाना बांधना या साधना, लक्ष्य साधना, निशाना लगाना, इरादा करना, यत्न करना
aims and objects उद्देश्य, उद्देश्य और प्रयोजन, मक़सद
air action हवाई हमला, हवाई युद्ध, वैमानिक कार्यवाही
air attack हवाई आक्रमण, हवाई हमला
air base हवाई अड्डा, विमानों का (सामरिक) अड्डा
air blast धमाका, हवा का झोंका
air borne assault हवाई जहाज से हमला या आक्रमण
air conditioning वातानुकूलन, तापानुकूलन, ताप नियंत्रक
air cover विमानों की आड़ या ओट
aircraft विमान, वायुयान, हवाई जहाज
aircraft-carrier विमानवाहक जहाज़, विमान ढोने वाला समुद्री जहाज़
air defences हवाई संरक्षण या रक्षा व्यवस्था, विमानों द्वारा बचाव का प्रबन्ध, हवाई हमले को रोकने की व्यवस्था
air evacuation विमान द्वारा निकाल कर ले जाना
airfield हवाई अड्डा

air force वायु सेना, विमान सेना
air lift हवाई जहाज़ या विमान द्वारा पहुंचाना या ढोना अथवा ले जाना
air line 1. वायु परिवहन 2. वायुमार्ग 3. हवाई जहाज़ों की कंपनी 4. निश्चित मार्ग पर चलने वाले हवाई जहाज़
air liner सवारी का बड़ा विमान, एयरलाइनर
airman उड़ाका, हवाई सेना का कर्मचारी, हवाबाज़, वैमानिक
air marshal वायुसेनाध्यक्ष, एयर मार्शल
air navigation विमान का चलाना, विमान चालन
airport हवाई अड्डा, विमानों का अड्डा
air raid हवाई हमला
air reconnaissance विमान द्वारा पड़ताल
airship हवाई जहाज़, वायुयान, विमान
air space आकाश प्रदेश, वायु प्रदेश, हवाई इलाका
air strip हवाई पट्टी
air task force विशेष काम के लिए भेजी गई वायुसेना की टुकड़ी
airways वायु पथ, वायु मार्ग, आकाश-मार्ग, हवाई रास्ता, हवाई कंपनी
airy 1. हवाई, वायु के समान, हवा से भरा हुआ 2. आकाशीय, आसमानी 3. हवादार, खुला 4. सूक्ष्म, तुच्छ, थोथा 5. हलका, हलका-फुलका
alacrity 1. फुरती, चुस्ती, मुस्तैदी, तत्परता 2. प्रसन्नता
alarm (*n*) आशंका, भय, आतंक, संकट की सूचना, संकट का संकेत, खतरे का बिगुल, खतरे की घन्टी, अलार्म
alarm (*v*) डराना, चौंकाना, भयभीत करना, आतंकित करना, होशियार करना, खबरदार करना, चौकस करना
alarm chain खतरे की जंजीर
alarming डराने वाला, चौंका देने वाला, घबरा देने वाला, भयानक
alarmist घबराहट फैलाने वाला, आतंक फैलाने वाला
alchemist कीमियागर
alchemy कीमिया
alcohol अलकोहल, शराब, मद्यसार
alcove कुंज, लता, भवन, दीवार में बना मेहराबदार आला
alderman एल्डरमैन, नगरपालिका का विशिष्ट सदस्य
alert (*adj*) सावधान, सचेत, सजग, सतर्क, चौकस, चौकन्ना, होशियार, खबरदार
alert (*n*) चेतावनी, भय सूचना
algebra बीजगणित
alias दूसरा नाम, नामान्तर, उपनाम, उर्फ़
alibi दूसरी जगह होना, अन्यत्र उपस्थिति, अभियुक्त के घटना के समय दूसरे स्थान पर होने की दलील
alien विदेशी, परदेशी, अन्य देशीय, अजनबी, बाहरी
alienate हस्तांतरित करना, बेचना, दे डालना, खो देना, गंवाना, दुश्मन बनाना, वैरी बनाना
alienation दूसरे को देना, हस्तांतरण, अन्यार्पण
alignment 1. पांत या पंक्ति या पक्ष में आना, सीध मिलाना, समरेखण 2. दल में मिलना
alimony गुजारा, भरण पोषण का खर्चा (पत्नी के पृथक् होने पर पति से प्राप्य)
alive जीवित, सजीव, जिन्दा, जीता जागता, चौकस
be alive to पता या खबर रखना, सचेत होना, जानना, समझना
alkali क्षार
all सब, कुल, सारा, पूरा, बिल्कुल, समूचा, निरा, सब कुछ, अखिल, सर्व, सकल, कुल
all along बराबर, लगातार, पहले से, हमेशा से, सदा से
all and sundry सब मिलाकर और अलग-अलग

all around सब ओर, चारों ओर, चारों तरफ़
all at once सहसा, एकाएक, एक साथ, एकदम, फ़ौरन
all in all सर्वेसर्वा, कर्ताधर्ता, सब कुछ
all india अखिल-भारतीय
all india institute of medical sciences अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्था या संस्थान
all india variety programme of A. I. R. आकाशवाणी का विविध भारती कार्यक्रम
all of a sudden सहसा, अकस्मात्, अचानक, एकाएक
all over सर्वत्र, सब कहीं, सारे में
be all over समाप्त होना, अन्त होना, ख़त्म हो जाना, चौपट हो जाना, हो चुकना
allay शांत करना, कम करना, घटाना, हल्का करना, धीमा करना
allegation अभियोग, आरोप, दोष, इल्ज़ाम, दावा, कहना, बयान
allege अभियोग लगाना, आरोप लगाना, इल्ज़ाम लगाना, कहना, बयान करना, दावा करना
alleged कथित
allegiance निष्ठा, राज्यभक्ति, वफ़ादारी, अधीनता
allegory दृष्टान्त, रूपक
allergic अतिसंवेदनशील
allergy एलर्जी, अतिसंवेदनशीलता, अनुकूल न होना, मुआफ़िक न पड़ना
alleviate कम करना, घटाना, हल्का करना, धीमा करना, शांत करना, आराम पहुंचाना
alliance मैत्री, कूटमैत्री, गठबंधन, मेल, संगठन, संधि, संबंध, विवाह
allied सम्बद्ध, सम्बन्धित
allied powers मित्र राष्ट्र
allocate बांटना, विभाजित करना, वितरण करना, देना, नियत करना
allocation बंटवारा, बांट, विभाजन, भाग
allopathy एलोपैथी, डाक्टरी

allot बांटना, भाग देना, हिस्सा देना, निर्दिष्ट करना, अलाट करना
allotment विभाजन, बंटवारा, हिस्सा, नियतन, बांट, भाग
allow अनुमति देना, इजाज़त देना, मानना, होने देना, स्वीकार करना, गुंजाइश रखना
allowance वृत्ति, वज़ीफ़ा, भत्ता, ऐलाउंस
make allowance for गुंजाइश रखना, स्थान छोड़ना, जगह रखना, ख़्याल रखना
alloy धातुओं का मेल, मिश्रधातु, खोट, मिलावट
allude संकेत करना, इशारा करना, उल्लेख करना, हवाला देना
allure प्रलोभन देना, लुभाना
allurement प्रलोभन, लालच, आकर्षण
allusion संकेत, इशारा, उल्लेख, हवाला, अन्तर्कथा
alluvial कछारी, मटियार
alluvial plain कछार, कछार भूमि
alluvial soil कछार वाली मिट्टी
ally मित्र, बंधु, सहकारी, साथी
almanac पंचांग, पत्रा, जंत्री
almost लगभग, प्रायः, क़रीब-क़रीब
alms भिक्षा, दान, भीख
along साथ-साथ, किनारे-किनारे, बराबर
alphabet वर्णमाला
already पहले से, अब तक
altar वेदी, बलिवेदी
alter बदलना, पलटना, परिवर्तित करना, काटछांट करना, फेरफार करना, सुधारना
alteration परिवर्तन, संशोधन, काटछांट, सुधार, रद्दो बदल, हेरफेर
altercation तकरार, विवाद, कहासुनी
alternate (*adj*) 1. हर दूसरा, बारी का, एक छोड़ कर 2. एवज़ी, वैकल्पिक
alternate (*v*) बारी-बारी से होना या करना या रखना

alternate delegate एवज़ी प्रतिनिधि, वैकल्पिक प्रतिनिधि
alternating current ए० सी०, प्रत्यावर्ती धारा
alternative तरीका, बदल, दूसरी सूरत, दूसरा तरीका, पक्षान्तर, दूसरा मार्ग, दूसरा रास्ता, विकल्प
alternative sources अन्य या वैकल्पिक सूत्र या साधन
altitude ऊंचाई
altogether सब, सब मिलाकर, समूचा, नितांत, सर्वथा, बिल्कुल, निरा, सरासर
altruism परोपकार की भावना, परोपकारिता, परार्थ
altruistic परोपकारी, निःस्वार्थी, निःस्वार्थ
alum फिटकरी
alumnus (*pl.* **alumni**) स्नातक
always नित्य, सर्वदा, सदा, हमेशा, हर समय, हर वक़्त, लगातार, बराबर
amalgam सम्मिश्रण, पारे के साथ मिलाई हुई धातु
amalgamate मिश्रित करना, मिलाना, मिलाकर एक करना, शामिल करना
amalgamation मिश्रण, मिलाना, मेल, एकीकरण
amass संचय करना, एकत्र करना, समेटना, इकट्ठा करना, ढेर लगाना, अंबार लगाना, जमा करना, बटोरना
amateur अव्यावसायिक, कलाप्रेमी, शौकिया
amaze चकित करना, विस्मित करना, अचम्भे में डालना, हक्का-बक्का करना, भौचक्का करना
amazement विस्मय, आश्चर्य, अचरज, अचंभा, हैरानी
ambassador राजदूत
ambassador extra-ordinary and plenipotentiary असाधारण राजदूत एवं पूर्णाधिकारी मन्त्री

amber अंबर
ambiguous गोलमोल, द्व्यर्थक, दोमानी, संदिग्ध, अस्पष्ट
ambiguity संदिग्धता, अस्पष्टता, पेच, फेर, लपेट
ambition आकांक्षा, उच्चाकांक्षा, महत्वाकांक्षा, लालसा, अभिलाषा, कामना, उमंग, धुन, हौसला
ambitious आकांक्षी, उच्चाकांक्षी, महत्वाकांक्षी, अभिलाषी, लंबे चौड़े इरादे बांधने वाला
ambulance रोगी वाहन, अस्पताली गाड़ी, एम्बुलेंस, चलता फिरता अस्पताल
ambulance corps एम्बुलेंस दल
ambush (*n*) घात, छिपाव
ambush (*v*) घात लगाना, सैनिकों का आक्रमण के लिए छिपा रहना
ameliorate सुधारना, अच्छा बनाना, बेहतर बनाना, उन्नत करना
amelioration सुधार, उन्नति, बेहतरी
amenable अनुकूल, जिम्मेवार, उत्तरदायी, जवाबदेह
amend संशोधन करना, सुधारना, ठीक करना, दुरुस्त करना, सही करना
make amends क्षतिपूर्ति करना, हरजाना या तावान देना, दंड भरना
amende honorable सार्वजनिक रूप से क्षमायाचना और क्षतिपूर्ति
amended form संशोधित रूप, सुधरा या सुधारा हुआ रूप, सुधरी या सुधारी हुई शक्ल
amendment संशोधन
amenity सहूलियत, सुख-सुविधा, आराम
amethyst जमुनिया, फ़ीरोज़ा
amiable प्रिय, मीठा, रुचिर, स्नेही
amicable मित्रतापूर्ण, मित्रों की भांति, दोस्ताना, आपसदारी का
amicably मित्रतापूर्वक, दोस्ती से, दोस्ताना तौर पर, आपसदारी से, मिलजुल कर
ammonia अमोनिया

ammunition गोला बारूद, युद्ध सामग्री

amnesia स्मृति नाश, स्मरण शक्ति का नष्ट होना

amnesty सरकार की ओर से आम माफी

amorality सदाचार निरपेक्षता

amorous कामुक, श्रृंगारी, रंगीला

amorphous आकारहीन

amount राशि, धनराशि, रकम, मात्रा, परिमाण

amphibian जल-थलचर जीव, जल थल दोनों से उड़ान ले सकने वाला विमान

amphibious जल-थल चर, जल और थल पर समान रूप से चलने वाला, उभयचारी

amphibious operations जल थल या समुद्र और खुश्की पर होने वाली युद्ध की कार्यवाहियां

amphitheatre रंगभूमि, रंगशाला, नाचघर, अखाड़ा

ample विपुल, प्रचुर, विशाल, बड़ा, भारी

amplification बढ़ाना, विस्तार करना, विस्तार, विस्तृत रूप

amplifier ध्वनि विस्तारक, भोंपू, लाउडस्पीकर

amplify बढ़ाना, विस्तार से कहना, ध्वनि विस्तार करना

amplitude विस्तार, विशालता, अधिकता, आयाम

amputate अंगच्छेदन करना, शरीर का हिस्सा काटना

amputation अंगच्छेद

amuck, amok उन्माद या भ्रांति की दशा में, पागल की भांति

amuse मनोरंजन करना, विनोद करना, जी बहलाना, दिल लगाना, जी खुश करना, बातों में रखना

amusement विनोद, मनोविनोद, आमोद, मनोरंजन परिहास, हंसी

anachronism काल गणना में भूल, दोष, समय से प्रतिकूल वस्तु

anaemia रक्त या खून की कमी, पीलापन

anaesthesia संज्ञाहीनता, बेहोशी, शरीर के किसी भाग का सुन्न होना, अवसन्नता

anaesthetic (*adj, n*) चेतनाशून्य करने वाली औषध, बेहोशी की दवा, सुन्न करने वाली दवा

analogous सदृश, एक समान, एक जैसा, अनुरूप

analogy सादृश्य, समानता, अनुरूपता, एक जैसा होना

analyse विश्लेषण करना, छानबीन करना, जांचना, अलग अलग करना

analysis विश्लेषण, जांच, छानबीन

analytical विश्लेषण संबंधी, विश्लेषणात्मक

anarchic शासन विहीन, अराजक, अराजकतापूर्ण

anarchism अराजकतावाद, अराजकता

anarchist अराजकतावादी

anarchy अराजकता, अव्यवस्था, गड़बड़ की हालत, कानून और शासन हीनता

anathema शाप, अभिशाप, जातिबहिष्कार

anatomy शरीर विज्ञान, शरीर रचना विज्ञान

ancestor पूर्वज, पुरखा, पितर

ancestral पैतृक, पूर्वजों का, पुश्तैनी, खानदानी

ancestry 1. वंशावली, पुरखा, पितर, खानदान पीढ़ी, पुश्त, कुल 2. उच्च खानदान, बड़ा घराना

anchor (*n*) लंगर

anchor (*v*) लंगर डालना

anchorage 1. लंगर डालने की जगह 2. लंगर का महसूल

ancient प्राचीन, पुराना, पुरातन, पहले जमाने का, पिछले जमाने का

ancillary पूरक, सहायक, उपसाधन, गौण, आनुषंगिक

angel 1. देवदूत, स्वर्गदूत, फरिश्ता 2. परी, हूर, अप्सरा

anger क्रोध, रोष, कोप, गुस्सा

angle (*n*) कोण, कोना

angle (*v*) कांटा डालना

angling मछली का शिकार, मछली पकड़ना

anguish दर्द, पीड़ा, कष्ट, परिताप, चिंता, व्यथा

angular 1. नुकीला 2. टेढ़ा, अशिष्ट

animal पशु, प्राणी, जानवर

animal breeding पशु प्रजनन, पशुओं की नस्ल बढ़ाना या पालना

animal fat चरबी, वसा

animal husbandry पशु पालन

animated जानदार, जीता जागता, सजीव, स्फूर्तिमय, स्फूर्त, अनुप्राणित, गर्मागर्म

animated cartoon चलता फिरता कार्टून

animosity शत्रुता, दुश्मनी, विरोध, वैर, लाग

animus अभिप्राय, भावना, द्वेष भावना

annals इतिहास, ऐतिहासिक अभिलेख, इतिवृत्त, वार्षिक वृत्तान्त

annex 1. मिला लेना, शामिल करना, अपने राज में मिला लेना, अधिकार कर लेना, हथिया लेना 2. नत्थी करना

annexation मिला लेना, शामिल करना, अधिकार करना, समावेश

annexe 1. परिशिष्ट, अनुबन्ध 2. मुख्य भवन के साथ लगी हुई इमारत, उपगृह, उपभवन

annihilate मिटा देना, अस्तित्व मिटाना, सत्ता नष्ट करना, नाश करना, मटियामेट करना, तहस नहस करना

annihilation सर्वनाश, प्रलय, विनाश, ध्वंस

anniversary वर्ष गांठ, बरसी, संवत्सरी, जयंती, वार्षिकोत्सव

annotate टीका या टिप्पणी या व्याख्या या भाष्य करना

annotator टीकाकार, व्याख्याकार, टिप्पणीकार, भाष्यकार

announce घोषित करना, एलान करना, सूचित करना

announcement घोषणा, एलान, सूचना, विज्ञप्ति

announcer घोषणा करने वाला, उद्घोषक

annoy सताना, तंग करना, परेशान करना, हैरान करना

annoyance परेशानी, झुंझलाहट

annual वार्षिक, सालाना

annual return वार्षिक विवरण

annuity वार्षिक वृत्ति, वार्षिकी

annul रद्द करना, मिटा देना, उठा देना

annulment रद्द करना, समाप्त करना

annunciation घोषणा, सूचना

anodyne पीड़ाहर, शूलहर

anomalous अनियमित, नियम विरुद्ध, बेकायदा

anomaly अनियम, नियम के विरुद्ध बात, नियम विरोध, बेकायदगी

anonymous गुमनाम, नामरहित

answer (*n*) 1. उत्तर, जवाब 2. बदला

answer (*v*) 1. उत्तर देना, जवाब देना 2. उपयुक्त होना, मेल खाना, ठीक बैठना 3. उत्तरदायी होना, जवाबदेह होना, जिम्मेदार होना

decisive answer निश्चयात्मक उत्तर

definite answer स्पष्ट उत्तर, निश्चित उत्तर, ठीक ठीक जवाब

evasive answer टाल मटोल का जवाब या उत्तर

plain answer स्पष्ट या सीधा जवाब

answerable उत्तरदायी, जवाबदेह, जिम्मेवार

antagonism वैर, विरोध, शत्रुता, दुश्मनी, प्रतिद्वन्द्विता

antagonise नाराज करना, दुश्मन बनाना, वैर मोल लेना, विरुद्ध कर लेना

antagonist प्रतिद्वन्द्वी, प्रतिपक्षी, विरोधी, शत्रु, दुश्मन

antagonistic विरोधी, विरुद्ध, प्रतिरोधी, प्रतिपक्षी, शत्रुता का

antarctic ocean दक्षिण ध्रुव महासागर

antecedent (*adj*) पहले का, पूर्ववर्ती

antecedents (*n*) पिछला हाल, पूर्ववृत्त

antedate पूर्वतिथि देना, पिछली तारीख डालना

antediluvian प्रलय से पहले का, दकियानूसी, बाबा आदम के जमाने का
antenatal जन्मपूर्व, जन्म से पहले का
anthem गीत, गान, तराना, स्तुतिगान
anthology संग्रह, संकलन, काव्यसंग्रह
anthropoid मानव जैसा, मानवाकार, वनमानुष
anthropology मानव विज्ञान
anti-aircraft विमानवेधी, विमानभेदी
anti-airgun विमानभेदी तोपें, विमान मार तोपें
anti-biotic ऐंटीबायोटिक, कीटाणुमारक या नाशक
antibody रोग प्रतिकारक, ऐन्टी बाडी
anticipate आशा रखना, आशा करना, प्रत्याशा करना, उम्मीद रखना, पहले से सोच रखना, पहले से तैयार रहना
anticipation आशा, उम्मीद, पूर्व धारणा, पेशबंदी
anti-clockwise वामावर्त, बाईं ओर घूमने वाला
anti-corruption भ्रष्टाचार विरोधी
anticyclone अंधड़, दबाव के कारण वायु का बाहर की ओर प्रवाह, प्रतिचक्रवात
antidote विषनाशक औषध, तोड़, काट, प्रतिकार
anti-erosion कटाव से रोकथाम करने वाला, भूमि का कटाव रोकने वाला
antifebrile ज्वरनाशक
anti-gas respirator गैस से बचाव करने वाला श्वासयंत्र
anti-inflationary मुद्रास्फीति निवारक, महंगाई कम करने वाला
antipathy विरोध, विद्वेष, वैर, अदावत, चिढ़
antiquarian (*adj, n*) पुरातन, प्राचीन, पुराना रूढ़िवादी, पुराविद्, पुरानी वस्तुओं का संग्रह करने वाला
antique (*adj, n*) पुराना, पूर्वकालीन, चिरन्तन, पुरातन, पुराकालीन, कदीमी, पुरातन अवशेष, पुरा वस्तु, पुरावशेष
antiquities प्राचीन वस्तुएं, पुरावशेष
anti-rabic पागल कुत्ते के काटे का विष नष्ट करने वाली औषध
anticeptic (*adj, n*) विषरोधी, पीपरोधी प्रतिरोधी, घाव पकने से रोकने वाली औषध, रोगाणु नाशक औषध
anti-social elements समाज विरोधी लोग या व्यक्ति या तत्व, समाज कंटक, गुण्डे
anti-tank टैंकभेदी, टैंकवेधी
anti-tank gun टैंकभेदी या टैंकमार तोप
anti-tank mines टैंक तोड़ सुरंगें, टैंक विध्वंसक सुरंगें
antithesis उलटा, विरोध, अर्थ विपरीतता
antitoxin कीटाणुविष नाशक
anvil निहाई
  on the anvil विचाराधीन, तैयारी में, परीक्षा की स्थिति में
anxiety चिंता, फिक्र, परेशानी, व्यग्रता, उत्सुकता
anxious चिन्तित, चिंतामग्न, व्याकुल, परेशान, व्यग्र, उत्सुक
anxiously अधीरता से, बेचैनी से, व्यग्रता से, उत्सुकता से
apart पृथक्, अलग, अलहदा, अलावा, एक तरफ
apartheid जातिभेद, रंगभेद, वर्णभेद, जातिपार्थक्य
apartment कमरा, कक्ष, कोठरी
apathy उपेक्षा, बेपरवाही, उदासीनता
ape 1. वानर, बिना पूंछ का वानर, लंगूर, गुरिल्ला चिंपांजी आदि 2. नकलची
ape (*v*) नकल करना
aperture छेद, छिद्र, झरोखा, सूराख, दरार
apex सिरा, शिखर, चोटी
apiculture मधुमक्खी पालन
apocryphal अप्रामाणिक, संदिग्ध, शंकापूर्ण, झूठा
apologize क्षमायाचना करना, क्षमा मांगना, माफी मांगना
apology 1. क्षमायाचना, क्षमा मांगना, माफी 2. सफाई, जवाब

apostasy धर्मत्याग, अपने धर्म, नियम और समाज को छोड़ देना
apostle प्रचारक, धर्म प्रचारक, समर्थक
apostolic internuncio पोप का दूत
apothecary अत्तार, औषधि विक्रेता, दवा बेचने वाला
appal डराना, भयभीत करना
appalling घोर, भयानक, भीषण, डरावना
apparatus उपकरण, सामग्री, सामान, औजार, साधन, यंत्र
apparel वेशभूषा, पहनावा, परिधान, वस्त्र, पोशाक
apparent 1. साफ, स्पष्ट, व्यक्त, प्रकट, जाहिर 2. ऊपरी, अवास्तविक
apparently स्पष्टतया, जाहिर में, देखने में
apparition 1. दिव्य दर्शन, दर्शन, आविर्भाव, उदय 2. आभास, छाया 3. रूप, आकृति, सूरत, शक्ल 4. पिशाच, प्रेत, भूत, साया
appeal पुनर्विचार की प्रार्थना, अपील, पुनरावेदन, अनुरोध, फरियाद
appear 1. दिखाई देना, जान पड़ना, मालूम होना, लगना 2. उपस्थित होना, जाहिर होना, प्रकट होना, सामने आना
appearance 1. रूप, शक्ल, भेस 2. दिखावा 3. उपस्थिति, हाजिरी, पेशी
  put in an appearance उपस्थित होना, प्रकट होना
  keep up appearances दिखावा बनाये रखना
  save appearances दिखावा बनाये रखना
appease शांत करना, मनाना, दिलासा देना, प्रसन्न करना, संतुष्ट करना, खुश रखना, झुकना
appellant अपील करने वाला, पुनरावेदक
appellate court अपील अदालत, पुनर्विचार का न्यायालय
appellate jurisdiction अपील सुनने का अधिकार, पुनर्विचार का अधिकार
append नत्थी करना, साथ लगाना, जोड़ना, टांकना
appendicitis उंडुकार्ति, अपेंडिसाइटिस
appendix 1. परिशिष्ट 2. उपांत्र, अपेंडिक्स
applaud प्रशंसा करना, सराहना, वाह वाह करना, ताली बजाना
applause जयजयकार, वाहवाह, हर्षध्वनि
applicable लागू, जो लग सके, मुनासिब
application 1. आवेदन पत्र, निवेदन पत्र, प्रार्थना पत्र, अर्जी, दरखास्त 2. प्रयोग, उपयोग
application form आवेदन पत्र, अर्जी का फार्म
applied 1. प्रयुक्त, लागू 2. व्यावहारिक, फलित
applied economic research व्यावहारिक आर्थिक शोध या अनुसंधान
apply 1. आवेदनपत्र देना, दरखास्त करना या देना 2. काम में लाना, इस्तेमाल करना, प्रयोग करना, उपयोग करना 3. लागू होना या करना
appoint नियुक्त करना, बनाना, निश्चित करना, निर्धारित करना
appointment नियुक्ति, तैनाती, बनाया जाना, मिलने का वायदा
apportion बांटना, भाग देना, हिस्सा देना
apportionment विभाजन, भाग, बांट, हिस्सा
apposite योग्य, संगत, यथासंगत, उचित, दुरुस्त
appraise मूल्यांकन, मूल्य आंकना, आंकना, जांचना, अंदाजा लगाना
appraiser मूल्य आंकने वाला
appreciable विशेष, खास, खासा, उल्लेख्य, बताने के लायक, आंकने लायक
appreciably खास, काफी, विशेष रूप से
appreciate 1. गुण पहचानना, कद्र करना, दाद देना, मानना 2 समझना, महसूस करना 3. भाव बढ़ाना या बढ़ना, महंगा करना या होना
appreciation 1. प्रशंसा, कद्र, दाद, मान 2. समझना 3. मूल्य वृद्धि, भाव बढ़ाना, बढ़ना, बढ़ती
appreciation of money मुद्रा के मूल्य में वृद्धि

apprehend 1. आशंका करना, डरना 2. पकड़ना, गिरफ्तार करना 3. समझना बूझना

apprehension आशंका, भय, डर, खटका 2. पकड़ना, पकड़ा जाना, गिरफ्तारी 3. समझबूझ

apprentice काम सीखने वाला, अप्रैंटिस, शिक्षार्थी, शागिर्द

apprenticeship प्रशिक्षणकाल, काम सीखने की अवधि, एप्रैंटिसी

apprise जताना, खबर देना, सूचित करना, इत्तिला देना

approach (*v*) निकट या समीप या पास आना, बातचीत करना, प्रस्ताव करना, मिलता जुलता होना, लगभग होना

approach (*n*) 1. मार्ग, राह, गुजर, पहुंच, रसाई 2. ढंग, दृष्टिकोण

approbation अनुमोदन, स्वीकृति, मंजूरी, सहमति, प्रशंसा

appropriate (*adj*) ठीक, उचित, मुनासिब

appropriate (*v*) 1. अपनाना, हथिया लेना, अपने अधिकार में कर लेना, दाब रखना 2. मद में डाल देना, खास काम के लिए अलग कर देना

appropriation 1. खास काम के लिए अलग करना, निमित्त करना, विनियोग 2. मद, रकम

appropriation (s) bill विनियोग विधेयक, खर्च की मंजूरी का बिल, संचित निधि से रुपया निकलवाने का बिल

approval स्वीकृति, अनुमोदन, मंजूरी, पसंद

approve स्वीकार करना, अनुमोदन करना, मानना, पसंद करना, पास करना

approver इकबाली गवाह, सुलतानी गवाह, राजसाक्षी

approximate लगभग, करीब करीब

appurtenances संबंधित वस्तुएं

apron चोगा, लबादा, पेटबा, एप्रन

apt उपयुक्त, उचित, ठीक, योग्य, लायक, काबिल

aptitude योग्यता, क्षमता, लियाकत, काबलियत, रुझान, रुचि

aptitude test रुचि परीक्षा

aqueduct नाली, जलमार्ग, जलप्रणाली

aquiline सुए की नाक जैसी, उकाब के समान

arable खेती के योग्य, जोतने के योग्य

arbitrarily अनियमित रूप से, निरंकुश ढंग से, मनमाने तौर पर

arbitrary अनियमित, बेकायदा, मनमाना, निरंकुश

arbitrate पंच निर्णय या पंच फैसला करना, मध्यस्थता करना

arbitration पंच फैसला, पंच निर्णय, मध्यस्थता

arbitration tribunal पंच अदालत

arbitrator पंच, मध्यस्थ, निर्णायक

arch मेहराब, चाप

archaeologist पुरातत्ववेत्ता, पुराविद्

archaeology पुरातत्व, पुरातत्व शास्त्र, पुराविद्या

archaic पुराना, प्राचीन, पुरातन

arch-enemy परम शत्रु

archipelago द्वीप समूह

architect स्थपति, वास्तुविशारद, वास्तुकार, वास्तुशास्त्री, शिल्पी, शिल्पकार, निर्माता, मेमार

architecture वास्तु विद्या, वास्तुकला, स्थापत्य

archives पुरालेख, पुरालेख संग्रहालय

arctic ध्रुव या उत्तर ध्रुवप्रदेशी, अतिशीत

arctic region ध्रुव प्रदेश, उत्तर ध्रुव प्रदेश

ardent 1. उत्कट, प्रबल, प्रखर, सरगर्म 2. प्रचंड, तेज, व्यग्र

ardour धुन, लगन, उत्साह, उत्सुकता, ललक

arduous कठिन, मुश्किल, दुष्कर, विकट, सख्त, आयासपूर्ण

area क्षेत्र, क्षेत्रफल, इलाका, प्रदेश

arecanut सुपारी

arena अखाड़ा, दंगल, मैदान, कार्य क्षत्र, युद्ध-स्थल, रंगभूमि

argue वादविवाद करना, बहस करना, तर्क करना, शास्त्रार्थ करना, तर्क वितर्क करना, दलील देना, दावा करना, हुज्जत करना, आपत्ति करना, उलझना, सिद्ध करना, पक्ष समर्थन करना

argument तर्क, दलील, युक्ति, वादविवाद, बहस

arid land खुश्क या झुलसा हुआ प्रदेश, अनुर्वर या ऊसर या मरुभूमि, जलहीन भूमि, वीरान

aristocracy 1. अभिजात वर्ग 2. अभिजाततंत्र, कुलीन तन्त्र

aristocrat कुलीन, अभिजात

aristocratic अभिजात वर्ग का, कुलीन, ऊंचे कुल वालों जैसा, अमीराना

arithmetic अंकगणित

arithmetic progression समान्तर वृद्धि

arm (*n*) 1. बांह, भुजा 2. हथियार, शस्त्र, बल

arm (*v*) हथियार बंद होना या करना, हथियार से लैस होना, हथियार सजाना

bear or take up arms शस्त्र धारण करना, हथियार उठाना, शस्त्र सजाना, सैनिक बनना

lay down arms हथियार डालना, हथियार रख देना, हार मानना

be up in arms युद्ध या लड़ाई के लिए उठ खड़े होना, लड़ने पर उतर आना, सशस्त्र विद्रोह करना

with open arms खुले दिल से, सच्चे दिल से, हृदय से, मित्रतापूर्वक

armada नौ बेड़ा, जंगी जहाज़ों का बेड़ा

armageddon प्रलयंकर महायुद्ध

armaments शस्त्रभंडार, हथियार, युद्ध के उपकरण

armed सशस्त्र, शस्त्रधारी, हथियारबंद

armed forces सेना, सशस्त्र सेना, सशस्त्र बल

armed neutrality सशस्त्र तटस्थता

armed uprising सशस्त्र विद्रोह

armistice विराम संधि, युद्ध विराम.

armlet 1. बाज़ूबन्द 2. नदी या समुद्र की छोटी शाखा

armour कवच, बख्तर

armour-plated बख्तरबंद, कवचयुक्त, लोहे से मढ़ा हुआ

armoured कवचयुक्त, कवचधारी, बख्तरबंद

armoured strength बख्तरबंद फौज

armoured vehicle बख्तरबंद गाड़ी, यान

armoury शस्त्रागार, हथियारघर

army सेना, फौज, थल सेना

army chief of staff स्थल सेनाध्यक्ष

army headquarters स्थल सेना का प्रधान कार्यालय

aroma सुगंध, सुवास, महक

arraign दोष लगाना, अभियोग लगाना, आक्षेप करना

arraignment अभियोग, आक्षेप, आरोप

arrange 1. सजाना, संवारना, ठिकाने से रखना, सरियाना, कतार बांधना, तरतीब देना, क्रमबद्ध करना 2. तैयारी करना, उपाय करना, प्रबंध करना, इंतजाम करना 3. तय करना, चुकाना, निबटाना

arrangement 1. क्रम, तरतीब 2. प्रबंध, इंतजाम, बंदोबस्त, तैयारी 3. निबटारा, व्यवस्था, निर्णय

array (*n*) रचना, विन्यास, क़तार, सफ़बंदी, जमघट, लश्कर, फ़ौज, सेना

array (*v*) व्यूह रचना, लाइन या कतार बांधना, तरतीब देना, ठीक करना, सजना सजाना

arrears बाकी, बकाया, शेष, बचा हुआ

in arrears पिछड़ा हुआ, देनदार

arrest गिरफ्तारी, रोक, गिरफ्तार करना, बंदी बनाना, पकड़ना, रोकना

arrival पहुंच, पहुंचना, आना, आगमन

arrive पहुंचना, आना, आ जाना

arrogance अभिमान, घमंड, हेकड़ी, धृष्टता, अक्खड़पन, उद्धतपन, गुस्ताखी

arrogant अभिमानी, घमंडी, हेकड़, धृष्ट, उद्धत, अक्खड़, गुस्ताख़, अहंकारी, उद्दंड

arrogate बेजा दावा करना, अनधिकार चेष्टा करना, किसी वस्तु पर झूठा दावा करना, मिथ्या अभिमान करना, दुराग्रह करना

arrow बाण, तीर

arsenal शस्त्रागार, हथियारघर

arsenic संखिया

arson आग लगाना, आतशज़नी

art 1. कला, शिल्प, हुनर, कारीगरी 2. कौशल, चतुराई, चाल

art gallery कला शाला, कला वीथि, आर्टगैलरी

art objects कला की वस्तुएं, कलाकृतियां

art silk नकली रेशम

art treasures कला निधियां

arts and crafts कला और दस्तकारी

arts faculty सामान्य शिक्षा प्रभाग, कला संकाय, कला प्रभाग

artery धमनी, नाड़ी

artesan well नल कूप, पाताल फोड़ कुआं, ऐसा कुआं जिससे पानी फ़व्वारे की तरह बाहर निकलता है

article (*n*) 1. वस्तु, चीज, सामग्री 2. अनुच्छेद, धारा, दफ़ा 3. लेख

articles of association संस्था के नियम, ज्वाइंट स्टाक कंपनियों के प्रबंध-संबंधी नियम

articles of faith धर्मतत्व, धर्म सिद्धान्त

artifice छल, युक्ति, चाल, चालाकी, कारीगरी तरकीब, तदबीर

artificial कृत्रिम, बनावटी, नकली, झूठा, अवास्तविक

artificial earth satellite पृथ्वी का कृत्रिम उपग्रह, कृत्रिम भू उपग्रह

artificial fertilizer रासायनिक खाद

artificial insemination कृत्रिम गर्भाधान

artificial respiration श्वास धौंकना, कृत्रिम श्वास क्रिया

artificial wages दिखावटी या अवास्तविक वेतन या मजदूरी या मजूरी

artillery तोपखाना, तोपखाने की सैनिक टुकड़ी

artisan कारीगर, शिल्पी, दस्तकार, कलाकार

artist कलाकार, शिल्पी, कलावंत

artistic and aesthetic appeal कलात्मक और सुरुचिपूर्ण आकर्षण, कला और सौन्दर्य

artistic work कलाकृति

ascend चढ़ना, उठना, ऊंचा होना, गद्दी पर बैठना, आरोहण करना

ascendancy प्रभुत्व, प्रभुता, प्राधान्य, प्रधानता, गौरव, दबदबा, बोलबाला

ascent चढ़ाई, उठान, आरोहण

ask for trouble कष्ट को निमंत्रण देना, मुसीबत मोल लेना

aspect पहलू, ओर, तरफ़, रूप, आकृति, सूरत, अंग, पक्ष, दृष्टिकोण

aspersion लांछन, कलंक, अपवाद, तोहमत. छींटाकशी

asphalt डामर, असफाल्ट

asphyxia दम घुटना, सांस घुटना, लम्बी मूर्छा या बेहोशी

aspire आकांक्षा करना, अभिलाषा करना, चाहना, लौ लगाना, इरादे बांधना, उम्मीद बांधना, कामना करना

aspiration आकांक्षा, अभिलाषा, कामना, चाह

assail आक्रमण करना, हमला करना, धावा करना, चढ़ाई करना, चोट करना, आक्षेप करना

assailable आक्रमण योग्य, भेद्य, हमले के काबिल, जिस पर आक्षेप किया जा सके

assailant आक्रमणकारी, हमला करने वाला, चढ़ाई करने वाला, प्रहार करने वाला

assassin हत्यारा, खूनी, घातक, घाती

assassinate हत्या करना, खून करना, घात से मारना, छुप कर मारना

assassination हत्या, वध, घात, कत्ल, खून

assault (*n*) धावा, चढ़ाई, आक्रमण, हमला, प्रहार, मार-पीट

assault (*v*) धावा बोलना, चढ़ाई करना, आक्रमण करना, हमला करना, प्रहार करना, वार करना, पीटना, टूट पड़ना

criminal assault बलात्कार

assay परीक्षा करना, परखना, कसौटी पर चढ़ाना

assemblage of train डिब्बों को जोड़ना या इकट्ठा करना

assemble इकट्ठे होना, जमा होना, जुटना, हिस्सों को जोड़ना

assembly 1. सभा, जनसमूह 2. विधान सभा

assembly plant हिस्सों को जोड़ने का कारखाना

assent अनुमति, स्वीकृति, मंजूरी

assert कहना, निश्चित रूप से कहना, जोर देकर कहना, दृढ़ता से कहना, दावा करना

assertion दावा, बयान, निश्चित मत, कहना

soft currency सुलभ मुद्रा
hard currency दुर्लभ मुद्रा
currency note कागजी रुपया या मुद्रा, नोट
current (*adj*) प्रचलित, चालू, वर्तमान, मौजूदा, माना हुआ
current (*n*) धारा, प्रवाह, बहाव, विद्युत्धारा
current account चालू खाता
current deposit चालू जमा
current market prices चालू या वर्तमान बाजार दर या भाव
current year चालू वर्ष
curriculum पाठ्यक्रम, पाठ्य विषय
curse (*n*) शाप, धिक्कार, मार
curse (*v*) शाप देना, कोसना, धिक्कारना, बद-दुआ देना, लानत भेजना
cursory सरसरी, चलता हुआ, जल्दी से, तेज़
cursory glance सरसरी नज़र या दृष्टि
curt संक्षिप्त, रूखा, तीखा, उपेक्षापूर्ण
curtail कटौती, काटछांट, काटना, छांटना, कम करना, घटाना, संक्षिप्त करना
curtailment कम करना, संक्षिप्त करना, काटना
curtain पर्दा
curvature गोलाई
curve (*n*) वक्र रेखा, गोलाई, मोड़, बांक, बल
curve (*v*) टेढ़ा करना, मोड़ना
cusecs क्यूसेक, घनफुट प्रति सैकंड
cushion गद्दा, मसनद, तोशक
custodian रक्षक, अभिरक्षक, संरक्षक, रखवाला, निगरानी करने वाला, निगहबान
custodian of evacuee property निष्कांतों की संपत्ति के संरक्षक
custody 1. हिरासत, हवालात, बंधन 2. रक्षा, रखवाली, देखभाल, निगरानी
custody of court अदालत की निगरानी या संरक्षण
custom 1. रिवाज, प्रथा, व्यवहार, चलन, रीति, ढंग, तरीका 2. गाहकी, खरीदारी, बिक्री
customs शुल्क, सीमा शुल्क, बहिःशुल्क, आयात-कर, निर्यातकर
custom duty सीमा शुल्क, आयात कर, निर्यात कर
custom frontier शुल्क सीमान्त
custom-house सीमा शुल्क चौकी
customs port सीमाशुल्क पत्तन या बन्दरगाह
customs tariff सीमाशुल्क सूची
customs union सीमाशुल्क संघ, दो या अधिक देशों का परस्पर सीमाशुल्क न लेने का करार
customary 1. प्रचलित, साधारण, मामूली, आम 2. रिवाजी, देस चाल संबंधी
customary dignity and decorum प्रथागत मानमर्यादा
customary law रिवाजी कानून, परम्परागत कानून
customer गाहक, ग्राहक
cut (*n*) 1. काटछांट, कटाव, कटौती, काट 2. घाव, जख्म, चीरा
cut (*v*) काटना, कटौती करना, उड़ा देना, टुकड़े करना, खंड खंड करना
cut off (*adj*) अलग, अलग थलग

cut off (*v*) कट जाना, अलग कर देना, काट देना
cut motion कटौती का प्रस्ताव
cut-throat competition घातक प्रतियोगिता, लागडांट की प्रतियोगिता, गलाकाट मुकाबला
cutlery छुरी कांटा
cycle 1. दौर, युग, सिलसिला 2. चक्कर, चक्र, वृत्त, दायरा, घेरा, मंडल
cyclone अंधड़, झंझावात, आंधी, बवंडर, चक्रवात, बगूला
cyclonic rain अंधड़ के साथ वर्षा
cyclonic storm अंधड़ तूफान
cylinder बेलन, सिलेंडर
cynic सनकी
cynosure ध्रुवतारा, आकर्षणकेन्द्र

D

dabble 1. गीला करना, थोड़ा डुबाना 2. छप-छप करना, छींटाछांटी करना 3. अल्प प्रयत्न करना, सरसरी तौर पर करना
dacoity डकैती, डाका
dagger कटार, कटारी, कृपाण, छुरी
daily (*adj*) दैनिक, प्रतिदिन का, नित्य का, रोज का, रोजाना
daily (*adv*) रोज, प्रतिदिन, दिन पर दिन, नित्य, रोजाना
daily (*n*) दैनिक समाचार पत्र
daily allowance दैनिक भत्ता
dainty स्वादु, रुचिकर, मजेदार, सुरुचिपूर्ण, मनमोहक
dairy गोशाला, दुग्धशाला, डेयरी
dairying दूध व्यवसाय
dais मंच, चबूतरा
dak bungalow डाक बंगला
dam (*n*) बंध, बांध, पुश्ता
dam (*v*) बांध बांधना, पुश्ता लगाना, बांधना, रोकना, बंद करना
dam site बांध की जगह, बांध स्थल
damage (*n*) हानि, क्षति, घाटा, नुकसान, हरजाना
damages हानिपूर्ति, क्षतिपूर्ति, दंड, हरजाना तावान
damage (*v*) नुकसान करना या पहुंचाना, खराब करना, तोड़फोड़ करना
damn 1. लानत भेजना, निन्दा करना, धिक्कारना 2. नरक में भेजना
damnable 1. निन्दनीय, धिक्कार योग्य, लानत योग्य 2. घिनौना, घृणित 3. नरक योग्य
damnatory निन्दात्मक, घृणास्पद
damnify क्षति पहुंचाना, नुकसान पहुंचाना
damning धिक्कारने वाला, फटकार भरा, चौपट करने वाला, घातक
damning evidence अपराध सिद्ध कर देने वाली साक्षी या गवाही
damp (*adj*) गीला, भीगा या सीला हुआ, नम, आर्द्र
damp (*n*) 1. नमी, सील, आर्द्रता, गीलापन 2. उदासी, निराशा
damp (*v*) 1. गीला करना, भिगोना 2. हिम्मत तोड़ना, हताश करना, जी बुझाना, उदास होना या करना, ढीला या ठंडा पड़ना, मुरझाना
damp proof सील से बचाने वाला, सील रोक, नमी रोक
dance (*n*) नाच, नृत्य
dance (*v*) नाचना, नृत्य करना

dancer नर्तक, नर्तकी, नट, नटी, नाचने वाला, नाचने वाली
danger भय, आशंका, डर, खतरा, खटका, अंदेशा, आपदा, संकट, जोखम
dangerous भयंकर, भयानक, संकटमय, खतरनाक, खतरे का, जोखम का, अंदेशे का
dangerous building गिराऊ इमारत, ऐसा भवन जो किसी समय ध्वस्त हो सकता हो
dangle लटकना, लटकाना, झूलना, झुलाना, हिलना डुलना, पीछा करना, पीछे पीछे फिरना
dare साहस करना, हिम्मत करना जोखम उठाना, जोखम में पड़ना, सामना करना, ललकारना
daredevil निडर, निर्भीक, बेधड़क, बहादुर, साहसिक, साहस का पुतला, जीवट का
dark 1. अंधेरा, अंधकारमय, निराशापूर्ण, घनघोर, उदास, सूना 2. गहरा, अज्ञात, नामालूम, अप्रसिद्ध 3. श्याम, सांवला, काला 4. घना 5. बुरा, मनहूस
be in the dark अंधेरे में होना, अनभिज्ञ या अनजान या बेखबर होना, पता न होना
keep in the dark प्रकट न करना, छिपा रखना, अंधेरा रखना, भेद न खोलना, छुपे रहना, न बताना, पता न देना, अंधेरे में रखना
dark room अंधेरा कमरा, फोटो बनाने का कमरा
dash (*n*) 1. साहस, जोश, स्फूर्ति, फुर्ती, तेजी 2. धावा, हल्ला, झपट, दौड़, टक्कर 3. दिखावा, शान 4. लकीर, डैश
dash (*v*) 1. पटकना, टुकड़े टुकड़े करना, नष्ट करना 2. हिम्मत तोड़ना, हताश करना 3. तेज़ दौड़ना, लपकना, झपटना, टकराना
data सामग्री, आंकड़े, स्वीकृत तत्व, तथ्य
date (*n*) 1. तिथि, दिनांक, तारीख, मिति, दिन, ज़माना 2. खजूर
date (*v*) 1. तारीख डालना 2. शुरू होना, चला आना, पुराना पड़ जाना
out of date अप्रचलित, पुराने ज़माने या ढंग या ढर्रे या फैशन का, पुरानी चाल का, दक़ियानूसी, बेकार, खूसट
up-to-date (*adj*) आज तक का, चालू ... से नया, नये चलन का, ताज़ा, आधुनिक, न...
up to date (*adv*) आज तक, अब तक
date of release प्रकाशन तिथि
dated पुराना पड़ जाने वाला, तिथि का
dateless तिथि रहित
date stamp दिनांक मुहर
daughter पुत्री, बेटी, लड़की, कन्या
daunt 1. हतोत्साह करना, साहस भंग करना, हिम्मत तोड़ना 2. डराना, दहलाना, ठिकाना... डांटना, आतंकित करना
dauntless निर्भय, निडर, निःशंक, बेधड़क, ... हिम्मत वाला
dawn (*n*) 1. सवेरा, तड़का, प्रातःकाल, उ... उषाकाल, प्रभात, भोर 2. आरम्भ, सूत्रपात
dawn (*v*) 1. प्रकट होना, मालूम होना, खु... शुरू होना 2. पौ फटना
day दिन, दिवस, वार, रोज़, समय, काल, ... युग
day by day प्रतिदिन, दिन पर दिन, नित्य ...
solar day सौर दिन
day-book कच्ची रोकड़, दैनिक खाता
daybreak प्रभात, तड़का, पौ फटने का समय
day labourer रोज़न्दार, दैनिक श्रमिक, दिहा... पर मजदूर
days of grace रियायत के दिन, छूट के दिन, मुहलत के दिन
day of reckoning लेखाजोखा करने का दिन, कयामत का दिन
day wage दिन की या रोजाना मजूरी
day-to-day दिन प्रति दिन का
daylight प्रकाश, रोशनी, दिन का प्रकाश, दि... रोशनी, सुबह, सुबह की रोशनी
in broad daylight दिन दहाड़े, खुल्लम खु...
daze (*n*) घबराहट, हैरानी, चकाचौंध
daze (*v*) घबरा देना, परेशान करना, हक्का बक्का करना, चकित करना, चौंधियाना

dazzle (*n*) चकाचौंध, जगमगाहट, दमक, चमक दमक, तड़क भड़क
dazzle (*v*) चकाचौंध करना, चौंधियाना, चकरा देना
dead (*adj*) 1. भूत, मरा हुआ, मुर्दा, सुन्न, बेजान, निष्प्राण, निर्जीव 2. बीता हुआ, गुज़रा हुआ, पुराना, निकम्मा, बुझा हुआ 3. घोर
dead (*adv*) बिल्कुल, पूर्णतया
dead (*n*) मृतक, मुर्दा
at dead of night आधी रात को, काफ़ी या बड़ी रात गये, रात के सन्नाटे में
dead account बंद खाता
dead body मृत शरीर, शव, लाश
dead freight जहाज़ में भाड़ेदार द्वारा दिया गया खाली जगह का भाड़ा
dead head बेभाड़ा यात्री
dead letter 1. लापता पत्र 2. ऐसा निर्देश जिस पर अमल न हो रहा हो
dead letter office लापता चिट्ठियों की जांच का कार्यालय, डेडलैटर आफिस
dead line अन्तिम तिथि, आखरी हद
deadlock गतिरोध, अटकाव, उलझाव, ज़िच
dead loss पूरा घाटा
dead stock रहतिया माल, न बिकने वाला माल
dead weight बोझ मात्र
deadly घातक, प्राणघातक, जान लेवा, कारी, भीषण, भयंकर, अत्यधिक
deaf 1. ऊंचा सुनने वाला, बहरा 2. सुनी अनसुनी करने वाला, उपेक्षापूर्ण, बेपरवाह
deal (*n*) 1. सौदा, लेनदेन, क्रय-विक्रय 2. मात्रा 3. बांट 4. बर्ताव
deal (*v*) 1. बर्ताव करना, व्यवहार करना, बरतना, मेलजोल रखना 2. लेनदेन करना, व्यापार करना 3. देना, बांटना, निबटना, संभालना
dealer व्यापारी, विक्रेता, कारोबार करने वाला, सौदागर
dealing (*s*) 1. कार्य, व्यवहार, काम, वास्ता 2. व्यापार, क्रय-विक्रय, लेनदेन
dealing in futures सट्टा, सट्टा लगाना, वायदे का सौदा करना
dean मुख्याचार्य, डीन
dear 1. बहुमूल्य, मूल्यवान, मंहगा, कीमती, अनमोल 2. प्रिय, प्यारा
dear money मंहगी मुद्रा, ऊंचे व्याज का धन
dearness मंहगाई, मूल्यवृद्धि
dearness allowance मंहगाई भत्ता
dearth कमी, तंगी, किल्लत, टोटा, अभाव
death मृत्यु, मौत, देहांत, परलोकवास, अन्त, मरना, बीत जाना, गुजर जाना
death duty मरण-शुल्क, मृत्युकर, मृतक व्यक्ति की जायदाद पर लगने वाला कर
death rate मृत्यु अनुपात, जनसंख्या और मृत्यु संख्या का अनुपात
death sentence मृत्युदंड, मौत की सजा
death warrant मृत्युदंड आज्ञापत्र, मौत का परवाना
debacle विध्वंस, असफलता, पतन, गहरी हार, उथल-पुथल, उलट-पलट, आकस्मिक परिवर्तन, गड़बड़, भगदड़
debar रोकना, रोक लगाना, प्रतिबंध लगाना, वंचित रखना, बहिष्कार करना, निकाल देना, अलग रखना, दूर रखना, प्रवेश वर्जित करना, न होने देना
debark (जहाज़ आदि से) उतारना या उतरना
debase 1. भ्रष्ट करना, पतित करना, बेइज्जत करना, गिराना 2. खोट मिलाना, मिलावट करना
debatable matter विवाद का विषय
debate (*n*) बहस, वादविवाद, विचार, सोचविचार, तर्कवितर्क, हुज्जत, झगड़ा, डिबेट
debate (*v*) बहस करना, वादविवाद करना, तर्क करना, सोचविचार करना, झगड़ना
debenture ऋणपत्र, व्यापारिक ऋणपत्र
debility दुर्बलता, अशक्तता, कमज़ोरी

debit नाम डालना, नाम खाते डालना, खर्च में डालना या लिखना

debris मलवा, कंकर पत्थर आदि का ढेर, कूड़ा करकट, अवशेष

debt 1. ऋण, उधार, कर्जा, देन 2. अनुग्रह, आभार

national debt राष्ट्रीय ऋण

public debt सार्वजनिक ऋण, राष्ट्रीय ऋण

debt repatriation कर्जे की देस वापसी, ऋण का प्रत्यावर्तन

debtor कर्जदार, ऋणी

debunk पर्दा फाश करना, झूठी भावना को खत्म करना, भंडाफोड़ करना

debut प्रथम प्रवेश, सार्वजनिक रूप से प्रथम बार आगे जाना

decade दशाब्दी, दस बरसी, दस वर्ष

decadence अवनति, अधोगति, क्षय, ह्रास, पतन, गिरावट

decamp भागना, भाग जाना, फ़रार होना, गायब होना, चुपचाप चल देना

decant निथारना, निथार

decantation निथारना

decapitation शिरच्छेद

decapitate सिर काटना, सिर उड़ाना, गरदन मारना

decasualization स्थायी करना

decay (*n.*) क्षय, ह्रास, गिरावट, गिरी हुई हालत, पतन, बरबादी, सड़ना

decay (*v*) ह्रास होना, क्षय होना, क्षीण होना, जीर्ण होना, गिरना, टूटना, पुराना होना, सड़ना, मिटना, घटना, तबाह होना

decease मृत्यु, देहांत

deceased मृत, दिवंगत, परलोक वासी

deceit वंचना, धोखा, छल, कपट, विश्वासघात

deceitful वंचक, धोखेबाज, छली, कपटी, कपटपूर्ण

deceive वंचना करना, धोखा देना, छलना

deceiver वंचक, ठगनेवाला, धोखेबाज, ठग, छलिया

decency 1. शिष्टता, भलमनसाहत, विनय, मर्यादा, शालीनता, लज्जा, शर्म 2. सुथरापन, अच्छाई, सफाई, औचित्य, उपयुक्तता

decennary दस वर्षों का, दशवार्षिक, दसवार्षि समारोह

decennial दसवार्षिक

decent 1. शिष्ट, विनीत, विनयशील, भद्र, भल अभिजात, शरीफ़ 2. साफ सुथरा, अच्छा 3. उपयुक्त, उचित, मुनासिब 4. लज्जावान्

decentralization 1. स्थानीय संस्थाओं को श अधिकार सौंपना 2. विकेन्द्रीकरण, केन्द्र से हटा बिखेरना, फैलाना

democratic decentralization पंचायत राज लोकतन्त्रीय विकेन्द्रीकरण

decentre विकेन्द्रित करना

deception धोखा, कपट, छल, पाखंड, दांव, च

deceptive धोखे में डालने वाला, भुलावा देने वाला, छलपूर्ण, भ्रामक

decide निश्चय करना या होना, निर्णय करना होना, फैसला करना या होना, तय करना या हो ठान लेना, निबटाना

decide on the merits गुण-दोष के आधार पर निश्चय करना

decided निश्चित, निर्णीत, तय, माना हुआ, स स्पष्ट, दृढ़, पक्का, अटल

decidedly निश्चित रूप से, अवश्य ही, जरूर, स्पष्टतया, बेशक

decimal 1. दाशमिक 2. दशमलव

decimal coinage सिक्के की दशमलव पद्धति, दाशमिक पद्धति के सिक्के

decimal system दशमलव पद्धति या दाशमिक पद्धति

decipher गूढ़ लेख को स्पष्ट करना या पढ़ना, मालूम करना, हल कर लेना, खोज निकालना, लगाना

decision 1. निर्णय, निश्चय, फैसला, निबटारा 2. पक्की राय

decisive निश्चयात्मक, निर्णयात्मक, निर्णायक, निश्चायक, दो टूक, अंतिम, अटल, सोचा समझा

deck डेक, जहाज की छत

deck crew खलासी लोग, डेक के कर्मचारी

deck passenger डेक पर का यात्री

declaim भाषण देना, निंदा करना

declamation अलंकारपूर्ण वक्तृता या भाषण, वाक्चातुर्य, शब्दपांडित्य, लफ्फाजी

declaration घोषणा, घोषणापत्र, ऐलान, विज्ञप्ति

declare घोषित करना, ऐलान करना, प्रकाशित करना, बयान करना, बता देना, साफ साफ कह देना, जोर देकर कहना

decline (*n*) अवनति, पतन, गिरावट, ह्रास, घटती, उतार, ज़वाल, ढलाव, कीमतों का गिराव

decline (*v*) 1. अस्वीकार करना, ना करना, इन्कार करना, जवाब दे देना 2. उतरना, घटना, कम होना, धीमा पड़ना, ढलना, उतार पर होना 3. झुकना

decoction काढ़ा, क्वाथ

decode संकेत लिपि को बांचना या पढ़ना

decomposition सड़ाव, विघटन

decontrol (*n*) विनियन्त्रण, कंट्रोल का हटना

decontrol (*v*) रोक या नियंत्रण हटाना

decontrolled foodstuffs नियन्त्रणमुक्त खाद्य सामग्री

decorate 1. सजाना, संवारना, मंडन करना, अलंकृत करना, विभूषित करना, सुशोभित करना 2. मान देना, सम्मानित करना

decoration 1. सजावट, अलंकार, सम्मान 2. पदक, मैडल, बिल्ला

decorum शिष्टता, शिष्टाचार, मर्यादा

decoy प्रलोभन देना, लालच देना, फंसाना, फुसलाना, लगा लाना

decrease (*n.*) कमी, ह्रास, उतार, घटती

decrease (*v.*) घटना, घटाना, कम होना, कम करना, क्षीण होना, गिरना, उतरना, धीमा पड़ना

decree आज्ञापत्र, विज्ञप्ति, राजाज्ञा, अदालत का निर्णय, डिग्री, हुक्म, फ़रमान

decrepit जीर्ण, जर्जर

decry निन्दा करना, बुराई करना, बदनाम करना, आक्षेप करना, कोसना, ऐब लगाना

dedicate 1. समर्पण करना, सौंपना 2. निमित्त करना, किसी के नाम पर कर देना 3. निछावर करना, उत्सर्ग करना

dedication समर्पण

deduce परिणाम निकालना, अनुमान करना, नतीजा निकालना

deduct घटाना, कम करना, निकाल लेना

deduction 1. घटाव, कटौती, छूट 2. अनुमान, निगमन

deed 1. दस्तावेज, पत्र, कागज, पट्टा 2. कारनामा, काम, चेष्टा, करनी

deed of lease पट्टा, पट्टे का दस्तावेज

deed of sale बेचीनामा, विक्रयपत्र

deem समझना, मानना, जानना, ख्याल करना, अनुमान करना

deep (*adj*) 1. गहरा, गहन, घना, अतल 2. गंभीर, घुन्ना, गूढ़ 3. प्रकांड, पहुंचा हुआ

deep (*n*) समुद्र

deep sea vessel समुद्री जहाज

deep rooted गहरा, घर किया हुआ, जड़ पकड़ा हुआ, पुराना

deepen गहरा होना, गहरा करना, गंभीरतर होना, घना होना, घना करना, बढ़ना, बढ़ जाना

deface 1. रूप बिगाड़ना, कुरूप बनाना, सूरत बिगाड़ना, विकृत करना, बदनुमा कर देना 2. मुहर लगाना

de facto वास्तविक, वस्तुतः, असल में, यथार्थ में

de facto government वास्तविक शासन या सरकार

defalcation रुपया खा जाना, गबन

defalcator ग़बन करने वाला, खा जाने वाला

defamation मानहानि, बदनामी, हतक, बेइज्जती, कलंक, लांछना

defamatory मानहानिकारी, अपमानकारी, अपमानजनक, बदनाम करने वाला

defame मानहानि करना, बदनाम करना, हतक करना, अप्रतिष्ठा करना, लांछन लगाना, आरोप करना, नाम को बट्टा लगाना

default (*n*) 1. अभाव, अनुपस्थिति 2. चूक, दोष, व्यतिक्रम, अवहेलना

default (*v*) 1. उपस्थित न होना, पैरवी न करना 2. चूकना, व्यतिक्रम करना, त्रुटि होना

defaulter 1. चूक जाने वाला 2. अपराधी, दोषी, मुजरिम, बाकीदार 3. उपस्थित न होने वाला, अनुपस्थित

defeasance विफल करना, वह शर्त जिसके पूरे होने पर दस्तावेज गैरकानूनी हो जाय

defeat (*n*) हार, पराजय, असफलता

defeat (*v*) हराना, पराजित करना, नीचा दिखाना, असफल करना, निष्फल करना, विफल करना, तोड़ना

defeatism पराजयवाद, हार की मनोवृत्ति, दब्बूपन, निराशावाद

defeatist पराजयवादी, पराजय स्वीकार करने वाला, दुश्मन से दबे रहने वाला, दब्बू

defeatist mentality पराजयवादी मनोवृत्ति, हार मान लेने की मनोवृत्ति, हिम्मत हारना

defect त्रुटि, कमी, न्यूनता, कसर, खराबी, ऐब, धब्बा, खोट

defection 1. साथ छोड़ना, छोड़ देना, विश्वासघात, बेवफ़ाई, मुंह मोड़ना, अलग हो जाना, पक्षत्याग 2. पलायन, मैदान छोड़ना

defective त्रुटिपूर्ण, दोषपूर्ण, अपूर्ण, अधूरा, कमज़ोर, कच्चा, घटिया, खोटा

defence 1. रक्षा, प्रतिरक्षा, आत्मरक्षा, देशरक्षा, बचाव, ओट, आड़, कवच 2. सफाई, प्रतिवाद, उत्तर, प्रत्युत्तर, पक्षपोषण

defences मोर्चा, मोर्चे, रक्षा व्यवस्था

self-defence आत्मरक्षा, अपना बचाव

defence establishment रक्षा या प्रतिरक्षा संस्थान या केन्द्र

defence forces सेनाएं, सेना के तीनों अंग, प्रतिरक्षा बल, प्रतिरक्षा सेना, सैन्य बल

defence industry प्रतिरक्षा उद्योग, रक्षा में काम आने वाले सैनिक सामान का उत्पादन, सैनिक उद्योग

defence services सैनिक सेवायें, रक्षाकर्मचारी वर्ग, जल थल और वायु सेना, सेना के तीनों अंग

defenceless रक्षाहीन, अरक्षित, निरस्त्र, निराश्रय, बेचारा, अकेला

defend 1. रक्षा करना, प्रतिरक्षा करना, हमला रोकना, बचाव करना, बचाना 2. पक्ष लेना, समर्थन करना, उचित या निर्दोष बताना या सिद्ध करना, हिमायत करना 3. सफाई पेश करना, प्रतिवाद करना

defendant प्रतिवादी, मुद्दालेह

defender 1. रक्षक, प्रतिरक्षक, बचाव करने वाला 2. पक्ष पोषक, प्रतिपालक, हामी

defensible 1. रक्षणीय, सहज में रक्षा होने योग्य, बचाव करने लायक 2. जिसे उचित ठहराया जा सके

defensive (*adj.*) रक्षात्मक, बचाव का

defensive (*n.*) बचाव की लड़ाई, रक्षात्मक युद्ध

defensive war प्रतिरक्षात्मक युद्ध, बचाव के लिए लड़ाई

defer 1. स्थगित करना, उठा रखना, टालना, आगे के लिए टाल देना 2. स्वीकार करना, मानना, बात मान लेना, लिहाज़ करना

deference अनुरोध, अनुनय-विनय, सम्मान, नम्रता

deferred payment विलंबित भुगतान, स्थगित अदायगी या भुगतान

defiance 1. अवज्ञा, परवाह न करना, (आज्ञा) न मानना, तोड़ना, उल्लंघन 2. ललकार, चुनौती

defiant अवज्ञापूर्ण, लड़ने पर उतारू, लड़ाका, मुंहज़ोर, उद्धत, उग्र स्वभाव वाला, तेज़ मिजाज़

deficiency न्यूनता, कमी, घाटा, कसर, त्रुटि, अभाव, हीनता

deficient अपूर्ण, त्रुटियुक्त, अभावमय, हीन, कम, कच्चा, पिछड़ा हुआ, कमज़ोर

deficit घाटा, टोटा, कमी, नुकसान, कसर

deficit areas कमी वाले क्षेत्र, अभावग्रस्त क्षेत्र

deficit budget घाटे का बजट

deficit financing घाटे का बजट बनाना, घाटे की अर्थव्यवस्था, मंदी या बेकारी को कम करने के लिये सरकार का वर्ष विशेष में आय से अधिक खर्च करना

deficit on revenue account आय या राजस्व या आमदनी खाते का घाटा

deficit state घाटे या कमी वाला राज्य

defile (*n.*) घाटी, दर्रा बीच का तंग रास्ता

defile (*v.*) 1. दूषित करना, भ्रष्ट करना, अपवित्र करना, गंदा करना, खराब करना 2. पंक्तिबद्ध होकर चलना

define 1. परिभाषा करना, तारीफ करना, व्याख्या करना, स्पष्ट करना, अर्थ निर्धारित करना, मानी बताना, बयान करना 2. सीमा नियत करना

definitely 1. निश्चित रूप से, स्पष्टतया, ठीक-ठीक, साफ़ तौर पर 2. अवश्य, जरूर, बिल्कुल, पक्का

definition परिभाषा, लक्षण, व्याख्या, स्पष्टीकरण, बयान

definitive निर्णायक, निश्चित, आवश्यक, अन्तिम

deflate 1. मूल्य कम करना, भाव गिराना, चालू सिक्का कम कर देना, नोट की संख्या कम करना 2. फूंक या हवा निकालना, पिचकाना

deflation 1. मुद्रा विस्तार को कम करना, अपस्फीति, मंहगाई का कम होना 2. हवा निकालना

deflationary मुद्रा विस्तार को कम करने वाला, मंहगाई कम करने वाला

deflect 1. पथभ्रष्ट करना, मार्ग से हटाना, कुमार्ग पर जाना, गलत रास्ता पकड़ना 2. मोड़ना, हटाना, झुकाना

deform कुरूप करना, भद्दा करना, शक्ल बिगाड़ देना, विकृत करना

deformed कुरूप, भद्दी शक्ल का, बेढंगा, विकृत

deformity कुरूपता, विरूपता, विकृति, विषमता, बदसूरती, बेढंगापन, भद्दापन, बेडौली

defraud धोखा देना, धोखाधड़ी करना, कपट से लेना, अपहरण करना, झांसा देकर लेना, छलना, ठगना

defray अदा करना, देना, भरना, चुकाना, हिसाब चुकाना

deft कुशल, निपुण, दक्ष, चतुर, चालाक, होशियार, मंजा हुआ

defunct समाप्त, जिसका अस्तित्व न हो, निष्क्रिय, निर्जीव, निष्प्राण, मृतप्राय

defunct company कंपनी जो बंद हो गई हो, समाप्त कम्पनी

defy 1. अवज्ञा करना, परवाह न करना, न मानना, विरोध करना, इन्कार करना, तोड़ना 2. ललकारना, चुनौती देना

degenerate (*adj.*) पतित, भ्रष्ट, गिरा हुआ, बिगड़ा हुआ, दुश्चरित्र, चरित्रहीन, हीन, नीच

degenerate (*n.*) पतित या चरित्रहीन व्यक्ति, दुश्चरित्र, खल

degenerate (*v.*) पतित होना, भ्रष्ट होना, आवारा या चौपट होना, बिगड़ना, खराब होना

degeneration अधःपतन, अधोगति, ह्रास, गिरावट, गिरी हुई हालत

degradation अधःपतन, नीचे गिरना, नीचता, भ्रष्टता

degraded गिरा हुआ, भ्रष्ट, पतित, नीच, पद से गिराया हुआ, पद से हटाया हुआ

degrading अपमानजनक, निन्दाजनक, ओछा, हीन, बुरा, ज़लील

degree 1. परिमाण, मात्रा 2. दरजा, श्रेणी, कोटि 3. पद, पदवी, उपाधि, डिगरी 4. भाग, अंश, खंड

honorary degree सम्मानार्थ उपाधि, मानोपाधि

dehusking छिलका छुड़ाना

dehydrate जलरहित करना, सुखाना, शुष्क करना

dehydration जलशून्य करने की क्रिया, सुखाने की क्रिया, निर्जलीकरण

deign अनुग्रह करना, कृपा करना, स्वीकार करना, विनम्र होना, झुकना

deity देवता, देवी देवता

de jure कानूनी, विधिसम्मत, न्यायतः, कानून से, हक़ से, कानूनी तौर पर

delay (*n.*) देर, विलम्ब

delay (*v.*) देर करना, विलम्ब करना, स्थगित करना, रोकना, रुकावट डालना, बाधा डालना, अटकाना

delaying tactics देर लगाने या करने वाली चालें, विलंबकारी नीति, अड़ंगेबाजी

delegate (*n.*) प्रतिनिधि, नुमाइंदा

delegate (*v.*) प्रतिनिधि बनाना, अधिकृत करना, सौंपना, जिम्मे देना, जिम्मे करना

delegation 1. प्रतिनिधिमंडल, शिष्टमंडल 2. नियुक्ति

delegation of power अधिकार सौंपना

delete निकालना, काटना

deletion निकालना, काट देना

deliberate (*adj.*) 1. जानबूझ कर किया हुआ, इरादे के साथ, विचारपूर्वक, सोद्देश्य, निश्चित 2. विवेकशील, सोच समझ कर फैसला करने वाला, सावधान

deliberate (*v.*) सोचना, विचार करना, मंत्रणा करना, परामर्श करना, सलाह करना, बहस करना

deliberately जानबूझ कर, सोच समझ कर, सोद्देश्य

deliberation बहस, वादविवाद, सोच-विचार, विचार-विमर्श, सलाह मशवरा, मंत्रणा

delicacy 1. सुकुमारता, कोमलता, नज़ाकत 2. सूक्ष्मता, बारीकी 3. सौजन्य, लिहाज़, संकोच, शर्म 4. मजेदार चीज, स्वादु वस्तु

delicate 1. नाजुक, खतरनाक, संकटपूर्ण, पेचीदा, सावधानी बरतने योग्य 2. सूक्ष्म, सुकुमार, कोमल, मुलायम, नरम, बारीक, महीन

delicious स्वादु, स्वादिष्ट, मधुर, रमणीय, चित्ताकर्षक

delict उल्लंघन, नियमभंग

delight (*n.*) हर्ष, आनन्द, खुशी, प्रसन्नता

delight (*v.*) आनन्द करना या होना, प्रसन्न करना या होना

delimit परिसीमित करना, सीमा बांधना, सीमा स्थिर करना, सीमांकन, हद बांधना, हदबंदी करना

delimitation सीमा निर्धारण, सीमित करना, सीमा बांधना, सीमांकन

delineate चित्रित करना, वर्णन करना, रेखा से चिन्हित करना

delineation चित्रण, वर्णन, अंकन

delinquency 1. अपराध, दोष, अपराध प्रवृत्ति 2. त्रुटि, भूल, चूक, असावधानी

delinquent अपराधी, दोषी, मुजरिम, भटका हुआ, पथभ्रष्ट

delirious 1. प्रलाप-ग्रस्त, मति-भ्रष्ट, सन्निपात-ग्रस्त 2. अचेत, बेसुध, मूर्च्छित, बेहोश

delirium मतिभ्रंश, सन्निपात, सरसाम, बीमारी में बकझक की अवस्था

deliver 1. रक्षा करना, बचाना, मुक्त करना, छुड़ाना, छोड़ना, रिहा करना 2. देना, बांटना, सौंपना, पहुंचाना 3. सुनाना, पढ़ना, प्रकट करना 4. जनना, जन्म देना

deliver a judgement फैसला या निर्णय सुनाना या देना

deliver the goods 1. कर्तव्य पूरा करना, कर्तव्य निबाहना, जिम्मेदारी पूरी करना, काम पूरा करना, उद्देश्य-पूर्ति करना 2. माल पहुंचाना

deliverance छुटकारा, रिहाई, मुक्ति, आजादी

delivery 1. प्रसूति, बच्चा होना, पैदाइश 2. पहुंच, बांट 3. मुक्ति, छूट 4. बोलना, कहना, भाषण शैली

delivery of arms शस्त्र या हथियार पहुंचाना

ex-ship delivery जहाज़ पर सिपुर्दगी या माल देना

ex-warehouse delivery गोदाम पर सिपुर्दगी या माल देना

forward delivery वायदे की सिपुर्दगी

give delivery माल सौंपना या देना

prompt delivery शीघ्र या अविलम्ब माल देना

ready delivery तत्काल सिपुर्दगी

spot delivery मौके या स्थान पर माल देना

take delivery माल छुड़ाना या लेना

delta डेल्टा, नदी के मुहाने पर की तिकोनी भूमि

delude भ्रम में डालना, धोखा देना, बहकाना, भुलावा देना, ठगना, छलना

deluge (*n.*) 1. बाढ़, सैलाब, जलप्लावन, प्रलय, भारी वर्षा 2. भरमार

deluge (*v.*) डुबा देना, जलमग्न करना, प्लावित करना, बहा ले जाना

delusion भ्रांति, भ्रम, धोखा, छल, झांसा

demagogue आंदोलनकारी वक्ता, जन-आन्दोलक, उत्तेजना फैलाने वाला

demand (*n.*) मांग, आवश्यकता, जरूरत

demand (*v.*) मांगना, चाहना, जरूरत होना, पूछना

demands for grants खर्च की मांगें

demand loan, call loan उधार का रुपया जो तुरंत मांगा जा सके, उधार का रुपया जो मांगने पर तुरंत अदा करना होता है

demarcate सीमा या हद बांधना, हदबंदी करना, निशान लगा देना, सीमांकन करना, रेखा खींचना

demarcation सीमांकन, सीमा निर्देश, हदबंदी, हद, सीमा, किनारा, अंतर, भेद

demarche राजनीतिक चाल या कार्यवाही

demean 1. व्यवहार करना, बर्ताव करना, आचरण करना, चेष्टा करना 2. पद में नीचा करना, घटाना, अपमानित करना

demeanour आचरण, व्यवहार, चेष्टा, बर्ताव, मुद्रा, भाव-भंगिमा

dementia पागलपन उन्माद

demerit दोष, अवगुण, दुर्गुण, अपराध, न्यूनता, बुराई, कमी

demesne मालिकाना भूमि, जमींदारी

demi-official अर्धराजकीय, अर्धसरकारी

demilitarization सेना हटाना

demilitarized zone ऐसा क्षेत्र जहां से सेनाएं हटा ली गई हों, सेनाविहीन क्षेत्र

demise मृत्यु, देहांत, निधन, मौत, मर जाना, जाता रहना

demob लाम तोड़ना, सेना तोड़ना, सेना से बरखास्त करना

demobilisation सैन्य-भंग, फौजों का तोड़ दिया जाना, जमघट तोड़ना या भंग करना

demobilise सैन्य-भंग करना, लाम तोड़ना

democracy लोकतंत्र, जनतंत्र, प्रजातंत्र, लोकसत्ता, जमहूर, लोकशाही

democrat 1. लोकतन्त्रवादी जनतन्त्रवादी 2. डेमोक्रेटिक पार्टी का सदस्य

democratic लोकतन्त्रात्मक, लोकतंत्री, लोकतंत्रवादी, प्रजातंत्रात्मक, जनतन्त्रमूलक, लोकसत्तात्मक, जमहूरी

democratic constitution लोकतन्त्री संविधान

democratic republic लोकतन्त्री गणराज्य

demographic जनसंख्या संबंधी

demography जनसंख्या-विवरण, जनजीवन संबंधी आंकड़ों का संकलन, जनजीवन का संख्यात्मक अध्ययन

demolish 1. ढहाना, गिराना, तोड़ना, खंडन करना, बर्बाद करना, विध्वंस करना, मटियामेट करना 2. गलत साबित करना

demon असुर, पिशाच, दानव, दैत्य, राक्षस, शैतान

demonetise (मुद्रा का) चलन बंद करना

demonetization सिक्कों या नोटों का मुद्रा के रूप में चलन समाप्त कर देना

demonstrate 1. प्रदर्शन करना, जलूस निकालना 2. प्रतिपादित करना, सिद्ध करना, प्रदर्शित करना, साबित करना 3. दिखाना, बताना, जताना, समझाना

demonstration 1. प्रदर्शन, जलूस 2. प्रतिपादन, निदर्शन 3. प्रमाण, दलील

demonstration flight प्रदर्शन या परीक्षा या प्रयोग के लिए उड़ान

demonstrator 1. प्रदर्शक, प्रदर्शनकारी, निर्देशक 2. उपशिक्षक

demoralisation 1. भ्रष्टाचार, नैतिक पतन, नीचपन 2. उत्साह भंग, निरुत्साह, हिम्मत या हौसला टूटना 3. अधःपतन, गिरावट, अनैतिकता

demoralise 1. हिम्मत तोड़ना, हौसले तोड़ना, उत्साह भंग करना, हताश करना, अबतरी फैलाना 2. भ्रष्ट करना, बिगाड़ना, आचार भ्रष्ट करना

demote दर्जा नीचा करना, पद कम करना या गिराना

demotion पद घटाना

demur (*n*) आपत्ति, शंका, संदेह, रुकावट

demur (*v*) विलम्ब करना, स्थगित करना, आगा पीछा करना, शंका उपजना

demurrage माल को समय पर न उठाने पर लगने वाला जुरमाना या हरजाना, गोहारी, डैमरेज

demurrer कानूनी आपत्ति

den 1. कंदरा, गुहा, गुफा, बिल, छोटी कोठरी 2. बैठक, अड्डा

denaturalize नागरिकता छीनना

denatured मिलावट करके खाने पीने के अयोग्य की हुई वस्तु

denial इन्कार, नकार, खंडन, प्रत्याख्यान, अनंगीकार, अस्वीकृति, न देना, मना करना

denomination संज्ञा, नाम, प्रकार, कोटि, वर्ग, संप्रदाय

denote सूचित करना, व्यक्त करना, प्रकट करना, निर्दिष्ट करना, दिखाना, बताना, जताना

denouement षड्यन्त्र, उलझन या दुर्घटना, सुलझाना, घटना, परिणाम (नाटक में) कार्य निर्वाह, परिसमाप्ति

denounce 1. संधि रद्द करना, भंग करना, तोड़ना, न मानना 2. निंदा करना, बुरा भला कहना बुराई करना, दोष लगाना, दोषी या मुजरिम ठहराना, भर्त्सना करना, रोष प्रकट करना, लताड़ना

de novo नये सिरे से, फिर से, पुनः, शुरू से

dense 1, घना, सघन, गुंजान, गहन, गाढ़ा, निविड़, ठोस 2. मूढ़, मूर्ख, जड़मति, ठस

densely ठसाठस, खचाखच, घना, ठोसपन से

density 1. घनता, घनत्व, गुंजानी, गाढ़पन 2. मूर्खता, मूढ़ता

density of population घनी आबादी, आबादी का घनापन, जनसंख्या की घनता

dent प्रहार चिन्ह, प्रहार, आघात, कटाव, छेद, गड्ढा

dental दांत का, दन्त्य

dentist दन्त चिकित्सक

denude नंगा करना, उघाड़ना, कपड़े उतारना, वस्त्रहीन करना, मिट्टी की ऊपरी तह हटा देना

denunciation 1. निन्दा, भर्त्सना, दोषारोपण 2. संधि आदि को रद्द करने की सूचना, निराकरण, तिरस्कार

deny प्रत्याख्यान करना, अस्वीकार करना, न मानना, इन्कार करना, खंडन करना

deodorant गंधनाशक

deodorize गन्धहीन करना

depart चले जाना, प्रस्थान करना, विदाई लेना, मर जाना, हट जाना, विचलित होना

departed मृत, दिवंगत, स्वर्गीय

department विभाग, महकमा, शाखा, मंडल, क्षेत्र

department of state (U.S.A.) विदेश मन्त्रालय

departmental विभागीय

departmental examination विभागीय परीक्षा

departmental promotion committee विभागीय तरक्की समिति या पदोन्नति समिति

departmental store विविध वस्तु भंडार, बहुविभागीय भंडार, बड़ी दुकान जिस में विभिन्न प्रकार का बहुत सा सामान रहता है, बिसातखाना

departure 1. विदाई, चले जाना, प्रस्थान, कूच, अलगाव 2. विचलन, पथभ्रष्टता

depend 1. निर्भर करना या होना, आश्रित होना 2. विश्वास करना, भरोसा करना 3. अधीन होना, बंधा होना

dependable विश्वसनीय, भरोसे के योग्य, निर्भर करने योग्य

dependant आश्रित, निर्भर, अधीन

dependence 1. निर्भरता, आश्रय, अवलम्बन, भरोसा, आसरा, सहारा 2. अधीनता, मातहती

dependency 1. पराधीन देश, अधीन राज्य, आश्रित देश 2. अधीनता, पराधीनता, निर्भरता

dependent आश्रित, अधीन, पराधीन, निर्भर

depict वर्णन करना, बयान करना, चित्रण करना, दिखाना, दर्शाना, बताना

deplete खाली करना, रिक्त करना, कम करना, व्यय करना, खत्म करना, खर्च करना

deplore 1. खेद करना, शोक करना, अफसोस करना 2. पछताना, दुखी होना, निन्दा करना, बुरा भला कहना

deplorable खेदजनक, खेद का विषय, दुख की बात, शोचनीय, दुखद, बुरा

deploy (सेना का मैदान में) फैलना या फैलाना, विस्तार करना, पंक्ति में रखना

deployment of force फौज का फैलाव या विस्तारण

deponent गवाह, साक्षी, बयान देने वाला

depopulation उजाड़ना, वीरान करना, जनशून्य करना

deport 1. निर्वासित करना, देशनिकाला देना, बाहर करना 2. रवैया ग्रहण करना, आचरण, आचरण करना

deportation देश निकाला, निर्वासन

deportment आचार, व्यवहार, चेष्टा, तौर तरीका

depose 1. पदच्युत करना, सिंहासनच्युत करना, गद्दी से उतारना, जगह से हटाना 2. बयान देना, साक्ष्य या साक्षी देना

deposit (*n*) 1. धरोहर, निक्षेप, अमानत, जमा, पूंजी, सरमाया 2. तह 3. भंडार, जमाव

deposit (*v*.) 1. धरोहर रखना, अमानत रखना, रखना, जमा करना 2. पेशगी देना, साई देना 3. तलछट छोड़ना, नीचे बैठाना

depositary थाती रखने वाला

deposition शपथपूर्वक साक्षी देना, राजगद्दी से उतारना

depositor जमा कराने वाला, धरोहर रखने वाला

depository संग्रहस्थान, कोठी

depot गोदाम, भंडार, डिपो

depravity भ्रष्टता, दुष्टता, दुराचारिता

deprecate विरोध में बोलना, प्रतिकूल मत प्रकट करना, निन्दा करना

depreciate 1. मूल्य घटाना या कम होना, दाम कम होना, अवमूल्यन करना 2. पछताना, निन्दा करना

depreciation 1. दाम गिरना, भाव गिरना, अवमूल्यन, मूल्यह्रास, घटी, कमी 2. घिसाई, घिसावट, टूटफूट 3. अपकर्ष, गुणावमान

depreciation charge (मशीनों की) घिसाई या छीज या टूटफूट का खर्चा

depreciation fund घिसाई की मद, घिसाई कोष

depreciation of currency सिक्के का अवमूल्यन

depress 1. दबाना, झुकाना, नीचा करना 2. उदास करना, दिल तोड़ना 3. ढीला करना, मूल्य कम करना, धीमा करना

depress the market बाजार में कीमतें गिराना

depressed classes दलित वर्ग

depressed market मन्दी का बाजार

depression 1. (व्यापार) मंदी, मंदापन, गिरी हुई या गिरती हुई 2. (मौसम) दबाव की कमी, अवदाब 3. गड्ढा, झुकाव 4. पस्ती, उदासी, खिन्नता, विषाद

depression of prices मूल्य का गिरना, कीमतों का मंदा होना, मंदी

depression of trade व्यापार की मंदी

deprivation वंचित करना, वंचन, हरण करना, हरण, छीन लेना, छीनना, पद में नीचे करना

deprive वंचित करना या रखना, छीन लेना, न देना

depth 1. गहराई, गहरापन, थाह, गंभीरता, निचाई 2. गंभीरता, गहनता

depth-charge जलबम

deputation प्रतिनिधिमंडल, शिष्टमंडल, डेपुटेशन

depute 1. नियुक्त करना, भेजना 2. प्रतिनिधि बना कर भेजना

deputy 1. स्थानापन्न, सहकारी, अधीन, डिप्टी, नायब, छोटा, उप, प्रति 2. प्रतिनिधि

deputies प्रतिनिधि, सहकारी सदस्य, संसद सदस्य

deputy commissioner डिपटी कमिश्नर, नायब कमिश्नर

deputy high commissioner उप उच्चायुक्त, डिपटी हाई कमिश्नर

deputy minister उपमन्त्री

deputy secretary उपसचिव

deputy speaker उपाध्यक्ष

derail पटरी से उतरना

derange 1. उलटपुलट करना, क्रम बिगाड़ना, अस्तव्यस्त करना 2. विक्षुब्ध करना, मतिभ्रष्ट करना, व्याकुल करना

deranged विक्षिप्त, अस्तव्यस्त, अव्यवस्थित

deration राशन व्यवस्था समाप्त करना, राशन-मुक्त करना

derelict त्यक्त, परित्यक्त, छोड़ा हुआ

dereliction त्याग, परित्याग, उपेक्षा

dereliction of duty कर्तव्य-विमुखता

deride हँसी उड़ाना, मजाक उड़ाना, मखौल उड़ाना, उपहास करना, दिल्लगी करना

derision उपहास, ठट्ठा

derivation 1. व्युत्पत्ति, निर्वचन 2. उद्गम, मूल

derivative यौगिक, गौण, दूसरे से निकला हुआ या बना हुआ

derive पाना, प्राप्त करना, हासिल करना, उत्पन्न होना

derogate अपयश करना, कम करना, घटाना, हटाना, निकाल देना

derogation 1. (कानून, पद और प्रतिष्ठा की) अवहेलना करना, अपमान, मानहानि 2. घटाव, उतार, ह्रास

derogatory अपमानजनक, अप्रतिष्ठा कारक, हतक का, शान के खिलाफ, इज्जत को घटाने वाला, शरमिन्दा करने वाला, बुरा

descend 1. उतरना, नीचे आना, गिरना, गिर जाना 2. टूट पड़ना, अचानक हमला कर देना, छा जाना 3. वंशज होना, पुराने वक्तों से चले आना

descendant वंशज, वंशधर, संतान, संतति, अ

descending अवरोही, घटता हुआ, कम होता

descending order अवरोही क्रम, घटता हुआ

descent 1. उतार, ढलाव, ढलवां, अवरोह 2. कुल, वंश, घराना, पीढ़ी, खानदान, उत्पत्ति परम्परा

collateral descent सगोत्र, वंशानुक्रम

lineal descent पैतृक वंशानुक्रम

describe वर्णन करना, बताना, बयान करना, सुनाना, बखानना, दिखाना

description वर्णन, बयान, हुलिया, रूप, किस्म

descriptive वर्णनात्मक

desecrate अपवित्र करना, भ्रष्ट करना, नाश करना, गंदा करना

desecration अपवित्र करना, भ्रष्ट करना, न करना, गंदा करना, खराब करना, बिगाड़ना

desert (*n.*) मरु, मरुस्थल, उजाड़, बंजर, रेगि

desert (*v.*) छोड़ भागना, साथ छोड़ना, छोड़ देना, परित्याग करना, भाग जाना

deserter भागा हुआ, भगोड़ा, फ़रार, (दल से अलग होने वाला, छोड़ने वाला

deserve पात्र होना, योग्य होना, अधिकारी हो लायक होना

deserving योग्य, पात्र, उचित, उपयुक्त

deserving student सुपात्र विद्यार्थी

desiccate सुखाना, चूसना

desiccated milk सुखाया हुआ दूध, सूखा दूध

desiccation सुखाना, पानी सुखा देना

design (*n.*) 1. उद्देश्य, अभिप्राय, इरादा 2. चित्र, आकृति, ढांचा, नक्शा, डिजाइन, रूपरे

design (*v.*) 1. इरादा रखना, अभिप्राय या उद्देश्य रखना, तदबीर करना, युक्ति करना 2. रचना करना, ढांचा बनाना, डिजाइन बनाना, रूपरेखा बनाना

designate (*adj*) मनोनीत, नामजद, नामोद्दि

designate (*v.*) नियुक्त करना, नामजद करना, नामोद्दिष्ट करना, पदवी देना, नाम रखना, देना

governor-designate मनोनीत राज्यपाल

designation 1. पद, पदाभिधान, नाम, नियुक्ति, ओहदा 2. बताना, दिखाना, नाम लेना

designer नक्शानवीस, चित्रकार, आलेखक, खाका तैयार करने वाला, डिजाइन बनाने वाला

desirable 1. वांछनीय, इष्ट, अभीष्ट, मनचाहा, पसंद का 2. उचित, अच्छा, ठीक, मुनासिब

desire (*n.*) इच्छा, चाह, कामना, अभिलाषा, लालसा

desire (*v.*) चाहना, इच्छा करना, अभिलाषा करना, सवाल करना, मांगना

desired वांछित, इष्ट

desirous इच्छुक, अभिलाषी

desist हाथ खींच लेना, दूर रहना, निवृत्त होना, हटना, बाज़ आना

desolate (*adj.*) 1. निर्जन, सूना, सुनसान, उजाड़, वीरान, बंजर 2. उदास

desolate (*v.*) उजाड़ना, उजाड़ देना, वीरान कर देना, निर्जन करना, विनष्ट करना

desolation 1. निर्जनता, सूनापन, सन्नाटा 2. तबाही, बरबादी, वीरानी 3. उदासी, निराशा

despair (*n.*) निराशा, निरुत्साह, नाउम्मीदी

despair (*v.*) निराश होना, हताश होना, आशा छोड़ना, उम्मीद छोड़ बैठना, हिम्मत हार बैठना, निरुत्साहित या हतोत्साह होना

despatch (*n.*) संदेश, संवाद, खबर, चिट्ठी, खरीता

despatch (*v.*) भेजना, तुरंत संपन्न कर देना, वध करना

desperate 1. आशाहीन, निराशाजनक, अत्यन्त, घोर, विकट, भीषण, भयंकर, नाजुक 2. जान पर खेल जाने वाला, उद्दंड

desperate attempt घोर प्रयत्न, जी तोड़ कोशिश

desperate condition विषम या लाचार स्थिति, नाजुक हालत

desperate disease असाध्य रोग

desperately आगे कुछ सोचे बिना, जान पर खेल के, प्राणपण से, जान की बाजी लगा कर, तंग आकर, पूरे जोर से, बहुत ज्यादा

despicable तुच्छ, नीच, जघन्य, घृणित, हेय, निंद्य

despoil लूटना, छीन लेना, अपहरण करना

despot आततायी, स्वेच्छाचारी, निरंकुश, जालिम, तानाशाह, निरंकुश शासक

despotic निरंकुश, स्वेच्छाचारी, अत्याचारी, आततायी

despotism निरंकुशता, स्वेच्छाचारिता, तानाशाही

destination ठिकाना, ध्येय, लक्ष्य, स्थान, गंतव्य स्थान, मंजिल

destined 1. पूर्व निर्दिष्ट, बदा, भाग्य में लिखा हुआ 2. जाने वाला, गामी

destiny भाग्य, किस्मत, प्रारब्ध, तकदीर, होनी, विधि, विधाता, अदृष्ट, नियति

destitute अनाथ, निर्धन, गरीब, कंगाल, अकिंचन, दीन, दीनदुखी, बेआसरा, निराश्रित, निराश्रय, अभागा

destroy 1. नष्ट करना, ध्वंस करना, तबाह करना, बरबाद करना, मटियामेट करना, जड़ से उखाड़ डालना, धूल में मिला देना 2. मार डालना, अन्त करना 3. बेकार करना

destroyer विध्वंसक, नाश करने वाला, डेस्ट्रायर, विध्वंसक जहाज़

destruction नाश, विनाश, विध्वंस, तबाही, बरबादी, नुकसान

destructive विध्वंसक, विनाशकारी, तबाह या बरबाद करने वाला, बरबादी मचाने वाला, खराबी फैलाने वाला

destructive criticism खंडनात्मक आलोचना, विरोधी या छिद्रान्वेषी आलोचना

desuetude प्रयोग में न होना

desultory अनियमित, असंगत, असम्बद्ध, बेढंगा, उखड़ा पुखड़ा

detach 1. अलग करना, पृथक करना, छुड़ाना, निकालना 2. खास काम पर भेजना, (सेना आदि को) रवाना करना

detached 1. तटस्थ, निष्पक्ष, निर्लिप्त, अनासक्त 2. पृथक, अलग, जुदा, छूटा हुआ, फुटकर

detachment 1. अलगाव, विलगता, तटस्थता, निष्पक्षता, अनासक्ति, निर्लिप्तता 2. जुदाई, पार्थक्य 3. सेना की टुकड़ी, फौजी दस्ता, टुकड़ा, हिस्सा

detail(s) (*n.*) विवरण, ब्यौरा, पूरा हाल, तफ़सील, विस्तार

detail (*v.*) 1. नियुक्त करना, काम सौंपना 2. विवरण देना, ब्यौरा देना, तफ़सील करना

detailed विस्तृत, विस्तारपूर्वक, सविस्तार, ब्यौरेवार, तफ़सीली, पूरा

detailed statement विस्तृत या ब्यौरेवार या तफ़सीलवार विवरण

detain 1. नज़रबन्द करना, बन्दी करना, हिरासत में रखना 2. रोकना, अवरुद्ध करना, अटकाना 3. बिठाए रखना, इंतजार में रखना

detain for interrogation पूछताछ के लिये रोक रखना

detained रोका हुआ, नज़रबन्द किया हुआ

detect 1. मापना, ताड़ना, पता लगाना, पता चलाना, ढूंढ निकालना, पूछताछ करना, खोज लगाना, अनुसंधान करना 2. पकड़ना

detection अनुसंधान, निरूपण, भेद का पता लगाना, ढूंढना, जासूसी

detective गुप्त, गुप्तचर, जासूस, भेदिया

detector अनुसंधान यंत्र, अनुसंधानी, मालूम करने वाला आला, सूचक

detente राज्यों के बीच तनाव की स्थिति का अंत होना

detention नज़रबन्दी, नज़रबन्द होना या करना, अवरोध, रोक, अटकाव

preventive detention निवारक निरोध, एहतियाती नज़रबन्दी

detention camp नज़रबन्दी कैम्प या केन्द्र

detenu नज़रबन्द, निरुद्ध

deter रोकना, हटाना, मना करना, टालना, निवारण करना, भय दिखाना, भय दिखाकर रोकना

deteriorate बिगड़ना, बिगाड़ना, विकृत होना, खराब होना

deterioration विकार, बिगाड़, खराबी, ह्रास, बरबाद, अवनति, गिरावट, अवतरी, बरबादी

determination 1. निश्चय, संकल्प, धुन, लगन, फैसला, इरादा, ठान लेना, डटे रहना 2. निर्धारण, आंक, जांच, मूल्यांकन

determine 1. निश्चय करना, संकल्प करना, ठान लेना, इरादा या फैसला करना, पक्का इरादा कर लेना, तय करना 2. निर्णय करना, आंकना

determined 1. निश्चित, निर्धारित, निर्णीत 2. दृढ़ संकल्प वाला, हठीला, पक्का, तुला हुआ, अटल 3. जोर का, डट कर, जम कर

deterrent निवारक, रोकने वाला, कड़ा, सख़्त, निरोधक

detest घृणा करना, तिरस्कार करना, नफ़रत करना

dethrone गद्दी से उतारना, सिंहासनच्युत करना, तख़्त से उतारना, राज छीन लेना

detonate विस्फोट करना या होना, धमाके के साथ फटना, धमाके से उड़ाना

detonator डिटोनेटर, प्रस्फोटक, विस्फोटक, विस्फोटकारी

detour फेर, चक्कर, फेर या चक्कर का रास्ता, घुमाव फिराव

make a detour चक्कर काटकर जाना

detract 1. घटाना, कम करना, बट्टा लगाना 2. निन्दा करना, बुराई करना, बदनाम करना

detraction बुराई करना, मान घटाना, निन्दा

detrain गाड़ी से उतरना या उतारना

detriment हानि, क्षति, नुकसान, घाटा, हर्ज, बुराई, अपकार

detrimental हानिकारक, हानिकर, नुकसान देने वाला या पहुंचाने वाला, बुरा

deuterium ड्यूटीरियम, भारी हाइड्रोजन या उदजन

devaluation अवमूल्यन, सिक्के का विनिमय-मूल्य घटना या घटाना, मूल्य कम करना या होना

devastate उजाड़ना, तबाह करना, नष्ट भ्रष्ट करना, उच्छिन्न करना, लूटना, मटियामेट करना, तहस नहस करना, वीरान करना, ग़ारत करना, बरबाद करना, विध्वंस करना

develop 1. बढ़ना, बढ़ाना, विकसित होना, विकास करना, पनपना, पुष्ट होना, उन्नति करना 2. खोलना, बिखरना, उजागर होना 3. फिल्म या प्लेट पर अंकित चित्र को उभारना

development 1. विकास, उन्नति, वृद्धि, विस्तार, सुधार, बढ़ती, बढ़ना, बड़ा होना, तरक्की 2. सूरत, हालत, बात 3. फल, नतीजा

development blocks विकास खंड

development of power (from atomic energy) अणुशक्ति द्वारा बिजली उत्पादन

development officer विकास अधिकारी

development plan विकास योजना

development project विकास योजना, विकास कार्य

development scheme विकास योजना

deviate विचलित होना, भटक जाना, पथभ्रष्ट होना

deviation 1. व्यतिक्रम, विचलन, रास्ते से हटना या भटकना, बहकना, मार्ग परिवर्तन, परिवर्तन, दिशा भेद, फिरना 2. झुकाव

device 1. युक्ति, उपाय, साधन, चाल, दांव, तदबीर, तरकीब, सूझ, उपज 2. यन्त्र, आविष्कार, कल, आला 3. निशान, शकल

devil 1. शैतान 2. दैत्य, दानव, पिशाच, असुर 3. दुष्ट बुद्धि

devious कुटिल, वक्र, चक्करदार, दोषी, अनाचारी

devise 1. सोच निकालना, उपाय निकालना, रास्ता बनाना या निकालना 2. ईजाद करना

devoid रहित, हीन

devolution प्राप्ति, आना, आ पड़ना, आगम, अधिकार का लौट आना

devolution of property सम्पत्ति का उत्तराधिकार

devolve 1. आ पड़ना, सिर आना, उतरना, जिम्मे आना 2. सौंपना, सिपुर्द करना, ऊपर डालना 3. हस्तांतरित करना

devote 1. देना, लगाना, अर्पित करना, निछावर करना 2. योग देना, मन लगाना, लग जाना, ध्यान देना 3. चाहना

devoted 1. भक्त, सेवानिष्ठ, निष्ठावान, अनुरक्त, ईमानदार 2. आसक्त, फंसा हुआ, लत में पड़ा हुआ

devotee भक्त, उपासक, आराधक, चेला, अनुयायी

devotion 1. भक्ति, श्रद्धा, निष्ठा, पूजा 2. आत्मोत्सर्ग, आत्मसमर्पण, अनुराग, अनुरक्ति, मुहब्बत, वफ़ादारी, तन-मन लगा देना, पूजना, हो रहना

devotional music भक्ति संगीत, कीर्तन

devour 1. निगलना, हड़प जाना, हड़पना, खा जाना, चट कर जाना 2. नष्ट करना, उजाड़ना, मिट्टी में मिला देना 3. हत्या करना, समाप्त करना

devout भक्त, श्रद्धालु

dexterity निपुणता, कार्यकुशलता, कौशल, चतुरता, दक्षता, कारीगरी, हुनरमन्दी, चालाकी, होशियारी, सफ़ाई

dextrous, dexterous दक्ष, चतुर, पटु, निपुण, होशियार

diabetes डायबिटीज़, मधुमेह, पेशाब में शक्कर जाने की बीमारी

diabolic, diabolical पैशाचिक, राक्षसी, भीषण, घोर, नृशंस, शैतानी

diagnose निदान करना

diagnosis निदान, रोग निदान

diagonal कर्ण, आड़ी रेखा, कोना, कोनी रेखा

diagram रेखाचित्र, नक्शा, खाका

dialect बोली, उपभाषा

diameter व्यास, विस्तार

diamond हीरा, हीरक, वज्र

diarrhoea अतिसार, दस्त, पेचिश

diary रोजनामचा, डायरी, दैनंदिनी, विवरण पुस्तिका

dictate (*n.*) आदेश, आज्ञा, हुक्म, प्रेरणा, मांग, पुकार

dictate (*v.*) 1. आदेश देना, आज्ञा देना, हुक्म चलाना, मनमानी शर्त पूरी कराना, दबाव से या दबाव डालकर मनवाना 2. लिखाना

dictation 1. आदेश, आज्ञा, हुक्म, फ़रमान, प्रेरणा 2. लेख, इमला

dictator एकाधिपति, एकाधिनायक, एकाधिकारी, तानाशाह, निरंकुश शासक, डिक्टेटर

dictatorial तानाशाही का, निरंकुश, निरंकुशतापूर्ण, उद्धत

dictatorship एकतंत्र, एकाधिनायकत्व, एकाधिपत्य, एकसत्ता, तानाशाही, डिक्टेटरी

diction शब्द प्रयोग की शैली, शब्द विन्यास

dictionary शब्दकोश, कोश, डिक्शनरी

dictum कथन, उक्ति

die (*n.*) 1. सांचा, ठप्पा, मोहर 2. पांसा

die (*v.*) 1. देहांत होना, मृत्यु होना, मरना, मर मिटना, चल बसना, शरीर छोड़ना, प्राण देना 2. सूख जाना, मुरझा जाना, बुझ जाना, मिट जाना, खत्म हो जाना

die intestate वसीयत किये बिना मरना

diet 1. विधान सभा, संसद, राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय परिषद् 2. नियमित भोजन, आहार, खुराक, पथ्य

differ 1. असमान होना, भिन्न होना, पृथक होना, अलग होना, फ़र्क होना, मेल न खाना 2. मतभेद होना, असहमत होना

difference 1. भेद, अन्तर, फ़र्क, विशेषता 2. मतभेद, विरोध, असहमति, विवाद, झगड़ा, मनमुटाव, अनबन, बिगाड़ 3. शेष, बाकी

difference of sex स्त्री पुरुष भेद

different भिन्न, अलग, पृथक, और, दूसरा, असमान, विविध, नाना, भांति भांति के

differential duty भेद के साथ लगाया कर या शुल्क, भिन्न भिन्न देशों के माल के लिये आयात-कर की भिन्न भिन्न दर

differentiate 1. भेद करना, विशेषता बताना, पहचानना 2. अलग अलग करना, अन्तर करना, अन्तर होना

difficult कठिन, मुश्किल, दुष्कर, जटिल, टेढ़ा, विकट, विषम, दुस्साध्य, दुर्गम, दुर्बोध, गहन, टेढ़ा, कड़ा

difficulty कठिनाई, कठिनता, मुश्किल, संकट, तंगी, क्लेश, कष्ट, बाधा, रुकावट, अड़चन, उलझन, गुत्थी

diffidence आत्मविश्वास की कमी, संकोच, शर्म

diffident संकोची, संकोच करने वाला, हिचकिचाने वाला, झिझकने वाला, शंकाशील, संशयी, लज्जावान, शर्मीला, आत्मविश्वास रहित

diffuse व्याप्त करना या होना, फैलाना या फैलना, बिखेरना या बिखरना

diffusion व्यापन, प्रसार, फैलाव

dig (*n.*) आक्षेप, कटाक्ष

dig (*v.*) खोदना, कुरेदना, खोद निकालना, खोज करना

dig in खाई खोदना, खाई खोद के पड़ा रहना, पैर जमाना

digest (*n.*) संक्षेप, सारसंग्रह

digest (*v.*) 1. पचाना, हज़म करना 2. संक्षिप्त करना, सार तैयार करना

digestion पचन, पाचन, हाज़मा

digestive पाचक

digit अंक

dignified 1. स्वाभिमानी, सम्मानित, गौरवयुक्त, संभ्रांत, अभिजात, उदार 2. शानदार, भव्य, गंभीर, ऊंचा

dignitary उच्च पदाधिकारी, ऊंचे ओहदे वाला

dignity गौरव, प्रतिष्ठा, मान, सम्मान, शान, इज्जत, बड़प्पन, दर्जा, रोब, बड़ा ओहदा, ऊंचा दर्जा

dilapidation जीर्णावस्था, ध्वंस, नाश, क्षति, टूट-फूट

dilate 1. विस्तार करना, विस्तारपूर्वक कहना 2. फैलना, फैलाना, बढ़ना, बढ़ाना, फूलना, तूल देना 3. टालना, टालमटोल करना, ढील देना

dilatory देर करने वाला, टालने वाला, टालमटोली, विलंबकारी, ढीला

dilatory motion विलम्बकारी प्रस्ताव

dilemma दुविधा, विकल्प, असमंजस, आगा पीछा, कठिनाई, दोहरी मुश्किल, उभयसंकट

diligence परिश्रम, मेहनत, लगन, मनोयोग, धुन

diligent अध्यवसायी, परिश्रमी, मेहनती, लगन का

dilute (*n.*) पतला, हल्का, फीका, नीरस, मंद

dilute (*v.*) पतला करना, हल्का करना, मंद करना

diluvial बाढ़ संबंधी, बाढ़जनित

dim (*adj.*) मंद, धुंधला, अंधेरा, अस्पष्ट, फीका, धीमा, हल्का, थोड़ा

dim (*v.*) धुंधला करना, धुंधलाना, धीमा करना, फीका करना, कम करना, हल्का करना

dimension(*s.*) परिमाण, विस्तार, लम्बाई चौड़ाई, आयाम, घेर, नाप, मात्रा

diminish घटाना, कम करना

diminishing utility उपयोगिता का क्रमिक ह्रास

diminution घटाव, कमी, ह्रास

diminutive अल्प, लघु, छोटा, नन्हा, कम

dinner दिन (मध्याह्न अथवा सायंकाल) का प्रधान भोजन, भोज, प्रीतिभोज

dinner party भोज, सहभोज, प्रीतिभोज, जेवनार, दावत

diocese धर्मगुरु या पादरी का अधिकार-क्षेत्र, पादरी का हलक़ा

dip (*n.*) डुबकी, गोता, स्नान

dip (*v.*) डुबोना, डुबकी लगाना, गोता लगाना

dip in salute (**of a plane**) (विमान का) नीची उड़ान कर सलामी देना, (हवाई जहाज़ का) झुककर सलामी देना

diphtheria डिफ्थीरिया, रोहिणी, घटसर्प, गले का संक्रामक रोग

diploma उपाधिपत्र, सनद, डिप्लोमा

diplomacy 1. नीति, राजनय, साम 2. कौशल, कार्यदक्षता, चतुराई, चालाकी, हिकमत

diplomat 1. राजनयज्ञ, राजनीतिज्ञ, कूटनीतिज्ञ नीतिनिपुण, सियासतदां 2. दूत, व्यवहार कुशल, चतुर, चालाक, हिकमती

diplomatic 1. राजनयिक, कूटनीतिक, राजनीति संबंधी, सियासी 2. कौशल का, चतुराई का, होशियारी का

diplomatic body, diplomatic corps कूटनीतिज्ञों का दल, राजनयिक प्रतिनिधिदल, राजदूत वर्ग, राजदूत मंडल

diplomatic commentator राजनयिक विवेचक या टीकाकार

diplomatic correspondent राजनयिक संवाददाता

diplomatic immunity राजनयिक रियायत या उन्मुक्ति या छूट

diplomatic mission राजनयिक मिशन, दूतावास, राजनयिक दल, राजनयिक कार्य

diplomatic observers राजनयिक प्रेक्षक

diplomatic privileges and immunities राजनयिक विशेषाधिकार और सुविधाएं

diplomatic protection राजनयिक संरक्षण

dire बहुत बुरा, बहुत खराब, भयानक, भीषण, घोर, दारुण

direct (*adj.*) सीधा, प्रत्यक्ष, स्पष्ट, सरल, ठीक, साफ, खुला, बेरोक टोक

direct (*v.*) 1. आदेश देना, आज्ञा देना, हुक्म देना, कहना, लगाना, प्रेरित करना 2. निर्देश देना, निर्देश करना, संचालन करना, देखभाल करना 3. पथप्रदर्शन करना, पते पर भेजना या रवाना करना

direct action आंदोलन, सक्रिय विरोध, अमली कार्यवाही, प्रत्यक्ष कार्यवाही, खुली कार्यवाही, सीधी कार्यवाही, सीधा कदम

direct cause प्रत्यक्ष कारण

direct election प्रत्यक्ष निर्वाचन, प्रत्यक्ष चुनाव

score a direct hit निशाना ठीक बैठना, वार भरपूर बैठना, बाज़ी जीत लेना

direct income प्रत्यक्ष या सीधी आय या आमदनी

direct proportion अनुलोम अनुपात
direct tax प्रत्यक्ष कर
direct trade dealings प्रत्यक्ष या सीधा व्यापार संबंध या व्यापारिक लेनदेन
direct vote प्रत्यक्ष मतदान या वोट
direction 1. आदेश, आज्ञा, निदेश, हुक्म, प्रेरणा 2. संचालन, निर्देशन, प्रबन्ध, देखरेख 3. दिशा, ओर, तरफ़, सीध 4. प्रवाह, बहाव, झुकाव
directive निर्देश, निर्देशन, आदेश, निदेश
directive principles निर्देशक सिद्धान्त, नैदेशिक सिद्धान्त
directly 1. तत्काल, तुरंत, अभी, इसी समय, जल्दी, फौरन 2. प्रत्यक्षतः, सीधे रूप में
director निर्देशक, निदेशक, संचालक
board of directors संचालक मंडल, निर्देशक मंडल
directorate डायरेक्टोरेट, निदेशालय, संचालक का कार्यालय, डायरेक्टर का दफ़्तर, संचालक मंडल
directory निर्देशिका, सूचिका, डायरेक्टरी
dirt धूल, मिट्टी, मैल, गर्द, कूड़ा
dirty गन्दा, गंदला, मैला, मलिन, दूषित
disabuse गलतफ़हमी दूर करना, भ्रांति या भ्रम हटाना या मिटाना
disability 1. असमर्थता, अशक्तता, अक्षमता, अयोग्यता, कमी 2. विकलांगता, अपंगता, पंगुता 3. मजबूरी, लाचारी, बेबसी, रुकावट
disable असमर्थ करना, अशक्त करना, अयोग्य करना, पंगु या अपाहिज कर देना, बेकार या निकम्मा कर देना, बल तोड़ना
disabled 1. अंगहीन, पंगु, लूला लंगड़ा, अपाहिज, नाकारा, असमर्थ, अक्षम, आहत, जख्मी, लाचार 2. अयोग्य, मना किया हुआ
disablement अंगभंग, असमर्थता, अयोग्यता
disadvantage 1. असुविधा, कठिनाई, रुकावट 2. हानि, घाटा, नुकसान, कमी, त्रुटि, अपकार, बुराई, रुकावट
disaffected असंतुष्ट, राजद्रोही, उदासीन, विरक्त
disaffection असंतोष, गद्दारी, विरोध, दुश्मनी, बिगाड़, अनबन, मनमुटाव
disafforest जंगल काटना
disagree असहमत होना, असम्मत होना, मतभेद रखना, न मानना, राय न मिलना, अनुकूल न होना, विरोध होना, न पटना
disagreement मतभेद, भेद, असहमति, अस्वीकृति, विरोध, अनबन, नाराजगी, झगड़ा, फ़र्क
disallow अनुमति न देना, इजाज़त न देना, नामंजूर करना, मना कर देना, न मानना, अस्वीकार करना, रद्द कर देना
disappear लापता हो जाना, गायब या अदृश्य हो जाना, अन्तर्धान होना, छिप जाना, नज़र न आना, ओझल हो जाना, मिटना, मिट जाना, लुप्त या लीन हो जाना
disappoint निराश करना, हताश करना, आशाओं या उम्मीदों पर पानी फेरना
disappointing निराशाजनक, निराश करने वाला, उम्मीद से कम
disappointment 1. निराशा, नाउम्मीदी, मायूसी, क्षोभ 2. हार, चोट
disapprobation नापसंदगी, अनुमोदन न करना
disapproval अस्वीकृति, असहमति, अननुमोदन, असम्मति, नामंजूरी, विरोध, नाराजगी, नापसंदगी
disapprove नापसंद करना, अनुमोदन न करना
disarm 1. निःशस्त्र या निरस्त्र करना, निहत्था करना, शस्त्र रखवा लेना 2. निकम्मा कर देना, बेबस कर देना, शक्तिहीन कर देना, हाथ बांध लेना, चुप कर देना 3. विरोध दूर कर देना
disarmament निरस्त्रीकरण, निःशस्त्रीकरण, फौजी हथियारों की कमी
Disarmament Commission निरस्त्रीकरण आयोग या कमीशन
disaster विपत्ति, आपदा, संकट, मुसीबत, आफ़त, अनर्थ, तबाही, भीषण दुर्घटना
disastrous भयानक, घोर, दारुण, बहुत बुरा, बड़ा नुकसान पहुंचाने वाला, तबाही मचाने वाला या लाने वाला, आपज्जनक, अमंगलकारी

disavow अस्वीकार करना, इन्कार करना
disband सैन्यभंग करना, तोड़ना, छिन्नभिन्न करना, तितर बितर करना, बिखेरना,
disbelief अविश्वास
disburse अदा करना, चुकाना, व्यय करना, खर्च करना, सर्फ़ करना, बांटना
disbursement 1. भुगतान, अदायगी, व्यय, खर्च, सर्फ़ 2. बांटना, देना
discard 1. अलग करना, बरखास्त कर देना, निकाल फेंकना, खारिज कर देना, निकाल बाहर करना, दूर कर देना 2. त्याग देना, छोड़ देना, अस्वीकार कर देना
discernment सूझबूझ, विवेक, बुद्धि, विचारशीलता, सूक्ष्म दृष्टि
discharge (*n.*) 1. रिहाई, मुक्ति, छुटकारा, निस्तार 2. मौकूफ़ी, पद से हटाया जाना 3. मनसूखी, निराकरण 4. निर्वाह, पालन 5. बहाव, स्राव, निकास 6. धड़ाका, धांय धांय
discharge (*v.*) 1. रिहा करना, बरी करना, मुक्त करना, छोड़ना 2. पदच्युत करना, मौकूफ़ करना, छुट्टी देना, बरखास्त करना, अलग करना, हटा देना 3. पूरा करना, सम्पन्न करना, निर्वाह करना, निबाहना, पार उतारना, चुकाना, बजा लाना 4. दागना (बंदूक) छोड़ना, फेर करना, फेंकना
discharge a rule आदेश रद्द करना
discharge of duties कर्तव्य पालन
disciple शिष्य, चेला, शागिर्द
disciplinary action अनुशासन की कार्यवाही, दंड
take disciplinary action अनुशासन की कार्यवाही करना, अनुशासन करना, दंड देना, सजा देना
disciplinary lay-off अनुशासन की दृष्टि से या दंड के रूप में जबरी छुट्टी
discipline (*n.*) 1. अनुशासन, नियन्त्रण, व्यवस्था, मर्यादा, नियम, संयम, कानून, प्रबंध, बन्दोबस्त 2. शिक्षा, अभ्यास, अध्यापन 3. दंड 4. बंधन, पाबंदी
discipline (*v.*) 1. सिखाना, शिक्षा देना, अभ्यास कराना 2. नियंत्रण में रखना 3. दंड देना, अनुशासन में रखना
disciplined 1. अनुशासित, नियंत्रित, नियमबद्ध, पाबंद, बाकायदा 2. शिक्षित, सीखा हुआ, सधा हुआ
disclaim 1. दावा छोड़ देना, हाथ हटा लेना 2. अस्वीकार करना, न मानना, इन्कार करना, मुकरना
disclaimer खंडन, प्रतिवाद, इन्कारी बयान, अस्वीकृति, निराकरण
disclose बताना, प्रकट करना, प्रकाशित करना, रहस्योद्‌घाटन करना, जाहिर करना, खोलना
disclosure रहस्योद्‌घाटन, भेद खुलना, प्रकटीकरण
discomfort असुविधा, कष्ट
disconnect अलग करना, पृथक करना, सम्बन्ध-विच्छेद करना
disconnected अलग किया हुआ, पृथक किया हुआ, असम्बद्ध, कटा हुआ
disconnection अलगाव, पृथकत्व, सम्बन्ध-विच्छेद, सम्बन्धहीनता
discontent असंतोष, बेचैनी, गड़बड़, हलचल
discontinuance विराम, रुकावट, परित्याग
discontinue रोकना, बन्द करना, छोड़ना, उठा देना, ख़त्म कर देना, कम तोड़ना, सिलसिला तोड़ देना
discord 1. वैमनस्य, फूट, झगड़ा, कलह, मतभेद, विरोध, अनबन 2. बेसुरापन
discordant बेजोड़, बेसुरा, प्रतिकूल, बेमेल, खिलाफ, विषम, विभिन्न, कड़ा
discount (*n.*) कटौती, छूट, बट्टा, मितीकाटा, दस्तूरी
discount (*v.*) 1. खंडन करना, प्रत्याख्यान करना, विश्वास न करना 2. कम करना, कटौती करना, बट्टा लेना या काटना
discourage 1. उत्साह भंग करना, हिम्मत तोड़ना, हतोत्साह करना, निरुत्साहित करना 2. मना करना, रोकना 3. दबाना, बढ़ने न देना, उभरने न देना

discover 1. खोज निकालना, खोज पाना, ढूंढ लेना, पता लगाना 2. प्रकट करना, प्रकाश में लाना, खोलना

discovery खोज, शोध, पता लगाना

discredit (*n.*) 1. अविश्वास 2. अपकीर्ति, बदनामी, कुख्याति, अपयश 3. साख उठ जाना

discrepancy फ़र्क, अन्तर, कमती, असंगति, गलती, गड़बड़, भिन्नता, त्रुटि, कमी

discretion 1. विवेक, निर्णय, कार्यस्वातंत्र्य, अधिकार, बस, इख्तियार 2. विवेक, सद्बुद्धि, समझदारी

at the discretion of के विवेकानुसार, की इच्छा पर

within one's discretion के अधिकार क्षेत्र में

guerrilla warfare छापामार लड़ाई, अनियमित युद्ध
guess (*n.*) अनुमान, अंदाजा, अटकल, विचार, ख्याल
guess (*v.*) 1. अनुमान करना या लगाना, अटकल करना या लगाना, अंदाजा करना या लगाना 2. ताड़ लेना, भांप लेना
guess-work अनुमान, अटकल, अटकलपच्चू काम
guest अतिथि, मेहमान
guest hall अतिथि गृह, अतिथि भवन, मेहमानों के लिए घर
guest of honour माननीय या सम्मानित अतिथि, मुख्य अतिथि, अतिथि विशेष
guidance मार्गदर्शन, पथप्रदर्शन, निर्देश, नेतृत्व, हिदायत, देखरेख, रहनुमाई
guide (*n.*) पथप्रदर्शक, मार्गदर्शक, रास्ता दिखाने वाला, नेता, रहनुमा, गाइड
guide (*v.*) मार्ग निर्देश करना, पथ या मार्ग या रास्ता दिखाना या वताना
guidon छोटा झंडा, झंडी, फरहरा
guide book मार्गदर्शिका, पथप्रदर्शिका, गाइड
guild श्रेणी, संघ, शिल्पि संघ, जमात, मंडली, गिल्ड
guile छल, कपट, फ़रेब, चालाकी, धोखा, मक्कारी, वहाना, हीला
guillotine (*n.*) 1. वहस या विवाद वंद करने का आदेश, विवाद-वंध, गिलोटीन 2. सिर काटने का यंत्र
guillotine (*v.*) वहस या विवाद वंद करना
guilt अपराध, दोष, कसूर, जुर्म, पाप, गुनाह
guiltless निरपराध, निर्दोष, वेकसूर
guilty अपराधी, दोषी, मुजरिम, कसूरवार, पापी, गुनहगार
guinea स्वर्णमुद्रा, अशरफी, गिन्नी
guise 1. वेश, भेस, लिवास, रूप 2. बहाना
gulf 1. खाई, खाड़ी 2. फूट, भेद, फ़र्क
gull (*n.*) 1. भोला, मूर्ख, बेवकूफ़, गावदी 2. छल 3. मुरग़ावी
gull (*v.*) धोखा देना, वेवकूफ़ वनाना
gullet गला, कंठ, तंग घाटी, नाली
gully (*n.*) 1. नाली, मोरी, जलमार्ग 2. छुरा
gully (*v.*) नाली खोदना, नालियां वनाना
gulp (*n.*) ग्रास, कौर, घूंट
gulp (*v.*) निगल जाना, हड़प कर जाना
gum 1. गोंद, लेई 2. मसूड़ा
gun बंदूक, तोप
gunboat तोपवाही नौका, गनवोट
gun-carriage तोपगाड़ी
gun-cotton वारूदी रुई

gun-fire गोलाबारी, तोपों की धांयधांय या दनादन, गोलों-गोलियों की बौछार या मार

gunpowder बारूद

gunshot 1. गोली, गोला, छर्रा 2. गोले या गोली की मार

gunner तोपची, बंदूकची, गोलंदाज

gunny 1. टाट, सन, पटसन 2. बोरी, बोरा, टाट का थैला

gunny bag बोरी, बोरा

gush (*n.*) जोर, तेज़ी, बहाव, जोश

gush (*v.*) फूट निकलना, धारा बहना, जोर से बहना या बह निकलना

gust 1. झोंका, झकोरा, थपेड़ा, बहाव 2. उमंग, तरंग, आवेग, जोर

gusto रुचि, शौक, चाव, उत्साह, जोश, उमंग

gusty wind झोंकेदार हवा, तेज़ हवा

gut (*n.*) 1. आंत, तांत, तंतु 2. हिम्मत, दम, शक्ति, उत्साह

gut (*v.*) जला कर राख कर देना, फूंक देना, नष्ट कर देना, आंत निकालना

gutter नाली, परनाला, गन्दी मोरी, पनाली या नाबदानी

gutter press समाचार पत्र, सनसनीदार खबरें देने वाला समाचारपत्र

guy (*n.*) 1. पुतला, गुड्डा, आदमी 2. रस्सा, जंजीर

guy (*v.*) 1. रस्से या जंजीर से खींचना या संभालना 2. मज़ाक बनाना

gymnastics व्यायाम, कसरत, उछल कूद

gynaecology स्त्रीरोग विज्ञान

gynocracy नारीतन्त्र, स्त्रीराज्य

gypsy खानाबदोश, जिप्सी

gyrate घूमना, चक्कर खाना या काटना, एक स्थान के चारों ओर फिरना

gyration चक्कर, गोल चक्कर, भ्रमण, गरदिश

gyratory घूमता हुआ, चक्कर खाता हुआ, चक्कर काटने वाला, गोल फिरने वाला

H

habeas corpus अभियुक्त को अदालत में ला हाजिर करने का परवाना, बन्दी प्रत्यक्षीकरण आदेश

habit आदत, अभ्यास, स्वभाव, चालढाल

habitable रहने योग्य, रहने लायक, बसने योग्य

habitat वास स्थान, प्राकृतिक वास, निवास, घर, जगह, देश, वतन

habitation वास, वास स्थान, निवास, निवास स्थान, रहने का स्थान

habitual आदी, अभ्यस्त, पुराना, रोज का, नित्य का

habitual drunkard पुराना शराबी

habitual offender पुराना अपराधी, आदी मुजरिम

habituate आदत डालना, अभ्यास डालना, आदी बनाना या करना, सधाना

hack writer भाड़े का लेखक

hackneyed बार बार बरता या इस्तेमाल किया हुआ, पुराना, घिसापिटा

haemorrhage रक्तस्राव

haggard परेशान, बुरे हाल, मुर्झाया हुआ, कमज़ोर

haggle भाव या मूल्य पर झगड़ा करना, मोल-तोल करना, भाव चुकाना, तकरार

hail (*n.*) 1. ओला, पत्थर, बौछार 2. जय, जयजयकार, खुशी का नारा

hail (*v.*) 1. जयकार करना, जय पुकारना, सराहना, मुबारकबाद देना, खुशी के नारे लगाना 2. पुकारना, बुलाना, आवाज देना 3. बौछार करना या होना 4. कहीं का निवासी होना

hailstorm ओलों का तूफान, ओलों की वृष्टि

have a hair-breadth escape बाल बाल बचना

hair-splitting बाल की खाल निकालना

halcyon days सुख चैन, अमन चैन, खुशी, खुशहाली, सुख के दिन, खुशी के दिन, अमन चैन का जमाना

hale and hearty स्वस्थ, तन्दुरुस्त, हृष्टपुष्ट, हट्टा-कट्टा, हंसता खेलता

half 1. आधा, अधूरा, अपूर्ण 2. आधा टुकड़ा या हिस्सा

half-breed वर्णसंकर, दोगला, दोनस्ला

half-hearted 1. अनमना, निरुत्साह, बददिल 2. बेदिली का, बे जी का, अनमनेपन का

half-heartedly आधे मन से, अनमनेपन से, बेदिली से

half-mast आधा झुकाया हुआ

half measure अधूरा काम, अधूरी व्यवस्था, अपूर्ण उद्योग

half-truth कुछ सच कुछ झूठ, आंशिक सत्य

half-yearly अर्धवार्षिक, अधसाला, छमाही

hall कक्ष, बड़ा कमरा, हाल

hall mark प्रमाणचिह्न, मोहर, मुद्रा, छाप, सनद

hallow पवित्र करना, पूजा करना

hallucination मतिभ्रम, भ्रम, भ्रांति, मरीचिका, वहम, दृष्टि-भ्रम

halo प्रभामंडल, प्रकाश, रोशनी का हलक़ा, दिव्य, शोभा

halt (*n.*) पड़ाव, डेरा, विश्राम, विराम

halt (*v.*) पड़ाव डालना, डेरा डालना, रुकना, ठहरना

cry halt to रोक देना, बंद कर देना

halter फांसी, गले का फंदा, रस्सी

halve आधा करना, दो टुकड़े करना, दो खंड करना, दो में बांटना, विभाजन करना

hamlet छोटा गांव, छोटी बस्ती, पुरवा

hammer (*n.*) हथौड़ा

hammer (*v.*) 1. ठोकना, पीटना, चोट करना या लगाना 2. गढ़ना, बनाना, रूप देना, ठोक पीट कर दुरुस्त करना

bring to hammer नीलाम पर चढ़ाना, नीलाम करना

hammer out the details ब्यौरा तैयार करना

hamper बाधा डालना, विघ्न डालना, रुकावट डालना, रोड़े अटकाना, अड़ंगा लगाना, रोकना

hand (*n.*) 1. हाथ, मुट्ठी 2. आदमी, मजदूर, श्रमिक, कामगार 3. तरफ़, ओर, पहलू 4. वश, अधिकार, कब्जा

hand (*v.*) देना, सौंपना, हवाले करना, पकड़ाना, पहुंचाना

change hands (of property) हस्तांतरण, दूसरे के अधिकार में देना या जाना, एक से दूसरे के पास जाना

first hand निजी, व्यक्तिगत, आंखों देखा, प्रत्यक्ष, पक्का, बिल्कुल ताजा या नया, अछूता

second hand 1. पुराना, इस्तेमाल किया हुआ, घटिया 2. सुनी-सुनाई, अप्रत्यक्ष

strong hand दृढ़ता, मज़बूती, दृढ़ व्यक्ति, मज़बूत आदमी

gain the upper hand विजय पाना, जीतना, बाज़ी ले जाना, पल्ला भारी रहना या होना

good hand 1. कुशल, चतुर, होशियार, काम का 2. अच्छी बाज़ी

have one's hands full बहुत काम होना, कार्य व्यस्त होना, हाथ रुके या भरे होना

off hand तत्काल, एक दम, फौरन, झट, उसी वक्त, तुरंत, बेसोचे समझे

hand in hand साथ साथ, मिले हुए, हाथ में हाथ दिए

hand to hand घमासान मुठभेड़, हाथों हाथ

hand to hand fight गुत्थमगुत्था, पास में आने पर मुठभेड़, हाथापाई

have a hand in संबंध होना, हाथ होना, दखल होना

lend a hand हाथ बंटाना, योग देना, मदद करना, सहारा देना

take in hand आरंभ करना, शुरू करना, हाथ में लेना, हाथ लगाना, जिम्मा लेना

wash one's hands हाथ खींचना, हाथ उठा लेना, अलग हो जाना

handbill पर्चा, इश्तहार, हैंडबिल, विज्ञापनपत्र

handbook गुटका, विवरण पुस्तक, छोटी सी किताब, पुस्तिका

handcuff (*n.*) हथकड़ी

handcuff (*v.*) हथकड़ी डालना या लगाना, पाबंद करना

hand down परम्परा से चले आना, देना, सौंपना, पहुंचाना, हाथों हाथ पहुंचाना

handful मुट्ठी भर, एक मुट्ठी, थोड़ा सा, गिनेचुने

hand grenade हथगोला, हथबम

hand-loom करघा, हथकरघा

handmaid परिचारिका, दासी, नौकरानी

hands off हाथ मत लगाओ, दूर रहो, खबरदार

hand-out प्रकाशनार्थ लिखित वक्तव्य

hand over सौंपना, दे देना, सुपुर्द करना

handicap (*n.*) रोक, रुकावट, बंधन, प्रतिबंध, बंदिश, कैद, कमी, अड़चन

handicap (*v.*) रुकावट डालना, हाथ बांधना, बांधना

handicraft शिल्प, दस्तकारी, कारीगरी, हुनर, हाथकारीगरी

handiwork, handwork हाथ का काम, कृति

handsome 1. भला, सुन्दर, खूबसूरत 2. उदार 3. काफ़ी, बहुत, ज्यादा

handwriting लिखाई, लिखावट, हस्तलिपि, लिखत

handle (*n.*) मूठ, हत्था, दस्ता, बैट, हैंडल, पकड़

handle (*v.*) 1. संभालना, वश में करना, बंदोबस्त करना, निबटाना 2. बरतना, बरताव करना, काम में लाना, हाथ में लेना, हाथ लगाना, छूना, चलाना, हाथ से पकड़ना

handle the situation परिस्थिति संभालना, परिस्थिति से निपटना

handy सुविधाजनक, उपयोगी, आराम का, तैयार, छोटा सा, पास

hang 1. लटकना, टंगना, लटकाना, टांगना 2. फांसी देना, फांसी पर चढ़ाना

hang about 1. इधर उधर फिरना या चक्कर काटना, इर्दगिर्द भीड़ लगाना 2. देर करना, वक्त गुजारना

hang back झिझकना, हिचकिचाना, रुकना, पीछे हटना, करते करते रुक जाना या हाथ खींच लेना

hang fire रुकना, रुक जाना, देर करना, देर लगाना, विलम्ब करना

hang in the balance अनिश्चित होना, अधर में होना या लटकना, दुविधा या असमंजस में होना

get the hang of गुर समझ लेना, गुर पा लेना, समझ में आना या बैठना, तह को पहुंच जाना

hang on to चिपटे रहना, लगे रहना, पकड़े रहना, डटे रहना, आसरा या भरोसा किए रहना

hangman जल्लाद

hangar विमान-घर, विमानशाला

hanger-on पिछलग्गू, आश्रित, लगा-लिपटा

hanker इच्छा करना, बेकरार होना, चाहना, लालसा करना

hanky-panky जाल, धोखा, फ़रेब, बेईमानी, जादू का खेल, बाज़ीगरी

haphazard अनियमित, क्रमहीन, ऊटपटांग, अटकलपच्चू, ऊलजलूल, आकस्मिक

happen होना, बीतना, गुजरना, घटना, आ पड़ना, पेश आना, अचानक हो जाना

happening घटना, हादसा, वाकया

happiness सुख, सुख शांति, आराम, आनन्द, प्रसन्नता, समृद्धि

happy 1. सुखी, प्रसन्न, निहाल 2. अच्छा, शुभ, मुबारक 3. ठीक, मुनासिब, उचित

hara-kiri आत्महत्या (जिसे जापानी लोग प्रतिष्ठित समझते हैं)

harangue (*n.*) जोरदार या प्रचंड या भीषण या ओजस्वी भाषण

harangue (*v.*) जोशभरा या जोशीला भाषण देना

harass सताना, तंग करना, छेड़ना, हैरान करना, परेशान करना, छापे मारना, थकाना, डराना

harassment परेशानी, घबराहट, हैरानी, क्लेश, पीड़ा

harbinger अग्रदूत, पूर्व सूचना देने वाला, सूचक, खबर लाने या देने वाला, हरकारा

harbour (*n.*) बंदर, बंदरगाह

harbour (*v.*) 1. मन या दिल में रखना, मन या दिल में जगह देना 2. छिपा रखना, आसरा देना, टिकाना, बचाना

hard (*adj.*) 1. कठिन, मुश्किल, मेहनत का, तंगी का, बुरा, मुसीबत का, भारी 2. कड़ा, कठोर, सख्त, ठोस

hard (*adv.*) मेहनत से, लगन से

hard and fast निश्चित, नियत, बंधा हुआ, नपा-तुला

hard and fast rule कठोर या निश्चित नियम, कड़ा नियम, स्थिर नियम

hard cash नकद रुपया, नकदी

hard currency दुर्लभ मुद्रा

hard currency area (s) दुर्लभ मुद्रा क्षेत्र

hard-earned मेहनत से कमाया हुआ

hard labour कठोर श्रम

hard water खारा पानी

be hard put to it मुश्किल या कठिनाई में पड़ना, मुश्किल का सामना होना

harden कड़ा होना, पक्का होना या करना, कठोर होना, सख्त होना या करना, जमना

hardly मुश्किल से, थोड़ा, कुछ, शायद ही, कम ही, कठिनाई से

hardness 1. कड़ापन, ठोसपन, सख्ती, मजबूती 2. मुश्किल, कठिनाई

hardship कष्ट, क्लेश, दुःख, दुर्भाग्य, कठिनाई, तंगी, परेशानी, दरिद्रता, अनुचित व्यवहार

hardware लोहे की चीजें

hardy साहसी, बहादुर, दृढ़, मजबूत, पक्का

hardy annual बारामासी, हर वर्ष उठने वाला मामला

harm (*n.*) हानि, क्षति, नुकसान, चोट, दुःख, तकलीफ़, बुराई

harm (*v.*) हानि या नुकसान या चोट पहुंचाना

harmful हानिकर, नुकसानदेह, बुरा

harmless अहानिकर, नुकसान न पहुंचाने वाला, नुकसान न पहुंचा सकने वाला

harmonious सुसंगत, एकरस, सुरीला, मेल मिलाप का, मैत्रीपूर्ण

harmonize 1. अनुकूल करना, मेल खाना, तालमेल होना या करना, समन्वय करना 2. एक ताल करना या होना, सुर मिलना या मिलाना 3. शांति स्थापित करना

harmony 1. मेल, मेल-मिलाप, मैत्री 2. तालमेल, समताल, स्वर संगति 3. समन्वय

harness (*n.*) साज, सामान

harness (*v.*) 1. काम में लाना या लगाना, उपयोग करना 2. जोतना, बांधना, साज डालना, साज सामान से लैस करना

harp on रट लगाना, बार बार कहना, राग अलापना, बात पीटना

harsh 1. कठोर, सख्त, बेरहम, रूखा 2. कर्कश, कर्णकटु, खुरदरा

harvest (*n.*) 1. कटाई, कटनी 2. फसल, उपज, पैदावार, खेती, फल, नतीजा

harvest (*v.*) काटना, कटाई करना, इकट्ठा करना, जमा करना, बटोरना

harvest season फसल कटाई के दिन या मौसम या समय

haste जल्दी, शीघ्रता, तेज़ी, हड़बड़ी, उतावली
hasten जल्दी करना या कराना, शीघ्रता करना या कराना, चाल बढ़ाना या तेज करना
hasty जल्दी का, जल्दबाज़ी का, बे सोचे समझे, उतावला
hat-trick (क्रिकेट में) बिना रन करने दिए लगातार तीन विकेट ले लेना
hatch (*n.*) खिड़की, झरोखा
hatch (*v.*) पकाना, सेना, नतीजा निकालना, रचना, तैयार करना, गढ़ना
hatchet कुल्हाड़ी, फरसा
bury the hatchet झगड़ा समाप्त करना, लड़ाई बंद करना, मामला खत्म कर देना, संधि या मित्रता करना, मेल मिलाप करना
hate (*n.*) घृणा, नफ़रत, वैर, दुश्मनी, द्वेष
hate (*v.*) घृणा करना, नफ़रत करना या होना, बहुत बुरा समझना, वैर या दुश्मनी रखना
hatred घृणा, नफ़रत, वैर, दुश्मनी, द्वेष
haughty घमंडी, अभिमानी, अहंकारी, ढीठ, शोख
haul घसीटना, घसीटते हुए खींचना, ढोना
haulage ढुलाई, ढुलाई भाड़ा
haunt (*n.*) अड्डा, बसेरा, अखाड़ा
haunt (*v.*) 1. पीछे पड़ना 2. बार बार आना जाना, आवाजाही करना 3. बार बार घूमना या आना 4. भूत या प्रेत का लगना
haven बन्दर, बन्दरगाह, रक्षा स्थान, बचाव की जगह, पनाह
havoc तबाही, बरबादी, सर्वनाश, उत्पात, उपद्रव
hawk फेरी लगाना
hawker फेरीवाला
make hay फ़ायदा उठाना, आगे के लिए जमा करना
hazard (*n.*) जोखिम, खतरा, आशंका, जुआ
hazard (*v.*) जोखिम में डालना या पड़ना, दांव खेलना या लगाना, हिम्मत करना
hazardous जोखिम का, संकटमय, खतरनाक
haze धुन्ध, कुहरा, गुबार
hazy अस्पष्ट, धुंधला

head (*n.*) 1. सिर 2. सरदार, मुखिया, प्रधान, सदर, नायक, सबसे बड़ा अफसर 3. व्यक्ति, आदमी, शख्स 4. चोटी, ऊंचाई, सिरा, अगला सिरा 5. उभार, आखिरी हद 6. मद, दर्जा
head (*v.*) 1. किसी दल या मंडल का नेता होना, आगे आगे होना या चलना 2. रास्ता बताना 3. सीधा जाना
come to a head हद को पहुंच जाना, पूरा होना, उभरना, पकना, गंभीर रूप धारण करना
lose one's head 1. घबरा जाना, गड़बड़ा जाना, आपे से बाहर हो जाना, सुधबुध खो देना 2. मृत्युदंड मिलना
turn one's head सिर फेर देना, अभिमान या घमड पैदा कर देना, दिमाग आसमान पर चढ़ा देना
head chieftain मुख्य सरदार, सरदारों का मुखिया
heading शीर्षक, सरनामा. मद
headland रास, अन्तरीप
head-light सामने की बत्ती
headline(s) 1. सुर्खी, पहली सतर या लाइन 2. मुख्य समाचार, खास या खास खास या बड़ी बड़ी या मोटी मोटी खबरें
headman नेता, सरदार, मुखिया, चौधरी
head of the village गांव का मुखिया
head office प्रधान कार्यालय, बड़ा दफ़्तर, सदर दफ़्तर, हेड आफिस
headquarters प्रमुख कार्यालय या शिविर केंद्र, मुख्यालय, सदर मुकाम, हेडक्वार्टर
headstrong हठी, हठीला, जिद्दी, मुंहजोर, उद्दंड
headway 1. प्रगति, बढ़ती, उन्नति, तरक्की 2. ऊंचाई, गुंजाइश
make headway प्रगति करना, आगे बढ़ना
head-works हेडवर्क्स, मुख्य स्रोत
heady 1. तीव्र, उग्र, उग्रस्वभाव, तेज़, जल्दबाज़, दुराग्रही, साहसी, उद्धत 2. नशीला, मादक
heal स्वस्थ करना या होना, नीरोग करना, अच्छा करना, चंगा करना, (घाव का) भरना
health स्वास्थ्य, सेहत, तंदुरुस्ती

primary health centre प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
health resort स्वास्थ्यप्रद स्थान
healthy 1. स्वस्थ, भलाचंगा, तंदुरुस्त 2. अच्छा, ठीक, साफ
heap (*n.*) ढेर, अंबार, ठट
heap (*v.*) ढेर लगाना, इकट्ठा करना, जमा करना, लादना
hearing 1. सुनवाई 2. पेशी
hearsay सुनी सुनाई बात, अफवाह, किंवदंती
hearsay evidence सुनी सुनाई गवाही
hearse मुर्दा ले जाने की गाड़ी, अर्थी
heart 1. दिल, हृदय, जी, मन, अन्तर 2. साहस, हौसला, हिम्मत 3. निचोड़, सत 4. बीच, बीचों बीच
have at heart दिल में होना, ध्यान रखना, ख्याल रखना, दिलचस्पी होना
set one's heart on बहुत चाहना, जी से चाहना, दिल लगाना, ठान लेना
heart-burning ईर्ष्या, जलन, कुढ़न, वेदना, कष्ट, हृदय का दुखना
heart-rending हृदय विदारक, जी या दिल दहला देने वाला, मर्मभेदी
heart-searching अपने मन को टटोलना, आत्मपरीक्षा
hearten हिम्मत बढ़ाना, दिल बढ़ाना, दिल रख लेना, दिलासा देना
heart-felt दिली, हार्दिक, आन्तरिक, निष्कपट
heartily हृदय से, सच्चे दिल से, जी जान से, जी भर के, पूरी तरह से
heartless निर्दय, कठोर, निष्ठुर, बेरहम, हृदयहीन
hearth and home घर, घरबार, जानमाल
hearty हार्दिक, दिली, सच्चा
heat 1. गर्मी, तपन, ताप 2. आवेश, ताव, उग्रता, तेज़ी, जोश, उबाल, गर्मागर्मी
heat of passion भावावेश, क्रोधावेश, जोश
heat-stroke लू लगना
heat-wave लू, सख्त गर्मी, कड़ी गर्मी, गर्मी की लहर

heathen 1. मूर्तिपूजक, बुतपरस्त, काफ़िर, नास्तिक 2. असभ्य, अशिष्ट, अधर्मी
heaven 1. स्वर्ग, बहिश्त, जन्नत 2. आसमान, आकाश
heavenly दिव्य, स्वर्गीय, स्वर्गिक
heavy 1. भारी, बोझिल 2. बड़ा, घना, गहरा 3. कठिन, सख्त, जोर का 4. सुस्त, उदास
heavy artillery भारी तोपें
heavy industry भारी उद्योग, भारी मशीनी उद्योग
heavy machine building shop भारी मशीन या यंत्र बनाने का कारखाना
heavy rains भारी वर्षा
heavy water भारी पानी
heckle टोकना, बात काटना, बोलने न देना, बोलना मुश्किल कर देना, सवालों की बौछार करना
hectic 1. जोर शोर का, तेज़ी का, जोशभरा, प्रचंड, तमतमाया हुआ 2. खलबलीपूर्ण 3. क्षय रोग का
hedge (*n.*) बाड़, झाड़ी
hedge (*v.*) घेरना, रोकना, टालमटोल करना, कतराना, बचना
hedging (सट्टे में) घेराबंदी या रोकथाम
hedging operations पेशबन्दी
heed (*n.*) ध्यान, सावधानी, परवाह, होशियारी
heed (*v.*) ध्यान देना, परवाह करना, मानना
heedless लापरवाह, बेपरवाह, असावधान, अचेत, बेखबर, बेफ़िक्र
hegemony नेतृत्व, सरदारी, आधिपत्य, प्रभावक्षेत्र
height 1. ऊंचाई 2. ऊंची जगह, चोटी, टीला 3. पराकाष्ठा, चरम सीमा, हद
heighten बढ़ाना, ऊंचा करना, चढ़ाना, तीखा करना, तेज़ करना
heinous घोर, भयानक, जघन्य, घृणित, निन्दनीय, हौलनाक
heir उत्तराधिकारी, वारिस, हकदार
heir-apparent युवराज, राजकुमार

heirloom पैतृक संपत्ति, बाप दादा के समय से मिली हुई कोई वस्तु, वंशागत मूल्यवान वस्तु या गुण, मौरूसी चीज
heir-presumptive संभावित उत्तराधिकारी या वारिस
helicopter हैलीकोप्टर
hell नरक, जहन्नुम, मुसीबतों का घर
helm (*n.*) पतवार, बागडोर
helm (*v.*) चलाना, बंदोबस्त करना, सूत्र चालन, नियंत्रण
at the helm of affairs कर्णधार, सूत्रधार
helmet धातु का टोप, शिरस्त्राण
help (*n.*) 1. सहायता, मदद, सहारा, बचाव 2. बस
help (*v.*) 1. मदद करना या देना, सहायता करना या देना, सहारा देना 2. रोकना 3. वस का होना
helpful उपयोगी, लाभदायक, हितकर, काम का, फ़ायदेमंद, सहायक, मददगार
helping सहायक, मददगार, मदद देने या करने वाला
helpless लाचार, असहाय, विवश, बेबस, मजबूर, निरुपाय, निरावलम्ब, बेआसरा
helpmate सहायक, सहकारी, साथी, मददगार
helter-skelter (*adj. adv.*) गिरते-पड़ते, हड़बड़ी में, हड़बड़ाकर, अस्तव्यस्त
helter-skelter (*n.*) हड़बड़ी, घबराहट, खलबली. अस्तव्यस्तता
hem (*n.*) किनारा, छोर, गोट, मगज़ी, हाशिया
hem (*v.*) गोट या मगज़ी लगाना
hem in, hem about, hem round घेर लेना, घेरे में ले लेना
hemisphere गोलार्ध
hemp 1. सन, पटुआ 2. भांग
hence 1. यहां से, इधर से, अब से 2. इसलिए, इस वास्ते, अतएव, इस कारण
henceforth, henceforward अब से, आज से, आगे, आगे से, इसके आगे, इसके वाद से, आइंदा
henchman चेला, पिट्ठू, अनुचर, भरोसे का साथी
herald (*n.*) दूत, अग्रदूत, संदेशवाहक, घोषक हरकारा, निशानी
herald (*v.*) आने की खबर देना. खबर देना, सन्देश लाना या सुनना, ढिंढोरा पीटना, एलान करना, निशानी होना, आगे आगे होना
herbarium जड़ीबूटी संग्रहालय
Herculean task भगीरथ प्रयत्न, बहुत कठिन कार्य
herd झुंड, यूथ, गल्ला, समूह, ठट, जत्था
here and there इधर उधर, जहां तहां
hereby इसके द्वारा, इस से, इस कारण से, इस रीति से
hereinafter इसके पश्चात, इसके बाद, इसके उपरान्त, इसके आगे, आगे चलकर
hereof इसका, इससे
hereto इस मामले में, इस बात में, इस बात पर
hereupon इस पर, इसके वाद
herewith इसके साथ
hereditament वंश-परंपरागत संपत्ति, बाप दादा की जायदाद, पैतृक संपत्ति
hereditary पैतृक, वंशागत, क्रमागत, परम्परागत, बाप दादा का, मौरूसी
hereditary disease वंशागत रोग, पैतृक रोग
heredity वंश परम्परा, विरासत, दाय, उत्तराधिकार
heresy नास्तिकता, पाखंड, कुफ़्र, विधर्म, विश्वास-भेद
heretic नास्तिक, काफ़िर, पाखंडी, विधर्मी
heritable तरके में मिल सकने वाला, उत्तराधिकार योग्य
heritage पैतृक धन, दाय, बपौती, उत्तराधिकार, विरासत, वंशपरंपरा, नस्ल
hernia आंत उतरना, अन्त्रवृद्धि
hero 1. वीर, शूरवीर, बहादुर, सूरमा 2. नायक, कथापुरुष, हीरो
heroic वीरतापूर्ण, बहादुरी का, वीरोचित, शानदार

heroine 1. वीर स्त्री, बहादुर औरत 2. नायिका, हीरोइन
heroism वीरता, शूरता, पराक्रम, बहादुरी
hesitant हिचकिचाता हुआ, ढुलमुल, अनिश्चित
hesitate हिचकिचाना, झिझकना, संकोच करना, असमंजस या दुविधा में पड़ना
hesitation संकोच, हिचकिचाहट, झिझक, दुविधा, उलझन, चक्कर, सन्देह, संशय, सोच
heterodoxy विधर्मता, नास्तिकता, शास्त्रविरोध, भिन्नमत
heterogeneity विभिन्न-जातीयता, विविधता
heterogeneous विविध प्रकार का, विविध-जातिक, विभिन्न-जातीय, पचमेल, विविध तत्वों का बना हुआ
hew 1. टुकड़े करना, काटना 2. गढ़ना, तराशना
hiatus अंतर, क्रमभंग, दरार
hibernate शीत निद्रा में होना, निष्क्रिय बन जाना
hibernation शीतनिद्रा, निष्क्रियता, (पशुओं का) जाड़ों भर सुस्त पड़े रहना
hide (*n.*) चमड़ा, चमड़ी, खाल
hide (*v.*) छिपना, छिपाना
hide and seek आंख-मिचोली, लुकाछिपी
hideous 1. भयंकर, डरावना, कुत्सित 2. घृणित, वीभत्स
hiding 1. छिपना, छिपाना 2. ठुकाई, पिटाई, मार
hierarchy पद-सोपान, पद-परंपरा
hieroglyph 1. प्राचीन चित्रलिपि 2. गुप्त लिपि, संकेत लिपि 3. पढ़ा न जाने वाला लेख
higgle भाव या मूल्य पर झगड़ा करना, मोलतोल करना, भाव चुकाना, तकरार करना, हुज्जत करना
higgling भावताव करना, मोलतोल करना
high 1. ऊंचा, उठा हुआ, उभरा हुआ, बड़ा, अच्छा, भारी 2. गहरा, गंभीर, बहुत 3. महंगा, तेज
high and low ऊंचनीच, छोटा बड़ा, अमीर गरीब, ऊपर नीचे
High Command उच्च या हाई कमान, अधिष्ठाता वर्ग
High Commission उच्चायोग, हाई कमीशन
High Commissioner हाई कमिश्नर, उच्चायुक्त
High Court उच्च न्यायालय, हाई कोर्ट, बड़ी अदालत
high-handed मनमाना, स्वेच्छाचारी, अत्याचारी, जालिमाना, सख्ती का, कठोर, उद्धत
high-handedness अत्याचार, मनमानी, अंधेर, अंधेरखाता, जबरदस्ती
high-level committee उच्च स्तरीय समिति या कमेटी, वरिष्ठ समिति
highlight(s) मुख्य या विशेष विषय
highlight (*v.*) विशेष प्रकाशन या प्रख्यापन करना
high-power commission उच्चाधिकार-प्राप्त आयोग
high-power committee उच्चाधिकार-प्राप्त समिति
high road राजपथ, राजमार्ग, बड़ी सड़क, शाहराह, खुला रास्ता
high seas खुला समुद्र, बीच समुद्र, तट से तीन मील आगे का समुद्र, प्रादेशिक समुद्र से आगे
high-sounding आडम्बरी, शब्दाडम्बरपूर्ण
high spirits उत्साह, उमंग
high treason देशद्रोह, घोर देशद्रोह, राजद्रोह
high-water mark उच्चतम सीमा, पराकाष्ठा, सब से ऊंची हद, सब से अच्छी दशा या हालत
highway राजपथ, राजमार्ग, बड़ी सड़क, शाहराह, खुला रास्ता
highly coloured बहुत रंगा हुआ, बढ़ाया चढ़ाया हुआ, अतिरंजित
hiking पैदल सैर
hill पहाड़ी, टीला
hill resort पहाड़ी सैरगाह
hill station स्वास्थ्यवर्द्धक पर्वतीय स्थान, पहाड़ी स्थान
hill tribe पहाड़ी जाति

hilly पहाड़ी, पथरीला

hilt मूठ, दस्ता, सिरा

hind पिछला, पीछे का

hinder बाधा डालना, विघ्न डालना, रुकावट डालना, अड़ंगा लगाना, रोकना, टोकना, रोकटोक करना, मना करना

hindrance अड़चन, बाधा, रुकावट, विघ्न

Hindu law हिन्दू कानून, हिन्दू विधि

Hinduism हिन्दू धर्म

hinge (*n.*) कब्जा, केन्द्र बिन्दु

hinge (*v.*) कब्जा या चूल लगाना, निर्भर होना

hint (*n.*) संकेत, इशारा

hint (*v.*) इशारा करना

hinterland पश्चदेश, समुद्रतट अथवा नदी के किनारे के पीछे का प्रदेश

hire (*n.*) किराया, भाड़ा, मजदूरी, मेहनताना

hire (*v.*) किराये या भाड़े पर लेना या देना या रखना

hire-purchase किश्तों पर खरीदना

hireling भाड़े का टट्टू, मजदूर

hiss (*n.*) सिसकारी, फुफकारी

hiss (*v.*) सिसकारना, फुफकारना, तिरस्कार प्रकट करना

historian इतिहासकार, इतिहास लेखक

historic (AL) ऐतिहासिक, इतिहास प्रसिद्ध, इतिहास विषयक, तारीखी, प्रख्यात, याद रहने वाला, प्रामाणिक

historic occasion ऐतिहासिक अवसर

historical background ऐतिहासिक पृष्ठभूमि या पार्श्वभूमि या भूमिका

history इतिहास, तारीख, वृत्तांत, पुरानी बात, सच्ची कहानी, हाल, वाकया

natural history जंतुशास्त्र, प्रकृतिज्ञान

histrionic नाटकीय, नाट्य संबंधी, अभिनय संबंधी, दिखावे का, तमाशे का

histrionics नाटक, स्वांग, तमाशा, दिखावा

hit (*n.*) 1. मार, चोट, निशाना, लक्ष्य 2. कामयाबी, सफलता

hit (*v.*) मारना, चोट करना, निशाना ठीक बैठाना, टकराना, लगना, छूना, पहुंचाना, सूझ जाना

be hard hit हानि उठाना, नुकसान उठाना, चोट खाना, शिकार होना, मुसीबत में होना

hit back बदले की चोट करना, जवाबी मार करना, प्रत्याघात करना

hit below the belt 1. धोखे से मारना, धोखा देना, कमीनापन करना 2. नियम विरुद्ध लड़ना, बेकायदा लड़ना

hit out जोर से मारना, बेतहाशा मारना, हिटें मारना या लगाना, पूरे जोश से मारना या लड़ना

hit upon 1. पाना, पा लेना, मिल जाना, हाथ आना या लगना 2. पहुंचना, पहुंच जाना 3. सूझना

hitch (*n.*) 1. रोक, रुकावट, अटक, अटकाव 2. गांठ, गुत्थी, मुश्किल, अड़चन

hitch (*v.*) बांधना, साथ लगाना, जोतना

hitch one's wagon to a star बड़े आदमी के साथ ही रहना, बड़ी ताकत से संबंध बांधना, बड़ी जगह रिश्ता जोड़ना, बड़े से पल्लू बांधना

hoar-frost पाला, तुषार, कुहरा

hoard (*n.*) राशि, ढेर, भंडार, संग्रह, पूंजी, जमा

hoard (*v.*) जमा कर रखना, संचय करना, जोड़ना, भर रखना, गाड़ रखना, दबाकर रखना

hoarding जमाखोरी

hoarse भारी, भर्राई या फटी, कर्कश

hoary 1. सफेद बालों का, धौला, वृद्ध, बुजुर्ग 2. आदरणीय

hoax धोखा, धुप्पल, मज़ाक, बहकावा

hobby प्रिय कार्य, शौक

hoist उठाना, चढ़ाना, ऊंचा करना, फहराना

hold (*n.*) 1. पकड़, थाम, गिरफ्त, मुट्ठी, कब्जा, असर, बंधन 2. बस, काबू, अधिकार, इख़्तियार 3. टेक, ठिकाना 4. जहाज़ का पेटा

hold (*v.*) 1. पकड़ना, बांधना, रोकना, थामना, रोके रहना 2. मानना, समझना, गिनना, ख्याल करना, विचार रखना, ठहराना 3. समाना, आना, गंजाइश होना 4. करना, रचाना, मनाना 5. होना, ठहराना, टिकना, रहना, सहारना, डटे रहना, रुकना

hold an office पद पर होना

hold brief for वकालत करना

hold good लागू होना, जमना, ठीक होना

hold in demesne भूस्वामी होना

hold on पकड़े रहना, थामे रहना, लगे रहना, डटे रहना, चलते रहना, चालू रखना या रहना

hold out 1. सहना, सह जाना, सहारना, गुजार ले जाना 2. अटल रहना, डटे रहना, कायम रहना, चलना

hold over रोक रखना, स्थापित करना, मुल्तवी करना

hold together संभाले रखना, बना रहना, इकट्ठा रखना, रोके रहना या रखना

hold up रोकना, रोक रखना, उठाना, संभालना, सहारा देना

holding खेती की जमीन, पट्टे की जमीन, जमाबंदी की जमीन, जोत

consolidation of holdings चकबन्दी

fragmentation of holdings कृषिभूमि का टुकड़ों में बंट जाना

hole छेद, छिद्र, सूराख, दरार, गड्ढा, मुंह, घर, बिल, खोह, रंध्र

holiday छुट्टी, अवकाश, पर्व, त्योहार

hollow (*adj.*) 1. खोखला, पोला, खाली, शून्य, फुसफुसा 2. असार, तत्वहीन, बनावटी, कोरा, झूठा

hollow (*n.*) कोटर, गड्ढा, धंसा हुआ

hollow (*v.*) खोखला या पोला करना

holocaust आहुति, होम, संहार, जननाश

holy पावन, पवित्र, पुण्य

homage श्रद्धांजलि

pay homage श्रद्धांजलि देना, सम्मान करना, अभिनन्दन करना, सिर झुकाना

home (*adj.*) देसी, निजी, अपना, घरेलू, घर का, अंदरूनी

home (*n.*) 1. घर, मकान, डेरा, ठिकाना 2. देश, जन्मभूमि, मातृभूमि, वतन

bring home to समझाना, दिल में बिठा देना, सिद्ध या प्रमाणित कर देना, साबित कर देना, कायल कर देना

home-guard नगर सैनिक, गृह रक्षक, होमगार्ड

homeless बेघर, बेघरबार, गृहहीन, निराश्रय, बेआसरा, खानाबदोश

home-made स्वदेश निर्मित, स्वदेशी

Home Member गृहसदस्य, गृहमंत्री

Home Rule होमरूल, स्वशासन, स्वराज्य

homespun घर-बुना, हाथ से कते सूत का बुना वस्त्र

homeopathy होमियोपैथी

homicide मानवहत्या, मानववध, हत्या, नरहत्या

homily 1. धर्मोपदेश, धर्म प्रवचन, नीति का उपदेश 2. जी को उबाने वाली चर्चा

homocentric एक-केन्द्रिक

homogeneous सजातीय, समरूप, एक-जातिक, एकरूप, एक सा

homologous सजातीय, सधर्म, अनुरूप, समानुपात

honest 1. सच्चा, ईमानदार, बेलाग, खरा, निष्कपट 2. सत्य, ठीक-ठीक

honesty ईमानदारी, नेकनीयती, सच्चाई, सत्यनिष्ठा, निष्कपटता, खरापन

honey शहद, मधु

honeymoon मधुकाल, मधुमास, प्रमोद काल

honorarium मानभेंट

honorary 1. अवैतनिक, मानसेवी, आनरेरी 2. सम्मानार्थ, गौरवार्थ

honorary citizenship सम्मानित नागरिकता

honorary degree सम्मानसूचक उपाधि

honour (*n.*) 1. आदर, मान, सम्मान, इज्जत, प्रतिष्ठा, गौरव 2. उपाधि, पदवी 3. आन, लाज, आबरू, ईमान 4. जनाब, हुजूर

honour (*v.*) 1. आदर करना, मान करना, इज्जत करना 2. सकारना, निबाहना, पूरा करना, मानना

word of honour वचन

honourable माननीय, आदरणीय, सम्मान्य, इज्जतदार, ईमानदार, आनरेबल

honours 1. मान, इज्जत 2. उपाधि, पदवी, खिताब

hoodwink धोखा देना, आंखों में धूल झोंकना, चकमा देना, छलना

hook कांटा, अंकुश, आंकड़ा

by hook or crook किसी न किसी प्रकार से

hooligan गुंडा

hooliganism गुंडागर्दी

hoot (*n.*) उल्लू की बोली, सीटी की आवाज, भोंपू की आवाज

hoot (*v.*) धुतकारना, ले दे करना, हू हू करना, उल्लू की आवाजें निकालना

hop (*n.*) 1. छलांग, फलांग, उछाल, कूद 2. उड़ान

hop (*v.*) छलांग या फलांग मारना या लगाना, उड़ान भरना, कूदना, उछलना, उचकना, फुदकना

hope (*n.*) आशा, उम्मीद, विश्वास, भरोसा, आसरा, सहारा

hope (*v.*) आशा करना या रखना, उम्मीद करना या रखना या बांधना, भरोसा करना या रखना

forlorn hope 1. निराशा, मायूसी 2. जी तोड़ कोशिश

hopeful 1. आशाजनक, उम्मीद दिलाने वाला, अच्छा 2. आशा या उम्मीद रखने वाला

hopeless 1. निराशाजनक 2. निराश, नाउम्मीदी 3. बुरा, बिगड़ा हुआ, बेनतीजा, बेइलाज

horde दल, जत्था, गिरोह

horizon क्षितिज, दिगन्त, जमीन की हद, दृष्टि प्रसार, नज़र की हद

horizontal चपटा, पड़ा, लेटा हुआ, समस्थ, समतल

hornet भिड़

bring a hornets' nest about one's ears भिड़ के छत्ते में हाथ देना

raise a hornets' nest भिड़ों का छत्ता छेड़ना, मुसीबत मोल लेना, मुफ्त की आफ़त अपने सिर लेना

draw in one's horns रुक जाना, ठंडा पड़ जाना, अपना जोश रोक लेना, दब जाना, सींग समेटना

horoscope जन्मपत्री, जन्मकुंडली

horrify डरा देना, दहला देना, थर्रा देना

horror भय, डर, आतंक, कंपकंपी, थरथरी, थर्राहट, हौल, दहशत

ride the high horse घमंड करना, गरूर करना, जमीन पर पैर न रखना, दिमाग आसमान पर चढ़ाना

horse artillery हल्का तोपखाना, अश्ववाहिनी तोपें

horsepower अश्वशक्ति

horse sense साधारण समझ, मामूली समझ, अटकल, साधारण समझ की बात

horticulture बागवानी, उद्यान विज्ञान

hose 1. पानी छिड़कने की नली 2. मौजा, जुर्राब

hospitable अतिथि सत्कार करने वाला, आतिथ्यकारी, सत्कारशील, खातिर करने वाला, मेहमाननवाज़

hospital चिकित्सालय, हस्पताल, अस्पताल

hospitality अतिथि सत्कार, अतिथि सेवा, आतिथ्य, आवभगत, खातिर, मेहमानदारी, मेहमान नवाज़ी

host 1. आतिथ्य करने वाला, गृही, मेज़बान, मेहमानदार 2. लश्कर, सेना, फौज, दल

hostage बंधक, शरीर बंधक, प्रतिभू, ज़ामिन

hostel छात्रावास, सराय

hostile 1. विरोधी, प्रतिपक्षी, दुश्मन, वैरी 2. प्रतिकूल, विरुद्ध, खिलाफ

hostile witness बिगड़ा गवाह

hostility वैर, विरोध, लड़ाई, शत्रुता, दुश्मनी, लाग, खटपट, छेड़छाड़

hot 1. गर्म, तपा हुआ, तीखा 2. गर्मागर्म, ताज़ा

blow hot and cold परस्पर विरोधी बातें कहना या करना, कभी यह कभी वह करना या कहना, कभी इधर कभी उधर होना

make it hot for नाक में दम कर देना, जीना दूभर कर देना, किसी के लिए मुसीबत कर देना, पीछे पड़ जाना

in hot water उलझन में, झगड़े में, आपत्ति में, मुसीबत में, परेशानी में

hotbed पैदा होने या पनपने के लिए अनुकूल स्थान, अड्डा, घर

hot-house कृत्रिम गर्मी से पौधे उगाने के लिए शीशे का घर

hot news गर्म खबर

hotel आवासगृह, होटल

hour घंटा घड़ी, वक्त, समय, जमाना, अवसर, मौका

at the eleventh hour अंतिम क्षण में, आखिरी क्षण पर, ऐन वक्त या मौके पर

zero hour परीक्षा की घड़ी, कड़ा वक्त, अंतिम घड़ी

house (*n.*) 1. घर, मकान, गृह, भवन, निवास 2. घराना, वंश, कुल, खानदान 3. सदन, सभा, हाउस

house (*v.*) बसाना, रहने या रखने का इंतज़ाम करना, ठहराना, जगह देना, रखना

Lower House अवर सदन, निचला सदन

Upper House प्रवर सदन, उत्तर सदन, उच्च सदन

house arrest घर में गिरफ्तारी, मकान में नज़रबन्दी

house of cards 1. पत्ते का घर, दफ्ती की इमारत, घरौंदा 2. थोथा काम

House of Commons हाउस आफ कामन्स, लोकसदन, लोकसभा

household 1. घर, घरबार, घराना, खानदान, कुनबा, कुटुम्ब, परिवार, परिजन 2. घरेलू, घर का

household effects घरेलू सामान

householder गृहस्थ

house of ill fame वेश्यागृह, चकला

House of Lords हाउस आफ लार्ड्स, लार्ड्स सदन, लार्ड्स सभा, सामन्त सभा

House of the People लोकसभा

housewife गृहिणी, गृहस्वामिनी, घरवाली

housing board गृहनिर्माण बोर्ड या मंडल

housing scheme गृहनिर्माण आयोजन या योजना

hover मंडराना, चक्कर काटना, ताक में होना

howitzer हाविट्ज़र, छोटी तोप

howler घोर भूल, फ़ाश गलती, भारी गलती

hub पहिए की नाभि, केन्द्र बिन्दु, रुचि का मुख्य विषय

hubbub कोलाहल, उपद्रव, दंगा, गोलमाल

huckster दुकानदार, छोटामोटा दुकानदार, फेरीवाला, बिसाती, पैसे का लोभी

hue and cry शोर, शोरगुल, कोलाहल, हायतौबा, हल्ला, हुल्लड़, हंगामा

huge बड़ा, भारी, बड़ा भारी, विशाल, प्रचुर, बहुत, जबरदस्त

hull of ship जहाज का ढांचा

human (*adj.*) मानवीय, मानुषिक, आदमी का, आदमियों जैसा

human (*n.*) आदमी, इन्सान, मानव, जन

humane 1. दयालु, कृपालु, सदय, उपकारी, परोपकारशील, रहमदिल, हमदर्द 2. इन्सानियत का, हमदर्दी का, सहानुभूतिपूर्ण, शरीफ़ाना, भलमनसाहत का, शिष्ट, सभ्य

humanism मानवता, मानववाद, जनप्रेम, मानवहितैषिता, मानव हित की भावना, परोपकार की भावना

humanitarian 1. परोपकारी, दयालु, कृपालु, लोकहितैषी 2. मानववादी, मानवहितवादी

humanity 1. मानवता, मानव जाति, इन्सानी दुनिया 2. मनुष्यता, हमदर्दी, भलमनसाहत

humanities प्राचीन साहित्य तथा भाषा शास्त्र, विज्ञानेतर विषय
humble (*adj.*) विनीत, नम्र, विनयपूर्ण, दीन, छोटा, मामूली, कम, नीचा, अकिंचन, नाचीज, बेचारा
humble (*v.*) नीचा दिखाना, झुकाना, घमंड तोड़ना, छोटा करना
eat humble-pie धूल चाटना, अपमान सहना
humbug (*adj.*) खोखला, बकवासी, बक्की, गावदी
humbug (*n.*) धोखा, छल, प्रवंचना, मक्कारी
humdrum फीका, बेमज़ा, बेरंग, एकरस, उकता देने वाला
humid आर्द्र, गीला, भीगा, नम, तर, सीला हुआ
humidity आर्द्रता, नमी, गीलापन, तरावट, तरी
humiliate मानभंग करना, घमंड या गरूर तोड़ना, गर्व तोड़ना, अपमान करना, छोटा करना, ज़लील करना, शर्मिन्दा करना
humiliation अपमान, मानभंग, बेइज्जती, जिल्लत
humility विनय, नम्रता, दीनता
humorist हास्यप्रिय, खुशमिजाज, ठिठोलिया, विनोदी, हास्य, मसखरा
humorous मज़ाकिया, विनोदी, हास्यप्रिय, हंसाने वाला, व्यंगपूर्ण
humour (*n.*) 1. हंसी, हास्य, विनोद, मज़ाक, लहर, मौज 2. तबीयत, मनोवृत्ति, चित्तप्रवृत्ति
humour (*v.*) प्रसन्न करना, खुश करना, परचाना, मन या दिल रखना
hump कूबड़, कोहान
hump-backed कुबड़ा
hunger-strike भूख हड़ताल, अनशन हड़ताल
hungry भूखा
hunt (*n.*) 1. शिकार, आखेट 2. खोज, अनुसंधान
hunt (*v.*) 1. शिकार करना, पीछा करना 2. तलाश करना, ढूंढना
hunting ground शिकारगाह
hurdle अड़चन, बाधा, रुकावट
hurly-burly हुल्लड़, हड़बड़ी, खलबली, उपद्रव
hurrah वाहवाह, शाबाश
hurriedly शीघ्र, झटपट, शीघ्रता से, जल्दी से, तेज़ी से, जल्दी जल्दी, हड़बड़ा कर
hurried शीघ्र, जल्दी जल्दी, जल्दी का, तेज़ी का, उतावली का
hurricane तूफ़ान, आंधी, अंधड़, झक्कड़
hurl फेंकना, पटकना, दे मारना, बरसाना, बौछार करना
hurry (*n.*) जल्दी, शीघ्रता, तेज़ी, बेताबी
hurry (*v.*) जल्दी करना, फुर्ती या तेज़ी से जाना
hurt (*n.*) चोट, आघात, घाव, जख्म, नुकसान, तकलीफ़, दुःख, रंज
hurt (*v.*) चोट या घाव लगना या लगाना, तकलीफ़ या नुकसान पहुंचना या पहुंचाना, रंज पहुंचना या पहुंचाना
husband (*n.*) पति, स्वामी, मालिक, भर्ता, दूल्हा, आदमी
husband (*v.*) 1. इंतजाम करना, देखभाल करना, देखरेख करना, किफ़ायत से काम चलाना 2. खेती-बाड़ी करना
husbandman कृषक, किसान, खेतिहर
husbandry 1. घरबार का प्रबंध, किफ़ायत 2. काश्त, खेतीबाड़ी, पालना पोसना 3. प्रबन्ध, इंतजाम, देखभाल
animal husbandry पशुपालन, पशुसंवर्द्धन, पशुओं की देखभाल
hush (*n.*) चुप, चुप्पी, मौज, शांति, खामोशी
hush (*v.*) चुप हो जाना, चुप करना, मुंह बंद कर देना, खामोश कर देना
hush-hush enquiry चुपके चुपके की गई जांच, मामले को दबाने के उद्देश्य से की गई जांच
hush money मुंह भराई, चुप करने के लिए दी रिश्वत या घूस

hush up दबा देना, चुप कर देना, खामोश कर देना, रफादफा कर देना, ठप्प कर देना
husking कूटना, छिलका उतारना, छीलना
husky रूखा, कर्कश, छिलकेदार
hustle (*n.*) शीघ्रता, जल्दी, हड़बड़ी, धकापेल
hustle (*v.*) हड़बड़ी या जल्दी मचाना या करना, हड़बड़ाना, धकापेल करना
hut कुटी, झोंपड़ी, कुटिया
hutment झोंपड़े, छावनी, अस्थायी मकान
hybrid मिश्रित, वर्णसंकर, दोगला, दोनस्ला, मिलवां, पैवंदी
hydraulic जलचालित, द्रवचालित
hydraulic press द्रविक प्रेस
hydro-electric पनबिजली का, जलविद्युत् का
hydro-electric works पनबिजली कारखाना
hydrogen हाइड्रोजन, उद्जन
hydrogenated oil जमाया तेल
hydropathy जल चिकित्सा
hydrophobia जलातंक, जलभीति
hygiene स्वच्छता, सफाई, स्वास्थ्य रक्षा
hymn भजन, स्तोत्र, श्लोक
hyperbole अतिशयोक्ति, अत्युक्ति
hypermetropia दूरदृष्टि रोग
hypnotic जादू का सा, मोहक, सम्मोहक, जादू भरा, बेहोशी का, बेसुध कर देने वाला
hypnotism सम्मोहन, जादू
hypochondria विषाद रोग, अतिचिंता, रोगभ्रम
hypocrisy ढोंग, दम्भ, पाखण्ड, कपट, झूठ, ढकोसला, बनावट, धोखा, मिथ्याचार, छल, मक्कारी
hypocrite झूठा, पाखंडी, दंभी, ढोंगी, कपटी, फ़रेबी, मक्कार
hypothecate गिरवी रखना, बंधक रखना, रेहन रखना
hypothesis अनुमान, कल्पना, फ़र्ज की हुई बात, अटकल
hypothetical कल्पित, काल्पनिक, आनुमानिक
hysteria वातोन्माद, उन्माद, मूर्च्छा, अपस्मार, मिरगी, हिस्टीरिया
hysterics उन्माद, पागलपन की हरकतें, आवेग, अत्यन्त जोश, आपे से बाहर हो जाना

I

ice बर्फ़, हिम
cut no ice प्रभावित न कर सकना, कुछ न हो सकना
ice age हिमयुग, बर्फ़ का जमाना
iceberg पानी में तैरती हुई बर्फ़ की बड़ी चट्टान, बर्फ़ का बहता हुआ पहाड़
icicle हिम का लटकता हुआ नोकीला खंड, बर्फ़ की छड़ी
iconoclasm मूर्ति भंजन, मूर्ति खंडन, मूर्ति या प्रतिमा का तोड़ना
iconoclast मूर्तिभंजक, मूर्ति या प्रतिमा का तोड़ने वाला, बुतशिकन
iconography प्रतिमा-शास्त्र
idea विचार, ख्याल, धारणा, भावना, अनुमान, ध्यान, कल्पना, मत, राय, आशय, तजवीज़
ideal (*adj.*) नमूने का, आदर्श, कल्पित
ideal (*n.*) आदर्श, नमूना, ध्येय, ख्याल
idealism आदर्शवाद, कल्पनावाद, मायावाद
identical समान, एकरूप, अभिन्न, एक ही, वही
identification पहचान, शनाख्त, निशानी
identification mark पहचान चिन्ह, पहचान का निशान

identification parade शनाख्त परेड
identify 1. पहचानना, मिलाना, निशान डालना 2. एक मानना, अभिन्न समझना, गहरा संबंध रखना
identify oneself with से अभिन्न समझना, से गहरा संबंध रखना, में गहरी दिलचस्पी लेना
identify with oneself अपने से एकरूप करना, अपने से अभिन्न समझना
identity card पहचान कार्ड, पहचान पत्र, शनाख्त कार्ड
ideological सैद्धांतिक, विचारधारा संबंधी
ideology विचारपद्धति, विचारधारा, सिद्धांत
idiocy मूढ़ता, जड़ता, मूर्खता, बेवकूफ़ी
idiosyncrasy विलक्षणता, विलक्षण स्वभाव, सनक
idiom मुहावरा, बोलने का तरीका, बोली का ढंग, वाक्शैली
idiot जड़, मूढ़, जड़बुद्धि, बेवकूफ़
idle (*adj.*) आलसी, निकम्मा, बेकार, खाली, काहिल, सुस्त
idle (*v.*) गंवाना, बेकार रहना
idol मूर्ति, बुत, देवता, जिसकी पूजा की जाए
idolater मूर्तिपूजक, बुतपरस्त
idolize पूजना, देवता मानकर पूजना, बहुत मानना
ignite आग लगाना, सुलगाना, जलाना
ignition प्रज्वलन, जलना
ignoble अधम, नीच, हीन, कमीना, ओछा, अशिष्ट, घृणास्पद
ignominious घृणित, बदनामी का, अकीर्तिकर, शर्मनाक, बुरा, बहुत बुरा, नीच
ignominy अपकीर्ति, कलंक, अपयश, बदनामी
ignorance अज्ञान, अविद्या, नादानी, बेखबरी, जहालत, मूर्खता, बेवकूफ़ी
ignorant अनजान, अनभिज्ञ, अनपढ़, बेखबर, जाहिल, अनाड़ी, नासमझ, सीधा, मूर्ख, नादान
ignore ध्यान न देना, अवहेलना करना, उपेक्षा करना, परवाह न करना, न मानना, जान के न पहचानना, देखी अनदेखी करना, टालना

ill (*adj.*) 1. बीमार, रोगी, मरीज 2. बुरा, खराब, गलत
ill (*adv.*) बुरी तरह, मुश्किल से, कम
ill (*n.*) हानि, नुकसान
ill-advised 1. बुरा, बेवक्त, बेमौका 2. कुमंत्रित, नासमझी का, बेसोचे समझे का, बेवकूफ़ी का 3. नासमझ, नादान
ill-considered बेसोचा समझा, गलत, बुरा
ill effect बुरा प्रभाव या असर, कुपरिणाम, दुष्परिणाम
ill-fated अभागा, हतभाग्य, बदकिस्मत
ill feeling नाराजी, वैमनस्य, मनमुटाव, दुश्मनी, रंजिश
ill-gotten बेईमानी का, बेईमानी से पाया हुआ, पाप की कमाई
ill-health बीमारी, अस्वास्थ्य, खराब सेहत
ill-starred हतभाग्य, अभागा, बदकिस्मत
ill-timed बेमौका, बेवक्त, गलत वक्त पर, कुसमय
ill-treat दुर्व्यवहार करना, बुरा बर्ताव करना
ill-treatment दुर्व्यवहार, बुरा बर्ताव
ill-will कुभावना, द्वेष, दुर्भाव, बदनीयती
illegal अवैध, गैरकानूनी, नाजायज़
illegal gratification रिश्वत, घूस
illegitimate 1. अवैध 2. जारज 3. अनुचित
illegitimate child अवैध या जारज (सन्तान), हराम की औलाद
illicit निषिद्ध, अवैध, नाजायज़, बिना लाइसेंस का
illiteracy निरक्षरता, अशिक्षा, जहालत
illiterate निरक्षर, अनपढ़, जाहिल, गंवार
illness अस्वस्थता, बीमारी, रोग
illogical तर्कविरुद्ध, असंगत
illuminate प्रकाशित करना, प्रकाशमान करना, उजागर करना, रोशन करना, प्रज्वलित करना, प्रदीप्त करना, प्रकाश डालना, समझाना, व्याख्या करना, सुसज्जित करना, चित्रित करना
illuminated map सचित्र नक्शा
illumination प्रकाश, रोशनी, चमक, जगमगाहट, उद्बोधन

illusion भ्रम, भ्रांति, धोखा, धोखे की टट्टी, वंचना, माया, वहम
illusive मायावी, छली, मिथ्या, असार, पकड़ में न आने वाला
illusory धोखे का, मिथ्या आभास देने वाला
illustrate दृष्टांत देना, उदाहरण देना, सचित्र करना
illustration दृष्टांत, उदाहरण, चित्र
illustrious प्रख्यात, प्रसिद्ध, लब्धप्रतिष्ठ
image (*n.*) 1. मूर्ति, प्रतिमा, बुत, रूप, सूरत, परछाई, छाया, अक्स 2. ख्याल
image (*v.*) काल्पनिक चित्र बनाना, कल्पना करना
imaginary 1. काल्पनिक, कल्पित, मनगढ़ंत, ख्याली, फ़र्जी 2. धोखे का, झूठा
imagination कल्पना, प्रतिभा, कल्पनाशक्ति, सूझ-बूझ
imagine ख्याल करना, ध्यान करना, अनुमान करना, सोचना, धारणा बनाना, समझ लेना, फ़र्ज कर लेना, राय रखना
imbalance असंतुलन
imbecile अशक्त, दुर्बल, मूढ़, जड़बुद्धि
imbecility जड़ता, अशक्तता, मूढ़ता
imbibe अपनाना, स्वीकार करना
imbroglio उलझन, उलझाव, गुत्थी
imitate नकल करना, अनुकरण करना, पदचिन्हों पर चलना, किसी का रंग ग्रहण करना, बराबरी करना, नकल बनाना, मेल मिलाना
imitation अनुकरण, अनुकृति, नकल, सादृश्य
imitation jewellery नकली या झूठा गहना
immanence व्यापकता, अन्तर्व्याप्त
immaterial 1. अभौतिक, अमूर्त, निराकार 2. अनावश्यक, गैरजरूरी, मामूली, यों ही, सूक्ष्म, तुच्छ, सारहीन, असार
immature अपरिपक्व, अपूर्ण, समय से पहले, कच्चा

immediate 1. अभी का, जल्दी का, चटपट, फ़ौरन होने या किया जाने वाला 2. करीब का, अति निकट, सन्निकट, प्रत्यक्ष, साक्षात्, अगला, दूसरा, मिला हुआ 3. सीधा, बहुत जरूरी
immediately तुरन्त, तत्काल, अविलम्ब, शीघ्र, जल्दी से, इसी दम, फ़ौरन, अभी, सीधा
immemorial बहुत पुराना, अतिप्राचीन, पुरातन
immense बहुत अधिक, बहुत ज्यादा, बहुत बड़ा, विशाल, असीम, बेहद, अमित, अत्यन्त विशाल, बहुत मात्रा में
immigrant देशान्तर से आया हुआ, परदेसी, आ बसने वाला, आवासी
immigrate आ बसना, दूसरे देश में आ बसना, देश बदलना या बदलवाना
immigration अन्य देश से आकर बसना
imminent अभी होने या आने वाला, बिल्कुल पास, पास ही, करीब, सिर पर
immobile निश्चल, अचल, स्थिर
immoral अनैतिक, नीतिविरुद्ध, भ्रष्ट, दुराचारी
immortal अमर, अक्षय, अनश्वर, सदा रहने वाला
immovable अचल, स्थावर
immovable property अचल सम्पत्ति, स्थावर सम्पत्ति
immune, immunity विमुक्त, प्रतिरक्षित, छूट-प्राप्त, विमुक्ति, छुटकारा, रक्षा, छूट
immunity from tax कर से छूट
immunization रक्षित करना, मुक्त करना, छुटकारा देना, (रोग आदि से) बचाना
immutable जिसे बदला न जा सके, जिसमें परिवर्तन न हो सके
impact (*n.*) 1. संपर्क, टक्कर, धक्का, आघात, मुठभेड़ 2. मेल, वास्ता
impact (*v.*) जोर से दबाना, कसना
impair 1. कम करना, घटाना, क्षीण करना या होना 2. बिगाड़ना, खराब करना, नुकसान पहुंचाना, कमजोर करना
impale सूली पर चढ़ाना

impart देना, बताना, कहना, समझाना, सिखाना, विदित करना

impartial पक्षपातरहित, निष्पक्ष, तरफ़दारी न करने वाला, बेलाग, समदर्शी, खरा

impartially निष्पक्षता से, निष्पक्ष होकर

impartible property अविभाज्य सम्पत्ति, ऐसी जायदाद जिसका बटवारा न हो सके

impassable दुर्गम, अगम्य, दुस्तर, गहन, कठिन, दुश्वार

impasse जटिल समस्या, कठिन स्थिति, उलझन

impassioned plea जोशीला अनुरोध, जोरदार शब्दों में अनुरोध

impatient 1. उतावला, अधीर, व्यग्र, जल्दबाज़ बेसबर, बेताब, बेचैन, विकल, बेकल 2. सह न सकने वाला

impeach अभियोग लगाना, दोष लगाना, दोषी ठहराना, इल्ज़ाम लगाना, मुकदमा चलाना, जवाब तलब करना

impeachment अभियोग, महाभियोग

impecunious गरीब, धनहीन, निर्धन

impede अड़चन डालना, बाधा डालना, विघ्न डालना, रोकना, रुकावट डालना

impediment अड़चन, बाधा, विघ्न, रुकावट

impel प्रेरणा करना, उकसाना, मजबूर करना, आगे बढ़ाना, आगे चलाना, अग्रसर करना, ठेलना, धकेलना

impend सिर पर मंडराना, सिर पर होना, पास होना, नजदीक होना, आसन्न होना, लटकना, डर होना

impending सिर पर, सिर पर आया हुआ, अभी होने वाला, निकट, आसन्न

impending danger सामने आया हुआ खतरा, आसन्न संकट

impenetrable अभेद्य, घना, गहन

imperative 1. बहुत जरूरी, अत्यावश्यक, लाज़िमी, अनिवार्य 2. आदेश सूचक

imperceptible अतीन्द्रिय, अव्यक्त, अगोचर, अप्रत्यक्ष, सूक्ष्म, बारीक, महीन

imperceptible difference अदृश्य या अतिसूक्ष्म भेद या फ़र्क

imperfect अपूर्ण, अधूरा, कच्चा, दोषपूर्ण, त्रुटिपूर्ण

imperfection अपूर्णता, त्रुटि, दोष, न्यूनता, कमी, अभाव

imperial साम्राज्य सम्बन्धी, साम्राजी, शाहंशाही, शाही

imperial preference साम्राज्य के अन्तर्गत देशों को (व्यापार के संबंध में) दी जाने वाली रियायत

imperialism साम्राज्यवाद, साम्राज्य

imperialist साम्राज्यवादी, साम्राज्यवाद का हामी

imperil जोखिम में डालना, आपत्ति में डालना

imperious 1. घमंडी, उद्धत 2. अत्यावश्यक

imperishable 1. अक्षय, अविनाशी, अमर, अमिट 2. दृढ़, पायदार, सदा रहने वाला

impersonal अवैयक्तिक, जो निजी न हो

impersonation पररूप धारण करना, किसी अन्य व्यक्ति का रूप बनाना, भेस बदलना, रूप धारण

impersonate पररूपधारण, रूपधारण, भेस बदलना, रूपधारण करना, अन्य व्यक्ति का रूप धारण करना, (चुनाव में) दूसरे की जगह पर वोट देना

impertinence धृष्टता, असंगति, उद्धतता, अभद्रता, गुस्ताखी, अशिष्टता, अप्रासंगिकता

impertinent असंगत, अप्रासंगिक, निष्प्रयोजन, धृष्ट, उद्धत, अभद्र, गुस्ताख. अशिष्ट

impervious अभेद्य, दुर्भेद्य, घना, जो प्रभाव ग्रहण न करे

impetus 1. वेग, आवेश, बल, जोर, गति, रफ़्तार 2. ठेल, धक्का, प्रेरणा, उकसावा, उत्तेजना

impiety अधर्मशीलता, अश्रद्धा, अधार्मिकता, नास्तिकता

impinge संघात करना, टकराना

impious अधर्मशील, अधर्मी, पापी, दुष्ट, भ्रष्ट

implacable राजी न होने वाला, कठोर

implement (*n.*) औजार, साधन, सामग्री, सामान, शस्त्र, हथियार, उपकरण

implement (*v.*) कार्यान्वित करना, पालन करना, लागू करना, पूरा करना, बढ़ाना

implementation परिपालन, कार्यपरिणिति, कार्य सम्पन्न करना, कार्यान्वित करना

implicate 1 उलझाना, फंसाना, लपेटना, शामिल कर लेना, सानना 2. अर्थ निकालना, मानी निकालना, बात निकालना

implication 1. निहितार्थ, मतलब, मानी, मंशा 2. उलझन, लपेट, पेच 3. फंसाना, फंस जाना, उलझ जाना

implicit निहित, अंतर्निहित, माना हुआ (अर्थ)

implicitly निहित रूप से, संकेत रूप से, निर्विवाद रूप से, यह मानी हुई बात है कि, इसका यह मतलब है कि

implied उपलक्षित, अन्तर्निहित, विवक्षित, ध्वनित, गर्भित, सूचित

implore प्रार्थना करना, अनुनय विनय करना, विनती करना, गिड़गिड़ाना

imply अर्थ सूचित करना, मानी देना, मतलब होना, समझा जाना, संकेत करना, इशारा करना या होना, नतीजा निकालना

imponderable अतिसूक्ष्म, जो विचार में न आ सके, जिसका अनुमान न किया जा सके

import (*n.*) 1. आयात, आने वाला माल 2. अर्थ, मतलब, मानी, अभिप्राय, आशय, भाव 3. महत्व

import (*v.*) 1. बाहर से लाना या मंगाना 2. सूचित करना, बताना 3. महत्व का होना

importance महत्व, गुरुत्व, गुरुता, प्रतिष्ठा, प्रभाव

important 1. आवश्यक, जरूरी, लाज़िमी, महत्व का, महत्वपूर्ण, बड़ा, भारी, गंभीर 2. प्रभावशाली

importation आयात, विदेश से माल मंगाना

importer आयात करने वाला, आयातकर्ता, बाहर से माल मंगाने वाला

importing country आयात करने या माल मंगाने वाला देश

importunate आग्रहपूर्ण, हठपूर्ण

importunity आग्रह, हठ, इसरार, तकाजा

impose 1. लगाना, जिम्मे करना, सिर पर डाल देना, लादना, सौंपना, जबरदस्ती देना 2. ठगना, धोखा देना 3. असर करना, रोब जमाना, धाक जमाना

imposition आरोपण, लगाना, थोपना, धोखा, छल, कपट, कर, महसूल, बोझा, भार

impossibility असंभवता, अनहोनी

impossible असंभव, अनहोनी, नामुमकिन, असाध्य, अशक्य

impost आयात कर, कर, शुल्क, चुंगी, महसूल

impostor धूर्त, वंचक, छली, ठग, छद्मवेशी, बन बैठने वाला, पाखंडी

imposture छल, कपट, धोखा, बन बैठना

impound घेरना, रोकना, ज़ब्त करना, छीन लेना, अधिकार कर लेना, कांजीहौस में डाल देना, घेर कर बंद कर देना

impoverish गरीब या निर्धन बना देना, शक्ति-हीन कर देना

impracticable 1. न हो सकने वाला, जिस पर अमल न हो सके, अव्यवहार्य, असाध्य, दुष्कर, असंभव 2. बेढब, बेकाबू

impregnable अभेद्य, सुदृढ़, बहुत मज़बूत, अजेय, दुर्गम, गहन, बहुत घना

impregnate 1. व्याप्त करना, सींचना, भर देना 2. गर्भाधान करना 3. ओतप्रोत करना, अनुप्राणित करना

impress (*n.*) छाप, ठप्पा, निशान, चिन्ह, मोहर, मुद्रा, अंक

impress (*v.*) 1. दिल में बिठा देना, गहरा असर करना 2. मोहर या ठप्पा लगाना, छाप या छापा लगाना 3. बेगार में पकड़ना, जबरदस्ती भर्ती कर लेना

impression 1. प्रभाव, असर 2. मत, राय अनुभव, ख्याल 3. छाप, छापा, ठप्पा, निशान, चिन्ह, मोहर, मुद्रा 4. छपाई, छपी हुई कापी, संस्करण

impressionable age शीघ्र प्रभावित होने की उम्र, उम्र जिसमें व्यक्ति जल्दी प्रभाव ग्रहण कर लेता है

imprest पेशगी, अग्रिम धन

imprint छापना, मोहर लगाना, चिन्ह बनाना, छाप उठाना, मुद्रांकण, मन में विठाना

imprison बंदी बनाना, कैद करना, बंद करना, जेल में देना, घेर लेना

imprisonment कारावास, कैद

simple imprisonment साधारण कैद

improbable अनहोनी, नामुमकिन, दूर की बात, समझ से दूर बात

impromptu तत्काल, बिना तैयारी का

improper अनुचित, असंगत, अनुपयुक्त, नामुनासिब

impropriety अनौचित्य

improve 1. अच्छा होना, सुधरना, बेहतर करना या बनाना 2. उन्नति करना, तरक्की करना 3. बढ़ाना, बढ़ना, ज्यादा होना 4. लाभ उठाना

improvement सुधार, बेहतरी, बढ़ोतरी, उन्नति, तरक्की

improvidence अदूरदर्शिता, असावधानी

improvise तात्कालिक या कामचलाऊ व्यवस्था करना

imprudent अविवेकी, अदूरदर्शी, असावधान, ढीठ, गुस्ताख, उद्धत, निर्लज्ज, धृष्ट, अशिष्ट

impugn आपत्ति करना, एतराज करना, विरोध करना, झूठा बताना, झुठलाना, गलत बताना, खंडन करना

impulse तरंग, उमंग, मौज, भाव, भावना, प्रवृत्ति, आवेग, संवेग, मनोद्वेग, दिल पर प्रभाव या असर

impunity बिना दंड पाए हुए, अभय रूप से, दंड से छुटकारा

with impunity दंड के बिना, बेरोक टोक

imputation आरोप, अभियोग, इल्ज़ाम

impute सिर थोपना, गले मढ़ना, लगाना, आरोप लगाना

in absentia अनुपस्थिति में, परोक्ष में, गैरहाज़िरी

in accordance with अनुसार, मुताबिक, मेल खाता हुआ

in camera बंद कमरे में, गुप्त

in-charge जिम्मेदार, उत्तरदायी, कार्यवाहक, इंचार्ज

in connection with संबंध में

in default काम या अदाई न होने की सूरत में, अदाई न होने पर, वरना, नहीं तो, बदले में

in deference to ध्यान में रखते हुए, लिहाज़ रखते हुए, आदर के लिए

in fact वस्तुतः, सचमुच, वास्तव में, दरअसल

be in for 1. तैयार होना, शरीक होना 2. चक्कर में होना, फंस जाना

in force लागू, प्रयोग में, जारी, प्रचलित

in good faith सद्भावना से

in his discretion अपनी समझ से, अपने विवेक से

in lieu of के स्थान पर, की जगह, की बजाय, बदले में

in memoriam स्मृति में, यादगार में, याद में

in official capacity सरकारी हैसियत से या में

in one's own right निजी अधिकार से

in order that, in order to इसलिए कि, ताकि, इस मतलब से, के लिये, को, क्योंकि, जिसमें

in public interest जनहित में, लोकहित में, सार्वजनिक हित में, जनता के हित में

in quest of खोज में, तलाश में

in respect of के विषय या संबंध या मामले में

in spite of फिर भी, होते हुए भी, बावजूद

in status quo पूर्वावस्था में, पहले की सी हालत में, बदस्तूर

in the event of की अवस्था में, की हालत में, ऐसा होने पर

in toto पूर्णतया, समूचा, सब का सब

in transit मार्ग में, रास्ते में, आते हुए, ले जाते हुए, लाते हुए

in view of इस दृष्टि से, इसका ध्यान रखते हुए, इसको सामने रखते हुए, इसलिए, इस वास्ते, इस वजह से

inability अयोग्यता, अशक्तता, नालायकी, बेबसी, मजबूरी

inaccessible दुर्गम, अगम्य, अगम, जहां पहुंचा न जा सके, पहुंच से बाहर

inaccuracy गलती, त्रुटि, भूल, अशुद्धि

inaccurate गलत, अशुद्ध, झूठ, अयथार्थ

inactive सुस्त, आलसी, बेकार, निष्क्रिय, सोया हुआ, मरा हुआ, बेजान, चुप, बंद

inactivity सुस्ती, आलस, आलस्य, काहिली, बेकारी, बेअमली

inadequate नाकाफ़ी, अपर्याप्त, थोड़ा, कम, अल्प, न्यून, अधूरा

inadvertence, inadvertency असावधानी, गफ़लत, भूल, चूक, बेपरवाही, प्रमाद

inalienable जो दूसरे को न दिया जा सके, जो हस्तान्तरित न किया जा सके

inalienable right पक्का हक, अधिकार जो छीना न जा सके

inane शून्य, रिक्त, खाली, छूछा, निरर्थक, मूर्ख, गंवार, निर्बुद्धि

inanimate अचेतन, जड़, निर्जीव

inappreciable नगण्य, बहुत थोड़ा, बहुत मामूली, नहीं के बराबर

inapt अनुपयुक्त, नामुनासिब

inaugural उद्घाटन सम्बन्धी, उद्घाटन के अवसर की

inaugurate उद्घाटन करना, खोलना, शुरू करना, आरंभ करना

inauguration उद्घाटन

inauspicious अशुभ, अमंगल, अपशकुन सूचक

inborn सहज, जन्मजात, स्वाभाविक

incalculable 1. बेहिसाब, बेशुमार, अनगिनत, बहुत ज्यादा, अत्यधिक 2. अनिश्चित, डांवाडोल

incandescent उज्जवल, दीप्त, चमकने वाला, प्रकाशमान, ज्योतिर्मय

incantation मंत्र, जादू, जादू टोना, झाड़ फूंक

incapable असमर्थ, अयोग्य, अशक्त, नाकाबिल

incapacitate अयोग्य ठहराना या कर देना, नाकाबिल करना, बेकार करना

incapacity असमर्थता, अयोग्यता, नाकाबलियत

incarcerate कैद करना, बंदी बनाना

incarnate मूर्तिमान, साकार

incendiarism आग लगाना, घर जलाना, आतशजनी

incendiary 1. आग लगाने वाला, फसाद मचाने वाला, विद्रोहजनक 2. दाहक, आग्नेय

incendiary bomb आग लगाने वाला या आग्नेय या दाहक बम

incentive (*adj.*) प्रेरक, उत्तेजक

incentive (*n.*) प्रेरणा, उत्तेजना, प्रोत्साहन, बढ़ावा

incense (*n.*) 1. लोबान, धूप, अगरबत्ती 2. मिथ्या प्रशंसा, झूठी तारीफ़, चाटुकारी

incense (*v.*) गुस्सा दिलाना, भड़काना

inception आरंभ, प्रारंभ, उपक्रम, स्थापना, शुरू, सूत्रपात

incertitude अनिश्चितता, अनिश्चिय, संदेह

incessant लगातार, निरन्तर

inchoate अभी शुरू किया हुआ, अविकसित

incidence of tax करभार, कर-संताप, टैक्स का बोझ

incident (*adj.*) गिरता हुआ, पड़ता हुआ

incident (*n.*) घटना, वारदात, वाकया, बात, प्रसंग, किस्सा

incidental प्रासंगिक, आनुषंगिक, अप्रधान, गौण, आपाती, कभी कभी होने वाला, सहवर्ती, साथ साथ होने वाला

incidental charges आकस्मिक या आनुषंगिक खर्च

incidentally प्रसंगवश, कार्यवश

incinerate भस्म कर देना, भस्म बनाना, कुश्ता बनाना

incineration भस्मीकरण, राख कर देना

incipient आरंभ का, शुरू का, प्रारंभिक, शुरू होता हुआ

incise 1. चीरना, काटना, चीरा देना 2. नक्काशी करना, तराशना

incision काट, चीरा, तराश

incisive 1. काटने, चीरने या फाड़ने वाला 2. तीखा, तीव्र

incite भड़काना, जोश दिलाना, उकसाना, उभारना, शह देना

incitement उभारना, उत्तेजना, प्रोत्साहन

inclination 1. झुकाव, रुझान, प्रवृत्ति, रुचि, अभिरुचि, पसंद, शौक, इच्छा 2. ढलान, ढाल

incline (*n.*) झुकाव, ढलाव

incline (*v.*) 1. झुकाव होना, प्रवृत्ति रखना, रुचि होना, पसन्द करना, शौक होना या रखना 2. झुकना, झुकाना

include शामिल करना, समावेश करना, समाविष्ट करना, मिला लेना, अंदर ले लेना, घेरना, गिन लेना

inclusion समावेश, गिनती, शुमार

inclusive समेत, कुल, शामिल, अन्तर्गत

incognito (*adj., adv.*) भेस बदले हुए, भेस बदल कर, अज्ञात, अज्ञात रूप से, छद्मवेषी

incognito (*n.*) भेस बदले हुए आदमी, छद्मवेषी

incoherent असम्बद्ध, असंगत, बेमेल, अनर्गल

incombustible न जलने योग्य, अप्रज्वलनशील, जिसे आग न लग सके, अदाह्य

income आय, आमदनी, कमाई, लाभ, फ़ायदा, नफ़ा

income-tax आयकर

occupation कारबार, पेशा, धंधा, व्यवसाय, कब्जा, अधिकार, रिहाइश, निवास
occupational immobility धंधा बदलने की अयोग्यता, धंधा बदलने का अवसर न मिलना
occupational mobility धंधा बदलने की योग्यता या अवसर
occupational representation व्यवसाय संबंधी प्रतिनिधित्व
occupational statistics व्यवसाय संबंधी या व्यावसायिक आंकड़े
occupational stratification व्यावसायिक स्तरीकरण
occupational disease पेशे से जनित रोग
occupational therapy धंधे में लगाकर इलाज, रोगी को काम में लगाकर इलाज करने की प्रणाली
occupy कब्जा कर लेना, अधिकार कर लेना, काम में लग जाना, काम में लगा होना, व्यस्त होना, बस जाना
occur घटित होना, होना, मन में या विचार में आना, स्मरण होना
occurrence 1. घटना, वृत्तान्त, संयोग 2. होना, पाया जाना
ocean महासागर
ochre गेरुआ, गैरिक, गेरू मिट्टी के रंग का
oceanography समुद्र विज्ञान
octagon अठपहल, अष्टकोण, अष्टभुज
octagonal अठपहला
octave अष्टक, अठवारा, सरगम, बाजे का पर्दा
octavo अठपेजी
octogenarian अस्सी वर्ष की आयु का
octopus आठ भुजाओं वाला समुद्री जन्तु, अष्टशुंड
octroi चुंगी
octroi duty चुंगी, महसूल
ocular demonstration प्रत्यक्ष प्रदर्शन
odd अजीब, विचित्र, निराला, असाधारण, फालतू, फुटकल, विरला, बहुत कम
odds फ़र्क, अन्तर, कठिनाइयां, अधिक संभावना
at odds अनबन होना, झगड़ा होना
odds and ends छोटीमोटी चीजें, बचीखुची चीजें, विभिन्न वस्तुएं
oddity अनोखापन, अनूठापन, निरालापन, विलक्षणता, विचित्र व्यक्ति या घटना, अनोखी वस्तु
choral ode (ग्रीक दुखांत नाटक में) समूह गान
odious घृणित, बुरा, नागवार, अप्रिय
odium घृणा, द्वेष, तिरस्कार, अरुचि, लोकविद्वेष
odour गन्ध, बू, बास, महक
in bad odour बदनाम, नजरों से गिरा हुआ, अप्रिय
off दूर, परे, अलग, हटकर, हटा हुआ, समाप्त
go off चल देना, चले जाना, हट जाना, गिर जाना, दगना
show off शान दिखाना, टीमटाम दिखाना, सजधज दिखाना
off-colour सुस्त, गिरा हुआ, ढीला, बीमार
off-hand बिना सोचे विचारे, बेपरवाही से, तुरन्त
off-print अतिरिक्त प्रति या छाप
offset (*n.*) कमी पूरी करने के लिए रकम, बदले की चीज, हरजाना
offset (*v.*) बदले में रखना, कमी पूरी करना

offshoot 1. शाखा, प्रशाखा, टहनी, डाल 2. नतीजा, परिणाम, फल
off-take (of goods) माल उठाना, निकासी
off the hinges अस्तव्यस्त हालत, परेशानी की स्थिति
offence अपराध, कसूर, दोष, जुर्म, पाप, त्रुटि, नुकसान, अपमान, आक्षेप, हमला
offend अपराध करना, आघात पहुंचाना, चोट करना, रुष्ट करना, नाराज करना, खफ़ा करना, अप्रसन्न करना
offender अपराधी, नियम भंग करने वाला, दोषी
offensive (*adj.*) अप्रिय, बुरा, नागवार, अरुचिकर, घृणित, घृणास्पद, उत्तेजक, ढिठाई का, गुस्ताखी का, हानिकारक
offensive (*n.*) आक्रमण, हमला
offensive war आक्रमण, हमला
offer (*n.*) प्रस्ताव, उपहार, भेंट, पेशकश, मूल्य
offer (*v.*) प्रस्ताव करना, अर्पण करना, देना, चढ़ाना, दाम लगाना
offering बलिदान, दान, देन, चढ़ावा, अर्पण, उपहार, भेंट
office दफ़्तर, कार्यालय, पद, ओहदा, सेवा
office of profit आर्थिक लाभ का पद, पद जिस पर वेतन आदि मिले
officer अधिकारी, पदाधिकारी, अफ़सर
officer in-charge मुख्य अधिकारी, इंचार्ज अफसर
officer on special duty विशेषाधिकारी
official (*adj.*) सरकारी, शासकीय, राजकीय, अधिकृत
official (*n.*) अधिकारी, सरकारी अफसर
official benches, treasury benches सरकारी पक्ष या दल या बैंचें
official business सरकारी या राजकीय कार्य
official duty राजकीय धंधा, सरकारी काम
official language सरकारी भाषा, राजभाषा
official organ अधिकृत पत्र या पत्रिका, सरकारी मुखपत्र, सरकारी पत्रिका
official sources सरकारी सूत्र या स्रोत
official statistics सरकारी आंकड़े
official translation अधिकृत अनुवाद
official version सरकारी कथन या बयान, सरकारी विवरण
official visit राजकीय यात्रा, सरकारी दौरा
officiate 1. स्थानापन्न होना, दूसरे के स्थान पर काम करना, एवज में काम करना 2. काम करना, काम निभाना 3. पुरोहिताई करना, धार्मिक कार्य करना
officiating स्थानापन्न, एवजी
officious टांग अड़ाने वाला, दस्तंदाज, अनधिकार हस्तक्षेप करने वाला
in the offing सामने आने वाला, निकट भविष्य में आने वाला या होने वाला
often बहुधा, प्रायः, अक्सर
ogre दैत्य, दानव, राक्षस
essential oils इत्र आदि सुगंधित द्रव्य बनाने में काम आने वाले तेल
mineral oils खनिज तेल
burn the midnight oil बहुत रात गये काम या अध्ययन करना
pour oil on the flame आग को और भड़काना, जलते पर तेल डालना
pour oil on the troubled waters झगड़ा शान्त करना
strike oil तेल निकालना या प्राप्त होना, तेल की खान मिलना
oilcake खली
oil concessions तेल या तेल उद्योग संबंधी सुविधाएं या रियायतें
oil exploration तेल की खोज, तेल का अनुसंधान या पता लगाना
oilfield तेल का क्षेत्र या इलाका
oil-paint तेल रंग
oil-painting तैलचित्र, तैलचित्र बनाने की कला
oil-press कोल्हू
oil-prospecting work तेल की खोज, तेल का पता लगाने का काम, तेल का पता लगाने के लिए आरंभिक खुदाई का काम

oil-seed तिलहन
oil-tanker तेल की टंकी ले जाने वाला जहाज, तेलवाही जहाज
oil and vinegar परस्पर विरोधी वस्तुएं
oil-well तेल का कुंआ
oily चिकना, चापलूस, चिकनी चुपड़ी बात करने वाला
ointment मरहम, लेप, उबटन
old boy पुराना विद्यार्थी
the old year हाल में समाप्त हुआ वर्ष
old age pension बुढ़ापे की पैंशन या निर्वाह-वेतन
old times पुराना जमाना, अतीत काल
oleograph तैलछाप
oligarchy अमीरों का शासन, अभिजात तंत्र
olive branch मित्रता का संदेश, सुलह का संदेश
olympiad ओलिम्पिक खेलों के बीच चार वर्ष का समय, ओलिम्पिक चौबरसी
olympics, olympic games औलिम्पिक खेलकूद
olympic meet ओलिम्पिक खेलकूद समारोह
omega ग्रीक वर्णमाला का अन्तिम अक्षर, उपसंहार
alpha and omega आद्यन्त
omen शकुन, चिन्ह, निशान, लक्षण
ill-omened बुरी सायत या घड़ी का, मनहूस, अपशकुन, बुरे शकुन वाला
ominous बुरे शकुन का, मनहूस, अशुभ, भयानक, डरावना
omission चूक, छूट, रह जाना, भूल, गफ़लत
omit छोड़ देना, निकाल देना, भूल जाना
omnibus (*adj.*) बहुसेवी, बहुपदीय, बहुत विषयों वाला, बड़ा, विशाल
omnibus (*n.*) बड़ी बस या मोटरगाड़ी
omnipotent सर्वशक्तिमान
omnipresent सर्वव्यापक
omniscient सर्वज्ञ
omnivorous सर्वभक्षक, सर्वभक्षी, शाकभाजी और मांस खाने वाला
on all fours पूरी तरह मिलता जुलता
on merits गुणदोष या योग्यता के आधार पर
to be on one's legs खड़े रहना, खड़े होकर बोलना
on the contrary इसके प्रतिकूल या विपरीत, उल्टा
on the face of it प्रकट रूप से, देखने पर
oncoming आता हुआ, पास आता हुआ
onflow प्रवाह
onlooker दर्शक, तमाशाई, पास खड़ा हुआ, प्रेक्षक
onrush आक्रमण, चढ़ाई, झोंका
onset हमला, चढ़ाई, धावा, आक्रमण, प्रारम्भ
onslaught हमला, धावा, हल्ला, आक्रमण
once and again बार बार, कई बार
once for all सदा के लिए
once upon a time एक बार, एक समय, कभी
at one एकमत, एकराय, सहमत
one and all प्रत्येक और सभी, सब के सब
one-eyed काना
oneness 1. एकता, अभिन्नता, इकाई, अद्वैतभाव, समानता 2. निरालापन, अनोखापन
one-way street एकतरफ़ा मार्ग या गली
onerous कठिन, भारी, बड़ी जिम्मेदारी का, बड़े उत्तरदायित्व का
onus बोझ, भार, जिम्मेदारी, दायित्व. उत्तरदायित्व, कर्तव्य
onus probandi (कथित वस्तु को) सिद्ध या प्रमाणित करने का उत्तरदायित्व या भार या जिम्मेदारी
ooze रिसना, टपकना, निकलना, बहना
opacity अपारदर्शिता, धुंधलापन
opal दूधिया पत्थर, पोलकी रत्न
opalescent उपलीय, दूधिया, दुग्धाम, सतरंगी पोलकी, पोलकी के समान चमकने वाला
opaque जिसके पार न देखा जा सके, पारांध, अपारदर्शक, धुंधला, गंदला, मलिन, अस्वच्छ
open (*adj.*) खुला, स्पष्ट, साफ, ईमानदारी का, सच्चा, निष्कपट, असली

open (*v.*) खोलना, उद्घाटन करना, प्रारम्भ करना

open an account खाता खोलना, हिसाब खोलना

open book स्पष्ट, रहस्यहीन, प्रकट

with open eyes खुली आंखों

open general licence खुलेआम लाइसेंस

open-handed खुले हाथ का, मुक्तहस्त, उदार, दानी, दाता

open-hearted खुले दिल का, निष्कपट

open letter (पत्रों में प्रकाशित) खुली चिट्ठी

open market खुला बाजार, खुली हाट

open-minded बेलाग, निष्पक्ष, कायल होने को तैयार

open-mouthed मुंहखुला, लोभी, स्पष्टवादी

open port खुला बन्दरगाह

open question विवाद का विषय, प्रश्न जिसका निर्णय शेष हो

open the debate वादविवाद आरम्भ करना, बहस शुरू करना

open to conviction मानने या स्वीकार करने को तैयार, कायल होने के लिए तैयार

opening 1. आरम्भ, अवसर, उद्घाटन समारोह 2. छेद, दरार, खुली जगह

opening ceremony उद्घाटन सभारंभ या समारोह

openly स्पष्ट, साफ, खुले आम, प्रकट रूप से, खुल्लमखुल्ला, आमतौर से, बेरोकटोक

opera आपेरा, संगीत नाटक, गीति-नाट्य, संगीतिका

operate चलाना, काम में लाना, काम करना, चालू रहना, लागू होना, प्रभाव पड़ना, चीरा लगाना, आपरेशन करना

operation 1. क्रिया, कार्यवाही, कार्य करने की रीति, प्रवृत्ति, व्यवहार, बर्ताव, प्रभाव, अमल 2. चीरफाड़, शल्यक्रिया 3. सेना की गतिविधि

operational costs संचालन या परिचालन व्यय

operational headquarters (युद्ध) संचालन केन्द्र

operative (*adj.*) जिस पर अमल हो सके, लागू, व्यावहारिक

operative (*n.*) कारीगर, मजदूर

operetta छोटा संगीत नाटक, संगीतिका

ophthalmic चक्षुरोग या आंखों की बीमारी संबंधी

ophthalmology नेत्र चिकित्सा विज्ञान

opiate (*adj*) अफीम जैसा, बेखबर कर देने वाला, सुस्ती पैदा करने वाला, सुला देने वाला, नशीला

opiate (*n.*) नींद लाने वाली या बेखबर करने वाली या नशीली औषध या दवा

opine राय देना, सलाह मशवरा देना, विचार का होना

opinion मत, राय, सम्मति, विचार, ख्याल, समझ

opinionated जिद्दी, हठी, अहंमन्य

opium अफीम

opponent विरोधी, प्रतिपक्षी, प्रतिद्वन्दी, दुश्मन

opportune उपयुक्त, समुचित, समयोचित, सामयिक, यथावसर, संगत, अनुकूल, ठीक

opportunism अवसरवादिता, समय से लाभ उठाने की नीति

opportunist अवसरवादी, मतलबी, मौका ताकने वाला

opportunity मौका, अवसर, वक्त, समय, सुयोग

opposite विरुद्ध, विपरीत, विरोधी, उल्टा, प्रतिकूल, मुकाबले पर, सम्मुख

opposite party विरुद्ध पक्ष, विरुद्ध दल, विरोधी पक्ष

opposition विरोध, सामना, मुकाबला, प्रतिपक्ष, विपक्ष

opposition benches विरोधी पक्ष या दल

oppress अत्याचार करना, सताना, दमन करना, दबाना, बहुत बोझ डालना

oppression पीड़न, अत्याचार, दमन, जुल्म, क्रूरता, उदासी, निराशा, थकावट

oppressive अत्याचारपूर्ण, बहुत सख्त, निर्दय, असह्य, बरदाश्त से बाहर, कष्टकर, उमसदार

opprobrium अपयश, निन्दा, बदनामी

opprobrious निंदात्मक, बुराई भरा, बदनामी का, अपमानजनक

opt चुन लेना, अपनी चाह या पसंद बताना

optic नेत्र या दृष्टि संबंधी, आंख का

optics दृष्टि विज्ञान

optical दृष्टि सम्बन्धी, आंख का

optical illusion दृष्टि भ्रम

optician चश्मा बनाने या बेचने वाला

optimism आशावाद

optimist आशावादी

optimistic आशापूर्ण, आशावादी

optimum अनुकूलतम, सबसे अनुकूल, सर्वोत्तम, सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम अवस्था, आदर्श, सबसे ठीक मात्रा

optimum temperature अनुकूलतम ताप

option चुनने का अधिकार, पसन्द, विकल्प, इख्तियारी

optional पसन्द का, इख्तियारी, वैकल्पिक

opulent अमीर, धनी, मालदार, सम्पन्न, समृद्ध

magnum opus महान कार्य, महान साहित्यिक या कलात्मक कृति या रचना, बड़ा कारनामा

oracle देववाणी, आकाशवाणी, भविष्यवक्ता

oral मौखिक, ज़बानी

oral evidence ज़बानी गवाही, मौखिक साक्ष्य

oral examination मौखिक परीक्षा

orange 1. संतरा, नारंगी 2. नारंगी रंग का

orang-outang वनमानुष, एक प्रकार का बड़ा बन्दर

oration वक्तृता, व्याख्यान, भाषण

orator वक्ता, अच्छा बोलने वाला

oratorically आलंकारिक रूप में या रीति से, अच्छे वक्ता की भांति

oratory 1. वाग्मिता, वक्तृता, वाक्पटुता, भाषण देने की सामर्थ्य 2. अत्युक्ति, बढ़ाचढ़ा कर कहना

orb गोला, घेरा, गोलाकार, मंडल

orbit 1. ग्रहपथ, गतिपथ, कक्षा मंडल 2. प्रभावक्षेत्र कार्यक्षेत्र

orchard फलों का बगीचा, बाग, बाटिका, बाड़ी

orchestra वाद्यवृन्द, आरकेस्ट्रा

ordain कायम करना, स्थापित करना, नियत करना, नियुक्त करना, हुक्म या आदेश देना, विधान करना

ordeal कठिन परीक्षा, कड़ी आजमाइश, कड़ी घड़ी, कड़ी यातना, अग्निपरीक्षा

order (*n.*) हुक्म, आज्ञा, आदेश, मांग, तरतीब, क्रम, व्यवस्था, विधान, सिलसिला, दर्जा, प्रकार, वर्ग, रिवाज, रस्म, कायदा, चलन, रीति, अमन, चैन, शान्ति

order (*v.*) आदेश या हुक्म देना, कहना

by order आदेश या आज्ञा द्वारा या से

close order (सैनिकों या जहाजों के संबंध में) कंधे से कंधा मिलाये, पास पास, ठीक लाइन बांध कर

open order एक दूसरे से हटकर, अंतर पर, दूर दूर

law and order कानून और व्यवस्था, विधि और व्यवस्था

standing order स्थायी आदेश

order cheque आदेश चैक, आर्डर चैक

order in council परिषद् या मंत्रिमंडल का आदेश

order of priority पूर्वापर क्रम

order of the day आज का कार्यक्रम, विशेष घोषणा, चलन, रिवाज

orderly (*adj.*) व्यवस्थित, नियमित, ठीक

orderly (*n.*) चपरासी, अर्दली

ordinal number क्रमसूचक संख्या

ordinance अध्यादेश, आर्डिनेंस

ordnance युद्ध सामग्री, तोपें

ordnance depot फौजी सामान या युद्ध सामग्री का भंडार या डिपो

ordnance factory फौजी सामान या सैन्य सामग्री तैयार करने का कारखाना

ordinarily साधारण रूप से, प्रायः, आमतौर पर

ordinary साधारण, मामूली, व्यावहारिक, आम, घटिया

ore कच्ची धातु, खनिज

organ 1. अंग, हिस्सा 2. जरिया, साधन 3. वाद्य विशेष

official organ अधिकृत पत्र या पत्रिका, मुखपत्र, सरकारी मुखपत्र, सरकारी पत्रिका

organic 1. इन्द्रियविषयक, जीवसम्बन्धी, चेतन 2. नैसर्गिक 3. सुव्यवस्थित, सुगठित

organic manure जीव जन्तुओं के मलमूत्र से तैयार होने वाली खाद, जीवांश खाद

organic unity एक ही शरीर के भिन्न भिन्न अंगों का परस्पर संबंध, अंगागी संबंध

organisation प्रबंध, इंतजाम, व्यवस्था, संगठन, संघ, दल, संस्था

Organisation for European Economic Co-operation यूरोप का या यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन

organism जानदार चीज, प्राणी, जीव, संघटित शरीर

organize व्यवस्थित करना, संगठन या संगठित करना

orgy 1. मद्यपान उत्सव, रंगरेली 2. लम्पटता, कामावेश 3. कांड

orient पूर्व, पूरब, पूर्वी दुनिया या देश

oriental पूर्वदेशीय, पूर्वी, पूर्व का निवासी, प्राच्य, एशियाई

orientalist पूर्वी भाषाएं जानने वाला, प्राच्यशास्त्री, प्राच्यविद्

orientate दिशा के अनुसार स्थिति निर्धारित करना, मानचित्र पर दिशा के चिन्ह लगाना, दिशानुकूलन, फेर बदल करना

orifice छेद, सूराख, दरार, मुंह

origin उद्गम, स्रोत, जन्म, उत्पत्ति, वंश

original मूल, मौलिक, बुनियादी, असली, प्रथम, पहला, नया, अपूर्व

original sin आदि पाप

originality मौलिकता, उपज, सूझ, नयापन, नवीनता

originate शुरू करना, उत्पन्न करना, पैदा करना, आरम्भ करना, चलाना, सूत्रपात करना, बुनियाद या नींव डालना

ornament (*n.*) आभूषण, अलंकार, जेवर, गहना, सजावट, सिंगार

ornament (*v.*) सजाना, सिंगार करना, सुन्दर बनाना

ornamentally आलंकारिक रूप में, साज सिंगार से, सजधज से

ornate अलंकृत, सजा हुआ, सजधज का

orphan अनाथ, यतीम, असहाय, बिना मां बाप का

orphanage अनाथालय, अनाथाश्रम, यतीमखाना

orthodox पुराने ढंग का, पुरानी चाल का, रूढ़िगत, परम्परागत, कट्टर, दक़ियानूसी, पुराणपन्थी

orthodox economics रूढ़िगत अर्थशास्त्र

orthodoxy धर्म कट्टरता

orthography (व्याकरण में) वर्णविचार, अक्षरी

oscillate झूलना, डोलना, घूमना, हिलना डुलना, डांवाडोल रहना

oscillation झुलाव, दोलन, झूला झूलना, स्पन्दन, कम्पन

ossification हड्डी बन जाना

ossify हड्डी या अस्थि बनना, जोड़ का कड़ा पड़ना

ostensible प्रकट, ज़ाहिरी, नजर आने वाला, दिखाई देने वाला, ऊपरी

ostentation आडम्बर, दिखावा, शान, धूमधाम, तड़क भड़क, नुमाइश

ostentatious दिखावे का, दिखावटी, आडम्बरपूर्ण, प्रदर्शनात्मक, भड़कीला

ostracism बहिष्कार, देशनिकाला

ostracize जात बाहर करना, बिरादरी से निकाल देना, बहिष्कार करना

ostrich policy आंख मूंद लेने की नीति

other दूसरा, अतिरिक्त, भिन्न, अन्य, और, दो में से एक, बदले का, दूसरे प्रकार का

on the other hand दूसरी ओर, नहीं तो, अन्यथा

the other day उस दिन, कुछ दिन पहले

the other world भविष्य जीवन, परलोक, दूसरी दुनिया, स्वर्ग

otherworldly परलोक परायण, पारलौकिक, आध्यात्मिक, संसार-विरक्त

otherwise अन्यथा, नहीं तो, अन्य प्रकार से

otiose व्यर्थ, बेकार

oust अधिकार छीन लेना, निकालना, हटाना, बेदखल करना

out बाहर, दूर, अलहदा

not out आउट नहीं

out and about चलने फिरने लायक

out and out बिल्कुल, पूरी तरह से सोलह आना

outbid बढ़कर बोली बोलना, आगे निकल जाना

outbreak (*n.*) 1. बलवा, दंगा, हंगामा 2. शुरू, आरम्भ, प्रादुर्भाव, प्रकोप

outbreak (*v.*) फैल जाना, फूट पड़ना, फैलना

outbuilding उपगृह, घर के बाहर का छोटा मकान

outburst जोश, जोशीला भाषण, कड़े शब्द, उद्गार

outcast जात बाहर, बिरादरी से बाहर, जातिच्युत, बहिष्कृत, देश से निकाला

outclass (किसी की अपेक्षा) ऊंचे दर्जे में होना, दर्जे की तरक्की होना

outcome परिणाम, फल, निष्पत्ति, नतीजा

outdo बढ़ जाना, आगे निकल जाना, पीछे छोड़ जाना

outdoor patient बाहरी रोगी, बाहर का रोगी

outfield (क्रिकेट में) खेल के मैदान का बाहरी भाग, खेत का बाहरी या सीमावर्ती भाग, क्रिकेट के मैदान का बाहरी भाग

outfit साज सामान, सामान, औजार, उपकरण

outflank एक तरफ़ से आगे निकल जाना, बाजू से निकल कर घेर लेना

outflanking movements बाजू से होकर बढ़ना, घेरने की कोशिश

outflow (*n.*) निर्गम, निकास

outflow (*v.*) बहना, बाहर बह जाना

outgoing विदा या जुदा या पृथक होने वाला, जिसका कार्यकाल समाप्त हो रहा हो, रिटायर होने वाला, जाने वाला

outgrowth शाखा, परिणाम, नतीजा, बढ़ती, अतिवृद्धि

out-Herod निर्दयता या क्रूरता में हैरड से भी बढ़ जाना, अतिक्रूर होना, कंस या रावण से भी क्रूर होना

outhouse उपगृह, मुख्य घर के पास या अहाते में बना छोटा मकान या झोंपड़ा

outlandish विदेशी, अपरिचित, अजनबी, अजीब, अनोखा, बेढंगा, गंवारू

outlast (अपेक्षाकृत) अधिक देर तक बने रहना, अधिक चलना

outlaw (*n.*) डाकू, ठग, निर्वासित, समाज (से) बाहर किया हुआ

outlaw (*v.*) समाज (से) बाहर कर देना

outlay व्यय, खर्च, लागत

outlet निर्गम, निकास, निकलने या बाहर जाने का मार्ग

outline रूपरेखा, खाका

outlook दृश्य, नजारा, दृष्टिकोण, राय, संभावना, आगे का रंगढंग

outlying छोर का, दूरस्थ, पृथक, अलग, सीमावर्ती

outmoded जो पुराना पड़ गया हो, जिसका चलन या रिवाज उठ गया हो

out of date पुराना, पुराना धुराना, अप्रचलित, असामयिक, दिनातीत, बासी, पिछड़ा

out of joint बुरी दशा में, बेहाली में, अव्यवस्थित, बेमेल

out of order नियमविरुद्ध, अवैध, अवैधानिक, बेजाब्ता, बिगड़ा हुआ, बेकार, जो चालू न हो

out of range मार के बाहर

out of the picture अप्रासंगिक, असंगत, असम्बद्ध
out of the way अलग, हटकर, दूर
outpost बाहरी चौकी, सीमा चौकी, नाका थाना
outpouring भावोद्‌गार, उद्‌गार, बहाव, उफान, उबाल, बलबला
output पैदावार, उत्पादन, निकासी, काम, उपज
outrage (*n.*) उपद्रव, अत्याचार, जुल्म, दुर्व्यवहार, बलात्कार
outrage (*v.*) जुल्म करना, बलात्कार करना, चोट पहुंचाना, धक्का पहुंचाना, हतक करना
outrageous अत्याचारपूर्ण, जुल्म का, घोर अन्याय का, अंधेर का, बहुत बुरा
outright पूर्णतया, बिल्कुल, पूरी तरह, सर्वथा, तुरन्त, एकदम, फौरन
outset आरंभ, प्रारंभ, आदि, शुरुआत, उपक्रम
outside chance न के बराबर उम्मीद, बहुत कम संभावना
outsider बाहर का आदमी, बेगाना, गैर, पराया
outskirts सीमा, उपान्त, बाहरी आंचल, बाहरी बस्तियां, (नगर के) आसपास की बस्तियां
outspoken खरा, स्पष्टभाषी, स्पष्टवादी, स्पष्ट वक्ता, बेलाग, साफ साफ
outstanding 1. विशिष्ट, श्रेष्ठ, मुख्य, खास 2. बाकी, बकाया, शेष, अप्राप्त, प्राप्य
outstation 1. शहर या नगर से बाहर 2. (केन्द्र के अलावा) दूसरा नगर
outstep आगे बढ़ जाना, सीमा के बाहर हो जाना, अतिक्रमण करना
outstretched बहुत अधिक खींचा गया या तना हुआ, फैला या फैलाया हुआ, आगे को बढ़ा हुआ या निकला हुआ
outstrip आगे निकल जाना, बढ़ जाना, तेज़ी से भाग जाना, पीछे छोड़ देना, पछाड़ देना
outturn 1. उपज, उत्पादन, उत्पत्ति, निकासी 2. काम, काम की मात्रा
outward बाह्य, बाहरी, दिखावटी, ऊपरी, ज़ाहिरा
outwardness बाहरी स्थिति, दिखावा, ज़ाहिरदारी, ज़ाहिरपरस्ती, वस्तुनिष्ठा, विषयनिष्ठा
outweigh तोल या मोल में बढ़ जाना, अधिक महत्व का होना, ज्यादा असर रखना
outwit चालाकी से मात देना, अधिक चतुराई या होशियारी दिखाना, ठगना, धोखा देना, चकमा देना
outworn जीर्णशीर्ण, फटा हुआ, बेकार, निकम्मा, दक़ियानूसी, जर्जर
outer space अन्तरिक्ष, बाह्य या बाहरी आकाश
ova गर्भ बीज
oval अंडाकार, अंडे की शक्ल का
ovation उत्साहपूर्ण स्वागत, बड़ा स्वागत, हर्ष-प्रदर्शन, जयजयकार, खुशी के नारे
oven भट्टी, चूल्हा तंदूर, अंगीठी
over (*adj., adv.*) ऊपर, ऊपर का, ऊंचा, परे, उस पार, आगे को, बाहर को, ज्यादा, होते हुए भी, बावजूद, खत्म, तमाम
over (*n.*) (क्रिकेट में) ओवर
throw overboard छोड़ देना, त्यागना, तिलांजलि देना, अलग कर देना, निकाल फेंकना
over-active आवश्यकता से अधिक सक्रिय, बहुत ज्यादा फुर्तीला, ऊधमी
over against सामने, मुकाबले में, खिलाफ
over-all कुल मिलाकर, समग्र दृष्टि से
over-all balance of trade कुल आयात निर्यात के मूल्य का अन्तर, (इसमें अद्रव्य आयात निर्यात भी शामिल रहता है), कुल व्यापार-अन्तर
overawe रोब में लेना, डर दिखला कर काम लेना, डराना, भयभीत करना
overbear दबाना, उद्धत होना, तंग करना, वश में लाना, उखाड़ फेंकना
overbearing उद्धत, घमंडी, ढीठ, अपनी चलाने वाला
overbearingness जबरदस्ती, मनमानी, ढिठाई, घमंड, धृष्टता
overbridge पुल, ऊपरी पुल, रेलवे लाइन या सड़क के ऊपर बना हुआ पुल
overcarry आगे ले जाना, दूर ले जाना, निश्चित से अधिक समय ले लेना, समय या सीमा का अतिक्रमण करना

overcast छा जाना, अंधेरा करना, अंधेरा होना, (आकाश का) बादलों से घिर जाना
overcharge (*n.*) ज्यादा दाम, अत्यधिक भार
overcharge (*v.*) ज्यादा दाम लगाना या लेना, बहुत लादना, बहुत भरना, अधिक बारूद या बिजली भरना
overcome विजय या वश या काबू पाना, हराना, अभिभूत करना, जीतना, दूर करना
over-confidence अति विश्वास या भरोसा, हद से ज्यादा भरोसा
overcrowding अत्यधिक भीड़, भीड़भाड़
overdose (*n.*) अतिमात्रा, अधिक मात्रा
overdose (*v.*) ज्यादा खुराक दे देना, मात्रा से अधिक देना
overdraft खाते की रकम से अधिक निकालना
overdue अतिविलंबित, बहुत पिछड़ा हुआ, मिति, बीता हुआ
overflow (*n.*) बाढ़, बहकर निकल जाने वाला अंश
overflow (*v.*) उमड़ना, छलकना, बाढ़ आ जाना, किनारों से निकल कर बहना, लबालब भरा होना
overground पृथ्वी के ऊपर, धरती की सतह पर
overhang लटक पड़ना, झुकना, आगे झुक जाना
overhaul अच्छी तरह देखभाल और जांच करके मरम्मत आदि कर देना, पूरी मरम्मत करना, फिर से सजाना, नया करना
overhead ऊपर, सिर के ऊपर, ऊपर लगा या बना हुआ, अतिरिक्त
overhead charges प्रबंध या व्यवस्था का खर्चा, ऊपर के या अतिरिक्त खर्च
over head and ears बिल्कुल, पूरा पूरा, पूरी तरह, चोटी तक
overhear अनजाने सुन लेना, अनायास सुनना, छिपकर सुनना
over-issue (*v.*) नोट आदि का अधिकृत मात्रा से अधिक चलाना या जारी करना
overland (*adj., adv.*) 1. स्थल का, भूमि का 2. थल मार्ग से, खुश्की के रास्ते
overlap एक दूसरे के ऊपर आना या पड़ना, ढक लेना
overlay मोटी तह लगाना, अच्छी तरह फैलाना या बिछाना, ढकना
overlook असावधानी करना, क्षमा करना, जाने देना, कुछ न कहना, ध्यान न देना, देखी अनदेखी करना
overlord अधिपति, स्वामी, महाप्रभु, राजाधिराज, अधिराज
overnight (*adj., adv.*) रात का, रात में होने वाला, रात में, रात भर, रातोंरात
over our heads बिना हमारी सलाह के, हमारी समझ से परे
over-population अत्यधिक जनसंख्या, जनसंख्या का बहुत अधिक हो जाना, बहुत घनी आबादी
overpower अभिभूत करना, काबू पा लेना, दबा देना, पराजित करना, जीत लेना
over-production अत्युत्पादन, अत्यधिक उत्पादन, जरूरत से ज्यादा पैदावार, बहुत अधिक उत्पादन
overrate अत्यधिक दाम लगाना, अत्यधिक प्रशंसा या तारीफ़ करना, बढ़ाचढ़ा कर जताना, आवश्यकता से अधिक समझना या महत्व देना
overreach धोखा देना, ठगना
override कुचलना, रद्द करना, अवहेलना करना, (अपेक्षाकृत) अधिक महत्व का होना
overripe अतिपक्व, अधिक पका हुआ, बहुत ज्यादा पका हुआ
overrun 1. कुचलना, पददलित करना, (शत्रु के देश पर) छा जाना 2. बाढ़ आ जाना, (पानी का) फैल जाना 3. सीमा का उल्लंघन करना
overseas समुद्रपार, विदेश में, देशान्तर, देशावर
overseas territory समुद्रपार क्षेत्र या प्रदेश या इलाका, अधीन प्रदेश
overshadow 1. छा जाना, आगे बढ़ जाना 2. नीचा दिखाना, दूसरे से उत्कृष्ट होना 3. छाया करना
oversight असावधानी, चूक, भूल

overstate अतिकथन, अत्युक्ति करना, अतिरंजित करना, बढ़ाचढ़ा कर कहना
overstatement अत्युक्ति, अतिशयोक्ति, बढ़ाचढ़ा कर कही गई बात
overstay अधिक समय ठहरना, समय से अधिक ठहरना
overt प्रत्यक्ष, खुल्लम खुल्ला, खुला, प्रकट
overt act प्रकट कार्य, खुला कार्य
overtake जा पकड़ना, जा मिलना, बराबर आ पहुंचना, अकस्मात आ जाना, आ पड़ना
overstrain (*n.*) बहुत ज्यादा थकावट
overstrain (*v.*) अधिक परिश्रम से क्षति पहुंचना, हद से ज्यादा तानना, बहुत मेहनत करना
overstudy (*n.*, *v.*) (शक्ति से) अधिक अध्ययन (करना)
overthrow (*n.*) पराजय, हार, विनाश
overthrow (*v.*) उलटाना, उलटना, उखाड़ फेंकना, नष्ट करना, पराजित करना
overtime (*adv.*) अतिरिक्त समय में, नियत समय के बाद
overtime (*n.*) अतिरिक्त समय
overtime pay अतिरिक्त समय (काम करने) का वेतन
overture 1. प्रारम्भिक संगीत 2. प्रस्ताव, संदेसा, सुलह या मित्रता की बातचीत, इशारा
overturn (*n.*) विध्वंस, क्रांति, उथल पुथल
overturn (*v.*) उलटना, उलटाना, पलटना, बरबाद कर देना, ढहाना, गिराना
overweight अधिक बोझ या भार, भार की अधिकता
overwhelm लाद देना, दबा देना, हरा देना, पराभूत करना, छा जाना, हावी हो जाना, (प्रश्नों आदि की) झड़ी लगा देना
be overwhelmed दब जाना, डूब जाना, बह जाना, भावाविष्ट होना
overwhelming बहुत अधिक संख्या में, अधिकांश, अधिकतर, विशाल, प्रबल, दुर्निवार, अदम्य
overwork अति परिश्रम, काम की अधिकता
overwrought बहुत थका हुआ, परेशान, जोश में, उत्तेजित
owe ऋणी होना, कर्जदार होना, कृतज्ञ होना, आभारी होना, कारण होना, निर्भर होना, कर्तव्य होना
owing देय, बाकी, बकाया
owl उल्लू, मूर्ख मनुष्य
fly with the owl निशाचरी प्रवृत्ति का होना
own (*adj.*) अपना, निजी, विशेष, खास, व्यक्तिगत, सगा
own (*v.*) अपनाना, अपना समझना या बताना, स्वीकार करना, मानना, मालिक होना
owner स्वामी, मालिक
ownership स्वामित्व, स्वत्व, मल्कियत
oxygen प्राणवायु, ओषजन, आक्सीजन

P

pace (*n.*) पग, डग, कदम, चाल, रफ्तार, गति
pace (*v.*) पग नापना, धीरे धीरे चलना, पैदल चलना
pacific शान्त, प्रशान्त, शान्तिमय, सुलह का, अमन पसन्द, शांतिप्रिय
pacification शान्ति स्थापना, प्रशमन, शांति संधि, शांत करना, राजी करना
pacifism युद्ध विरोध का सिद्धांत, शान्ति की नीति, अमनपसंदी, शांतिवाद
pacifist शान्तिवादी, अमन पसंद, युद्ध विरोधी
pacify शान्त करना, ठंडा करना, मनाना, रफादफा करना, अमन करना
pack (*n.*) बोझ, भार, गट्ठर, बस्ता, पुलंदा, समूह, झुंड, दल
pack (*v.*) बांधना, लपेटना, भरना, ठूंसना, लादना, रवाना करना, भेजना
pack animal भारवाही पशु, भार ढोने वाला जानवर
pack-horse लद्दू घोड़ा, माल ढोने वाला घोड़ा
package पुलंदा, बंडल, पार्सल, गट्ठर, बंधवाई, लदाई
package deal इकट्ठा सौदा
packer गांठ बांधने वाला, सामग्री बांधने वाला व्यक्ति, गांठें बांधने की मशीन

packet छोटा बंडल, गठरी, पोटली
packing माल या सामान बांधना, बांधना, पैकिंग का खर्च, भराव
packing paper लपेटने का कागज, बैठन का कागज
packman बिसाती, बोझा ढोने वाला आदमी, फेरीवाला
pact समझौता, कौल, करार, इकरार, संधि
pad (*n.*) गद्दी, तकिया, कागज का पुट्ठा, नर्म जीन
pad (*v.*) नर्म करना, गद्दा भरना, भराव देना
paddle हाथ पांव मारना, नाव चलाना, खेना
paddock बाड़ा, अहाता
paddy धान, धान का खेत, उगा हुआ धान, छिलका सहित चावल, धान का पौधा
padlock (*n.*, *v.*) 1. बाहर से लगाने का ताला 2. ताला लगाना, ताला डालकर बन्द करना
paean विजयगीत, स्तोत्र, जयध्वनि, देवताओं की स्तुति का गीत
paediatrics बालरोग विद्या
paediatrics centre बालचिकित्सा केन्द्र या घर
pagan विधर्मी, काफ़िर
page 1. पृष्ठ, सफा 2. बाल अनुचर, छोकरा
pageant तमाशा, जश्न, समारोह, जलूस, झांकी
pageantry ठाटबाट, दिखावा, धूमधाम, समारोह
pain (*n.*) पीड़ा, दु:ख, दर्द, तकलीफ, कष्ट
pain (*v.*) दु:ख देना, दु:ख पहुंचाना, दुखाना, तकलीफ देना
under pain of (दंड या मृत्यु के) डर से या भय से
paint (*n.*) रंग, रोगन
paint (*v.*) रंग भरना, रंगना, चित्रकारी करना, चित्र बनाना
painter चित्रकार, रंगसाज
pair (*n.*) जोड़ा, जोड़ी, युगल, पतिपत्नी, दम्पति
pair (*v.*) जोड़ा बनाना, जोड़ा मिलाना
pal साथी, संगी, अन्तरंग साथी
palace महल, बड़ी हवेली, बहुत शानदार मकान, राजभवन, प्रासाद
palaeography पुरालिपि शास्त्र, प्राचीन लेख या शिलालेख पढ़ने की विद्या, प्राचीन लेखशास्त्र
palaeolithic age पूर्व पाषाण युग, पूर्व प्रस्तर युग
palatable रुचिकर, स्वादु, स्वादिष्ट, मजेदार, भला मालूम होने वाला
palatial महल का या सम्बन्धी, महल सा, शाही, रौनकदार, शानदार, भव्य
palaver बातचीत, विचार विमर्श, मशविरा, चिकनी चुपड़ी बातें
pale (*adj.*) पीला, जर्द, फीका, हलका, मद्धम, विवर्ण
pale (*n.*) हद, बाड़ा, अहाता, बाड़, सीमा
pale (*v.*) पीला पड़ जाना, फीका पड़ जाना
palette चित्रकार का रंग मिलाने का तख्ता या पात्र, रंग पट्टिका
palisade लकड़ियों की मोर्चाबंदी, लकड़ियों की बाड़, जंगला, अवरोध, बाड़ा
pall (*n.*) लबादा, चोगा, पर्दा, चादर
pall (*v.*) उकता देना, नीरस या बेस्वाद या बेमजा या फीका लगना या हो जाना
palliate घटाना, कम करना, हल्का करना, धीमा करना
palliative घटाने वाला, कम करने वाला, हल्का कर देने वाला, आराम पहुंचाने वाला, प्रशामक
palm 1. हथेली 2. खजूर, ताड़
to give (or yield) the palm to लोहा मानना, हार मानना
palm off धोखे से चलाना
palm of victory श्रेय, जयमाला, जीत का सेहरा
palmistry सामुद्रिक शास्त्र, हस्तरेखा विद्या
palmy days समृद्धि का समय, अच्छे दिन
palmyra खजूर का वृक्ष
palpable स्पष्ट, प्रत्यक्ष, व्यक्त, खुला हुआ, इन्द्रियगोचर
palpitate धड़कना, धक धक करना, फड़कना, थर्राना

palpitation धड़कन, धड़क, धुकधुकी, धमक, स्फुरण

paltry बहुत थोड़ा, जरा-सा, निकम्मा, तुच्छ, निकृष्ट

pamper अत्यधिक लाड़ प्यार करना, चढ़ाना, सिर पर चढ़ाना, आदत बिगाड़ देना

pamphlet छोटी पुस्तक, पैंफलेट, पुस्तिका

pamphleteer प्रचारार्थ छोटी छोटी पुस्तकें लिखने वाले, पैम्फलेटबाज

pamphleteering पुस्तिकायें लिखकर प्रचार, इश्तहारबाजी

pan (*n.*) कड़ाह, कड़ाही, भगोना, तवा

pan सर्व, अखिल

pan-Islam अखिल मुस्लिम जगत, दुनिया भर के मुसलमानों का एका या संगठन

panacea सर्वरोगहर, हर मर्ज की दवा

pandemonium भारी गड़बड़ी, कुहराम, उपद्रव, कोलाहल

pander (*n.*) बिचौलिया, दलाल, कमीना

pander (*v.*) भड़काना, दलाली करना, मर्जी पूरी करना

panegyric स्तुति, स्तोत्र, प्रशस्ति, गुणगान, तारीफ़, कसीदा

panel 1. नामावली, सूची, तालिका 2. चौखटा, तख्ता, फलक

panel of chairmen नामावली जिससे सभापति लिए जा सकते हैं

pang टीस, कसक, वेदना, यातना, दुःख, दर्द, तकलीफ़, हूक, आकस्मिक यन्त्रणा, पीड़ा, व्यथा

panic आतंक, डर, हौल, घबराहट, खलबली, दहशत

panic-monger घबराहट फैलाने वाला, खलबली फैलाने वाला, दहशत फैलाने वाला

panoply सर्वांगकवच, साजबाज

panorama विशाल दृश्य, व्यापक दृश्य, क्रमशः दृष्टिगोचर होने वाली दृश्यावली या चित्रावली, विहंगम दृश्य

pantheism सर्वेश्वरवाद, बहुदेवतावाद, अनेक देवताओं की पूजा

pantheon 1. सर्वदेवालय, सर्वदेव मन्दिर 2. देवगण, देववृन्द

pantomime मूकाभिनय, नकल

pantry भंडार, रसोई का सामान रखने का कमरा

papal पोप का, पोप के अधिकार या पद संबंधी

paper (*n.*) 1. कागज, पत्र, प्रमाणपत्र, दस्तावेज, समाचारपत्र, अखबार, निबन्ध, परीक्षा पत्र 2. (विशेषण के रूप में) कोरा, काल्पनिक, नाम-मात्र का

paper (*v.*) कागज लगाना

send in one's papers त्यागपत्र भेज देना, इस्तीफा देना

on paper लिखत में, कागज पर, कहने को, देखने को तो, नाम को तो

paper currency कागजी सिक्का, नोट, चैक, हुंडी

paper profits कागजी नफ़ा, आंकड़ों द्वारा दिखाई देने वाला लाभ

papier mache पापिएमाशे, कागज की लुग्दी या कुट्टी (से बनी चीजें)

papyrus मिस्री भोजपत्र, मिस्र देश का एक प्रकार का पौधा

above par बढ़ा हुआ, बढ़ाचढ़ा, ऊंचा, अधिमूल्य पर, अधिक मूल्य पर. लिखित या अंकित मूल्य से ज्यादा, नफ़ा लेकर

at par बराबर, सममूल्य पर, लिखित या अंकित मूल्य पर, न नफ़े न घाटे पर

below par घाटे से, गिरा हुआ, लिखित या अंकित मूल्य से कम पर

on par (with) बराबर, एक जैसा, समान रूप

par excellence श्रेष्ठ, उत्तम, सबसे अच्छा

par of exchange विनिमय की स्वीकृत दर

parable दृष्टान्त, कहावत, उदाहरण

parabolical 1. लाक्षणिक, दृष्टान्तरूप, उदाहरण-स्वरूप 2. पैराबोला के आकार का

parachute (*n.*) हवाई छतरी, पैराशूट

parachute training school पैराशूट प्रशिक्षण स्कूल, हवाई छतरी का प्रयोग सिखाने का स्कूल

parachute troops पैराशूट सैनिक, छाता सैनिक, हवाई छतरी से लैस सैनिक, छतरी सैनिक

parade (*n.*) प्रदर्शन, नुमाइश, सैनिक अभ्यास, परेड

parade (*v.*) नुमाइश करना, सैनिक अभ्यास करना, परेड करना

paradise स्वर्ग, बैकुंठ, बहिश्त

paradox विरोधाभास, उल्टी बात, उलटबांसी

paraffin पैराफ़िन

paragon अत्युत्तम वस्तु या व्यक्ति, आदर्श, बहुत अच्छा नमूना

paragraph अनुच्छेद, प्रच्छेद, पैरा

parallel समानान्तर, साथ साथ, बराबर, सदृश, वैसा ही, बराबर का

parallel government प्रतिद्वन्द्वी सरकार

parallelism सादृश्य, बराबरी, समानता, अनुरूपता

paralyse पंगु या बेकार या नाकाम करना, अशक्त कर देना

paralysis पक्षाघात, लकवा, अर्द्धांग, फालिज

paralytic लकवा मारा हुआ, पक्षाघात से ग्रस्त, पक्षाघात का

paramount सर्वोच्च, उच्चतम, श्रेष्ठ, सबसे बड़ा, प्रधान, प्रमुख, सर्वोपरि, परम, एकछत्र

paramount power सर्वोच्च शक्ति, सबसे बड़ी सत्ता

paramountcy प्रभुसत्ता, प्रभुता, सार्वभौम सत्ता, सर्वोपरि सत्ता

paramour यार

parapet कमरकोट, मुंडेर, छज्जा

paraphernalia साज सामान, असबाब, सामग्री, लवाज़िमा

paraphrase (*n.*) भावानुवाद, व्याख्या, दूसरे शब्दों में विवरण

paraphrase (*v.*) व्याख्या करना, अर्थ प्रकट करना

parasite परजीवी, मुफ्तखोर, परोपजीवी,

parasiticide परजीवीनाशी, कीटनाशक

parasol छाता, छतरी

paratroops हवाई छतरी प्रयोग में लाने वाले सैनिक, छाता सैनिक, छतरी सैनिक

parboiled सेला, अध उबला, भुजिया

parboiled rice सेला चावल, उसना चावल, भुजिया चावल

parcel (*n.*) पार्सल, पोटली, भाग, अंश, पुलन्दा

parcel (*v.*) 1. बांटना, भाग करना, अंशों में विभक्त करना 2. पोटली बनाना, पुलन्दा बांधना

parcel post पार्सल डाक

parcenary, co-parcenary बराबर का अधिकार, पट्टीदारी

parcener, co-parcener पट्टीदार, साझीदार

parch झुलसाना, भूनना, बहुत सुखाना, झुलस जाना, सूख जाना, सूखना

parchment चर्मपत्र, झिल्ली का कागज, पार्चमेंट

pardon (*n.*) क्षमा, माफी

pardon (*v.*) क्षमा या माफ करना, छोड़ना

pardonable क्षम्य, क्षमा योग्य, माफी के लायक

parent 1. माता या पिता, मां या बाप 2. कारण, जड़, मूल, सबब, बुनियाद

parentage घराना, वंश, कुल, खानदान, मां बाप, वल्दियत

planned parenthood परिवार नियमन, परिवार नियोजन, परिवार परिसीमन

parenthesis प्रासंगिक या गौण पद या वाक्य, लघुकोष्ठक, ब्रैकेट चिन्ह

pari passu समान गति से, एक साथ, बराबर बराबर

pariah अछूत, दलित, नीच जात का, बिरादरी बाहर

parity 1. बराबरी, समानता, समता, एक-सा होना, सादृश्य 2. कृषि तथा अन्य उत्पादन क्षेत्रों की आय में संतुलन रखने की नीति

parity of price(s) मूल्यों का संतुलन या समता, भिन्न भिन्न जिन्सों के मूल्य में उचित अनुपात

park (*n.*) बाग, बगीचा, उद्यान, घास का मैदान, पार्क
park (*v.*) ठहराना, रखना, करीने से खड़ा करना
parking place गाड़ी खड़ी करने की जगह
parlance बातचीत, बोलचाल, भाषा, मुहावरा, बोली, ज़बान
parley (*n.*) बातचीत, संधि चर्चा, समझौते की बातचीत, बहस
parley (*v.*) बातचीत करना, समझौते की बातचीत करना, बहस करना
beat a parley सुलह चाहना, संधि चर्चा के लिए संकेत करना
parliament संसद्, लोकसभा, राष्ट्रीय सभा, पार्लियामेंट
dissolve parliament संसद् भंग करना
prorogue parliament संसद् के सत्र की समाप्ति की आज्ञा या आदेश देना, ससद् के सत्र को समाप्त करना, सत्रावसान करना
parliamentarian सांसदिक, संसदीय विधान विज्ञ, संसद् सदस्य
parliamentary सांसदीय, पार्लियामेंट का, पार्लियामेंटी
parliamentary correspondent संसदीय संवाददाता
parliamentary government संसदीय शासन, संसदीय सरकार, संसदीय शासन प्रणाली
parliamentary secretary संसदीय सचिव, पार्लियामेंटरी सेक्रेटरी
parlour बैठक
parochial संकुचित, संकीर्ण, अनुदार
parody (*n.*) नकल, मज़ाक, भड़ौआ खाका
parody (*v.*) मज़ाक बनाना, नकल उतारना
on parole शर्त पर रिहा किया गया, वचन देने पर, वादे पर
paroxysm दौरा, आवेग, आवेश, मिर्गी
parricide 1. पितृहत्या, बाप का खून, देशद्रोह 2. देशद्रोही, पितृघातक
parrot तोता, बकवादी मनुष्य, रट्टू, नकलची
parry रोक लेना, वार बचाना, दांव काटना, दूर करना
parsimonious 1. कृपण, अल्पव्ययी, किफ़ायती, मितव्ययी, कंजूस 2. अल्प, अपर्याप्त
parsimony कंजूसी, कृपणता, कमखर्ची, मितव्ययता
part (*n.*) 1. भाग, अंग, हिस्सा, अंश, टुकड़ा, खंड 2. अभिनय, काम 3. प्रदेश, स्थान
part (*v.*) हिस्से या टुकड़े करना, अलग करना या होना
for my part मेरी ओर से, जहां तक मेरा संबंध है, मेरी तरफ़ से तो
for the most part अधिकतर, अक्सर
in bad (or ill) part बुरा मानकर
in good part मित्र भाव से, अच्छा मानकर
part and parcel अभिन्न भाग, हिस्सा, अंग
part-time कुछ समय के लिये, अंशकालिक
part-time labour अंशकालिक श्रमिक, थोड़े समय के लिए काम करने वाला मजदूर
partake भाग लेना, हिस्सा लेना, शरीक होना, खानापीना, लेना, रखना
partial 1. आंशिक, थोड़ा थोड़ा, बहुत कुछ, किसी हद तक 2. तरफ़दार, हिमायती, हामी, पक्षपाती
partial agreement आंशिक समझौता या करार
partial treaty आंशिक संधि
partiality 1. पक्षपात 2. अभिरुचि, रुचि, अनुराग
participate भाग लेना, हिस्सा लेना, शामिल या शरीक होना
participation भाग लेना, हिस्सा लेना, सहयोग करना
particle कण, ज़र्रा, बहुत छोटा हिस्सा
particular (*adj.*) विशेष, खास, ठीक
particular(s) मद, विस्तृत वर्णन, ब्यौरा
go into particulars ब्यौरे में जाना, विस्तार से कहना
in particular विशेषकर, खासतौर पर
particularise विशेष रूप से कहना, नाम लेकर कहना

parting छुट्टी लेना, विदाई, विभाजन, वियोग
partisan 1. पक्षपाती, तरफ़दार, साथी, हिमायती, समर्थक 2. छापामार
partisanship तरफ़दारी, पक्षपात
partition (*n.*) विभाजन, तकसीम, बांट, बटवारा, बीच की दीवार, आड़, तख्तबंदी
partition (*v.*) विभाजन करना, बटवारा करना
partly कुछ, थोड़ा-सा, किसी हद तक, एक अंश में
partner साझी, हिस्सेदार, साझेदार, शरीक, भागी
sleeping partner प्रबंध में दखल न देने वाला हिस्सेदार, केवल रुपया लगाने वाला साझी
partnership साझेदारी, साझा, पत्ती
party 1. दल, गुट्ट, पार्टी, टुकड़ी 2. दावत, जलसा, पार्टी 3. साझी
party in power सत्ताधारी दल, शासन करने वाला राजनीतिक दल, शासक दल या पक्ष
party politics दलगत राजनीति, दलबन्दी
party spirit दलबंदी या दल में एकता की भावना
party system of government दलगत शासन प्रणाली
parvenu नया धनिक, नया सेठ
pass (*n.*) 1. घाटी, दर्रा 2. गंभीर स्थिति 3. प्रवेश पत्र
pass (*v.*) निकलना, गुजरना, पार करना, आगे बढ़ाना, पास होना, सफल होना, मंजूर या पारित करना
bring to pass करना, पूरा करना
come to pass होना, घटना
pass an order आदेश देना
pass away मर जाना
pass book पास बुक, हिसाब की किताब
pass by पास से निकलना, ध्यान न देना
pass for समझा जाना, मान लिया जाना
pass muster चल जाना, ठीक समझ लिया जाना
pass off बीत जाना, खत्म हो जाना, धोखे से दे देना या चला देना
pass over छोड़ना, ध्यान न करना, उपेक्षा करना, परवाह न करना
passable पार करने योग्य, सामान्य, खासा अच्छा, कामचलाऊ, जो चल सके या स्वीकार किया जा सके
passage 1. यात्रा, यात्रा शुल्क 2. रास्ता, मार्ग, पथ, दर्रा 3. गमन, निर्गमन, निष्क्रमण, गुजरना 4. उद्धरण, अवतरण 5. पारित होना, पास होना
passage of arms झड़प, वाग्युद्ध
passenger यात्री, मुसाफिर, राही, बटोही
passenger coach सवारी डिब्बा
passenger train सवारी गाड़ी
passer-by राह चलता, अचानक पास से गुजरने वाला
passing (*adj.*) अस्थायी, क्षणभंगुर, क्षणिक, सरसरी
passing (*n.*) गमन, निर्गम, स्वीकृति
passion आवेग, आवेश, जोश, क्रोध, शौक
passionate क्रोधी, भावुक, जोशभरा
passive निष्क्रिय, चुप, कुछ न करता हुआ, सुस्त, निश्चेष्ट, सहज में मान लेने वाला, विरोध न करने वाला
passive resistance सविनय अवज्ञा या विरोध, सत्याग्रह, अवज्ञा आंदोलन, कानून या नियम विशेष मानने से इन्कार करना
passively चुपचाप, बिना विरोध किए, सिर झुकाए
passport पासपोर्ट, परवाना, रवन्ना, राहदारी, पारपत्र, प्रवेश पत्र
password संकेत शब्द, पहचान का शब्द या वाक्य
past (*adj.*) अतीत, बीता हुआ, पिछला, पहला
past (*n.*) अतीतकाल, बीता समय, अतीत, पिछला ज़माना
past-master अति कुशल, गुरु, उस्ताद

paste (*n.*) लेई, गारा, झूठा, नकली
paste (*v.*) चिपकाना, लगाना
pastel रंगीन खड़िया
pasteurization (पास्तर की) क्रमिनाशक विधि (से दूध को निरोग बनाना), पास्तरीकरण
pasteurize दूध को उबाल कर कीटाणुओं को मारना, पास्तरी करना
pasteurized milk क्रमिरहित दूध, पास्तरित दूध
pastime मनोरंजन, खेल, तफ़रीह, शौक, मन-बहलावा
pastoral ग्राम्य जीवन सम्बन्धी, देहाती
pastoral letter पादरी का पत्र, धर्मपत्र
pasturage 1. पशुचारण, चराई 2. गोचर भूमि, चरागाह
pasture चरागाह, चरनी, गोचर भूमि
pat (*adj., adv.*) योग्य, ठीक, उचित समय पर, उचित रीति से
pat (*n.*) तमाचा, थपकी, हल्का प्रहार
pat (*v.*) थपकी देना, तमाचा मारना, सिर पर थपथपाना
patch (*n.*) 1. पैवंद, जोड़, थिगली, चकती 2. जमीन का टुकड़ा
patch (*v.*) जैसे तैसे मरम्मत करना, लीपापोती करना, टांका या जोड़ लगाना
  strike a bad patch कठिन स्थिति से गुजरना, दुर्भाग्यपूर्ण दिन देखना
patch up समझौता कर लेना, रफादफा करना, झगड़ा निबटाना या मिटाना
patchwork गुदड़ी, कंथा, पैवंदकारी, जोड़तोड़
patent (*adj.*) प्रकट, व्यक्त
patent (*n.*) पेटेंट, सनद, अधिकार पत्र, एकस्व
patent (*v.*) पेटेंट कराना
patentee जिसके पक्ष में पेटेंट हुआ हो, विशिष्ट अधिकार पत्र-धारी, एकस्वधारी
patently wrong स्पष्ट रूप से गलत, साफ अनुचित

paternal 1. पैतृक, पिता या पितृकुल संबंधी 2. बपौती, मौरूसी, परम्परागत
paternity पितृत्व, कुलपरम्परा, उद्गम, मूल, उत्पत्ति
path पथ, मार्ग, सड़क, पगडंडी, रास्ता, ढंग, तरीका, तौर
pathetic करुणाजनक, दयनीय, दर्दभरा, मर्मस्पर्शी, मार्मिक
pathology रोग निदान, निदान शास्त्र
pathos करुणा, दया, दर्द, तरस, करुण रस
patience संतोष, धैर्य, धीरज, शान्ति, सब्र
  be out of patience with उकता जाना, गवारा न कर सकना, तंग आ जाना, सह न सकना
  have no patience with सह न सकना, बरदाश्त न करना, गवारा न कर सकना
patient (*adj.*) धीरज वाला, शान्त
patient (*n.*) रोगी, मरीज, बीमार
patriarch कुलपिता, बड़ा, बूढ़ा, बुजुर्ग, सरदार, कुलपति
patricide 1. पितृहत्या 2. पितृघातक
patrimony बपौती, विरासत, दाय, पैतृक संपत्ति
patriot देशभक्त, देशप्रेमी
patriotism देशभक्ति, देशप्रेम
patrol (*n.*) गश्त, रौंद, निगरानी
patrol (*v.*) चौकसी करना, पहरा देना, गश्त लगाना
patrolling गश्त, पहरा, रखवाली, चौकसी
patron संरक्षक, आश्रयदाता, सरपरस्त
patronage संरक्षण, आश्रय, सरपरस्ती
patronise संरक्षण में लेना, आश्रय देना, सरपरस्ती करना
pattern नमूना, बानगी, प्रतिरूप, प्रतिकृति, मिसाल, आदर्श
paucity कमी, न्यूनता, अभाव
pauper भिखारी, कंगाल, फकीर, दरिद्र, निर्धन, मंगता
pause (*n.*) विश्राम, विराम, ठहराव, यति

pause (*v*) ठहरना, रुकना, दुविधा में पड़ना, हिचकिचाना, दम लेना
  give pause to असमंजस में डाल देना, दुविधा में डालना, सोच में डाल देना
pave रास्ता बनाना या निकालना, फ़र्शबन्दी करना
pavement पटरी, पत्थर या ईंट का फर्श
pavement artist सड़क की पटरी पर बैठकर चित्रकारी करने वाला
pavilion मंडप, शामियाना, बारादरी
pawn (*n.*) रेहन, गिरवी, बंधक, गोट, बाजी
pawn (*v.*) रेहन या गिरवी रखना, बाजी पर लगाना
pawnbroker रेहनदार, बंधकी, रेहन रखने वाला, सम्पत्ति रखकर ऋण देने वाला, महाजन, गिरवी रखने वाला महाजन
pawnee गिरवी या बंधक रखने वाला
pay (*n.*) वेतन, मजदूरी, तनखाह
pay (*v.*) देना, अदा करना, चुकाना, तनखाह या मजदूरी देना
  in the pay of का नौकर, का खरीदा हुआ, का तनखादार
Pay Commission वेतन आयोग या कमीशन
pay for कीमत देना, खर्च उठाना, दंड या सजा पाना
pay grade वेतन का ग्रेड, वेतन की श्रेणी या वर्ग या कोटि
pay load वायुयान का बोझ जिस पर भाड़ा लगता है, वायुयान की भारवहन क्षमता, भारयोग
pay off हिसाब कर देना, बरखास्त कर देना, हिसाब चुकता कर के बरखास्त कर देना
pay structure वेतन का ढांचा, वेतन विधान
pay up चुका देना, भुगतान कर देना, अदा कर देना
peace शान्ति, अमन, सुलह, मेल मिलाप, संधि
  hold one's peace चुप रहना, कुछ न कहना, अपने को संभाले रहना
peaceful शान्त, शान्तिपूर्ण, शान्तिप्रिय, चुप

peacemaker मिलाप या मेल कराने वाला, सुलह कराने वाला
peace-offering ईश्वर को धन्यवाद देने के लिए दिया गया उपहार या बलि
peacock मोर, मयूर, आडंबरपूर्ण मनुष्य, मिथ्याभिमानी व्यक्ति
peak चोटी, शिखर, ऊंचे से ऊंचा, अधिक से अधिक
peal (*n.*) गरज, गर्जन, शोर, ऊंची आवाज, घंटे का स्वर
peal (*v.*) घंटा बजना
pea-nut मूंगफली
pearl मोती, मुक्ता
  cast pearls before swine सुअर के आगे मोती बिखेरना, भैंस के आगे बीन बजाना
pearl-diver मोती निकालने वाला गोताखोर
pearl-fishery मोती-सीप निकालने का धंधा अथवा स्थान
peasant किसान, कृषक, खेतिहर, गंवार, देहाती, ग्रामीण
peasantry किसान लोग, खेतिहर वर्ग
pebble कंकड़, रोड़ी, स्फटिक, पत्थर का गोल चिकना टुकड़ा, पारदर्शक पत्थर, बिल्लौर
peccant दोषी, दोषयुक्त, दूषित, बुरा
pecksniff मक्कार, बगुला भगत
peculation गबन, रुपया खा जाना
peculate छल से हरण करना, हथियाना, चुराना, धरोहर की राशि को हड़पना, गबन करना
peculiar विशेष, खास, असाधारण, अनोखा, विचित्र, अजीब, निजी
pecuniary आर्थिक, रुपये पैसे का, धन संबंधी, माली
pedagogue अध्यापक, शिक्षक
pedagogy शिक्षा शास्त्र, अध्यापन कला
pedant पांडित्य दिखाने वाला, विद्याडम्बरी, विद्यादंभी, पंडितम्मन्य
pedantry विद्याभिमान, पांडित्यप्रदर्शन, पांडित्यदर्प, विद्या का दिखावा
pedantic पंडिताऊ, किताबी
pedestal चौकी, तल, कुर्सी, उच्चपद, ऊंचा स्थान

pedestrian 1. पैदल, पैदल चलने वाला, पथिक 2. साधारण, मामूली
pedestrian crossing पैदल चलने वालों के लिए सड़क पार करने की जगह
pediatrics बाल या शिशु रोग चिकित्सा, बाल-रोग विद्या
pedigree वंशावली, कुल, खानदान, घराना, नस्ल
pedlar फेरीवाला
peep (*n.*) ताकझांक, झांकी, झलक, एक नज़र
peep (*v.*) झांकना, छिपकर देखना, झलकना
peer (*n.*) 1. अमीर, लार्ड 2. बराबर का, संगी, साथी
peer (*v.*) दिखाई देना, झलकना, नज़र आना, झांकना
peerage ब्रिटिश सामंत वर्ग
peerless बेजोड़, अद्वितीय, बेमिसाल, अनुपम
peevish चिड़चिड़ा, झगड़ालू, बदमिज़ाज, कर्कश
peg (*n.*) खूंटी, मेख, कील, शराब का प्याला, पैग, सहारा, बहाना, अवसर
peg (*v.*) 1. कील से जड़ना, बांध देना, जकड़ देना 2. मूल्यों के घटने बढ़ने को रोकना, बाजार-भाव को स्थिर रखना
a peg to hang (discussion etc.) on विवाद विषय, कथा या बात कहने का अवसर
peg away निरन्तर प्रयत्न करते रहना
pegging खूंटी, रोक, पाबन्दी
pegging of exchange खरीद या बिक्री द्वारा शेयरों आदि के भाव को स्थिर रखना या घटने बढ़ने से रोकना
pell-mell तितर बितर, गड़बड़, अव्यवस्थित रूप से, बिना क्रम, भेड़ियाधसान
pellet गोली, टिकिया, गुलेल
pellucid निर्मल, साफ, विमल, शुद्ध, स्वच्छ, स्फटिकवत्, सुलझा हुआ
pelt (*n.*) कच्चा चमड़ा
pelt (*v.*) बौछार करना, बरसाना, फेंक कर मारना
P. E. N. पी० ई० एन०, कवियों, निबंध लेखकों और उपन्यासकारों की संस्था, साहित्यिक संगठन विशेष

pen 1. लेखनी कलम 2. बाड़ा, घेरा
pen-down strike कलम रखो हड़ताल
pen-name उपनाम
penal दंड संबंधी, दंडविधान संबंधी
Indian Penal Code भारतीय दंड विधान, भारतीय दंड संहिता
penal clauses (of a bill) दंड संबंधी धाराएं
penal colony कैदियों की बस्ती
penal law दंड विधि
penal servitude कड़ी कैद
penalise दंड देना, सजा देना
penalty दंड, सजा, जुर्माना, हर्जाना
under penalty of धमकी देकर, डराकर
penance तप, तपस्या, प्रायश्चित
penchant प्रवृत्ति, रुचि, झुकाव, रुझान, खास शौक
pend लटकना, बीच में होना, निश्चय न होना, अधर में होना
pendant, pendent (*adj.*) लटका हुआ, झुका हुआ
pendent, pendant (*n.*) गले में पहनने का आभूषण
pending अनिश्चित, बीच में, विचाराधीन, के होने तक
pendulum लटकन, पैंडुलम
swing of the pendulum सत्ता परिवर्तन, राजनीतिक सत्ता का फेरबदल
penetrate घुस जाना, भेदना, छेदना, प्रवेश करना
penicillin पेनिसिलीन
peninsula प्रायद्वीप
peninsular प्रायद्वीपी
penitence पश्चाताप, पछतावा, प्रायश्चित, दुःख, शोक
penitent पश्चातापी, पछताने वाला, अनुतप्त
penitentiary सुधार घर
penmanship लेखन कला, लिखाई, लिखावट, लेखन शैली
pennant झंडी, पताका, फरहरा
penniless गरीब, निर्धन, दरिद्र
pennon झंडा, ध्वजा, पताका, बर्छी में लगी हुई पतली झंडी, परचम, निशान

a pretty penny बहुत धन, अधिक धन
penny-a-liner सस्ते भाड़े पर काम करने वाला लेखक, टकटियां लेखक
pension पेंशन, वजीफा, निवृत्ति वेतन
pensionable पेंशन योग्य, निवृत्ति वेतन योग्य
pensioner पेंशनर, पेंशन पाने वाला
pensive उदास, सुस्त, फिक्रमंद, चिंतित, चिन्तामग्न
pentangular पचकोना, पचकोण, पांच टीमों का (मैच)
penthouse ओसारा, सायबान
penultimate आखिरी से पहला, उपान्त्य
penumbra उपछाया, अधछांह
penurious 1. निर्धन, गरीब 2. कंजूस 3. अल्प, अपर्याप्त
penury दरिद्रता, गरीबी, कंगाली, मोहताजी
people (*n.*) जन, लोग, आदमी, निवासी, जनता, प्रजा, भाईबंद, रिश्तेदार
people (*v.*) बसाना, आबाद करना
people's democracy लोकशाही, लोकराज्य
people's republic लोक गणराज्य
people of Indian origin भारतीय, भारतवंशी, भारतीय रक्त या जाति के लोग, भारतीय मूल के लोग
peoples जातियां, कौमें, देशवासी
pep दम, उत्साह, जोश, जोर
peppery चटपटा, क्रोधी, मिर्च मिला हुआ, मिर्च के गुण वाला, तीक्ष्ण
per capita प्रति व्यक्ति
per cent प्रतिशत
per contra इसके विरुद्ध या विपरीत या प्रतिकूल, दूसरी ओर
per saltum एक ही बार में, इकट्ठा ही
per se स्वयं, स्वतः, खुद
peradventure संभवतः, शायद, कहीं
perambulate सैर करना, गश्त लगाना, फेरी लगाना
perambulator बच्चों की गाड़ी
perceive देखना, जानना, समझना, मालूम करना, अनुभव करना

perceptible इन्द्रियगोचर, दिखाई पड़ने वाला
perceptibly स्पष्टतः, प्रत्यक्षतः, व्यक्त रूप से
perception देखना, समझ, बोध, अनुभव, (इन्द्रियों द्वारा) ग्रहण
perchance संयोग से, शायद, कहीं, इत्तिफ़ाक से
percolate छनना, टपकना, निचुड़ना, रिसना
percussion टक्कर, चोट, आघात, धक्का, ताल, प्रतिघात
perdition नाश, विनाश, तबाही, बरबादी, अधोगति
peremptory कड़ा, सख्त, ताकीदी, लाज़िमी, निश्चित, आवश्यक, अटल, जो टाला न जा सके
perennial सदाबहार, बारहमासी, नित्य, सदा रहने वाला
perfect पूर्ण, दोषहीन, पूरा पूरा, बिल्कुल ठीक, निपुण, पारंगत
perfection पूर्णता, कमाल, अति निपुणता, अति प्रवीणता, सिद्धि
perfectionist पूर्णतावादी
perfidious विश्वासघाती, दगाबाज, बेईमान, झूठा, कपटी
perforation 1. छिदाई, बिंधाई 2. छेद, सूराख
perform करना, पूरा करना, पालन करना, प्रतिपादन करना, निबाहना, तमाशा करना, खेल करना
performance कार्य, काम, पालन, तमाशा, खेल, अभिनय
perfume (*n.*) सुगंध, खुशबू, इत्र, सुगंधिक द्रव्य, महक, फुलेल, धूप
perfume (*v.*) सुगंधित करना, धूप देना, महकाना, सुवासित करना
perfumer गंधी, फुलेल बेचने वाला
perfumery गंध द्रव्य, इत्र बनाने का स्थान
perfunctory सरसरी, असावधानी या लापरवाही से किया हुआ, बेपरवाही का, अधूरा
peril भय, डर, संकट, जोखिम, खतरा, अंदेशा
at one's peril अपनी जिम्मेदारी पर, संकट मोल लेकर

perilous संकटमय, संकटास्पद, जोखिम का, भयानक, खतरनाक
perimeter घेरा, घेर, परिधि
period 1. काल, समय, वक्त, युग, जमाना, अवधि, मियाद, घंटा 2. पूर्ण विराम
put a period to समाप्त करना
periodic नियत समय पर होने वाला, समय समय पर होने वाला, सामयिक, फसली
periodical 1. नियत समय पर आने या होने वाला, नियतकालिक 2. सामयिक पत्र या पत्रिका, रिसाला
periodically नियत समय पर, समय समय पर
peripatetic फेरी वाला, घूमता फिरता, पर्यटनशील
periphery परिधि, घेरा, दायरा
periscope पनडुब्बियों में लगी रहने वाली दूरबीन, एक प्रकार की दूरबीन
perish नष्ट होना, बरबाद हो जाना, मर जाना, मिट जाना, मुर्झा जाना, सूख जाना, सड़ जाना
perishable नाशवान, खराब हो जाने वाला, सड़ जाने वाला, भंगुर, नश्वर
perjure झूठी शपथ खाना, झूठी गवाही देना
perjury मिथ्या शपथ, झूठी गवाही
permanent स्थायी, स्थिर, अटल, अमर, टिकाऊ, पक्का, सदा का, जमा हुआ
Permanent Court of International Justice स्थायी अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय
permeable प्रवेश होने योग्य, व्याप्य, भेद्य
permeability सोखने की शक्ति, समा जाने की शक्ति, प्रवेश्यता, भेद्यता, व्याप्यता
permeate फैल जाना, छा जाना, बस जाना, पैठना, व्याप्त हो जाना
permissibe अनुमति योग्य, आज्ञा पालने योग्य, जिसकी इजाज़त या अनुमति दी जा सके
permission आज्ञा, अनुमति, इजाजत
permissive अनुज्ञात्मक, अनुमोदक, अनुमति या इजाज़त देने वाला
permissive legislation अनुमतिसूचक विधान या कानून, अनुज्ञात्मक कानून
permit (*n.*) परवाना, चिट्ठी, परमिट, अनुमति पत्र, अनुज्ञा पत्र
permit (*v.*) आज्ञा देना, होने देना, न रोकना
permutation अदल बदल, हेरफेर, क्रम भेद, क्रम विशेष
pernicious विनाशक, घातक, हानिकारक, बुरा, खराब
peroration भाषण का उपसंहार, ओजस्वी भाषण
perpendicular खड़ी रेखा, खड़ी लकीर
perpetrate करना, कर डालना
perpetual नित्य, हमेशा का, सदा रहने वाला, रात दिन का, चौबीस घंटे का, सतत, शाश्वत
perpetuate स्थायी बनाना, बनाए रखना
perpetuity 1. नित्यता 2. नित्याधिकार 3. स्थायी रूप से सालाना आय या प्राप्ति
in perpetuity सदा के लिए, हमेशा के लिए
perplex हैरान करना, उलझन में डालना, तंग करना, घबरा देना
perplexity उधेड़बुन, उलझन, असमंजस, परेशानी, पसोपेश, ऊहापोह, दुविधा, हैरानी, जंजाल
perquisite दस्तूरी, भत्ता, ऊपरी आमदनी
persecute पीड़ा देना, कष्ट देना, क्लेश देना, तंग करना, अत्याचार करना, पीछे पड़ना, धार्मिक या राजनीतिक मत के लिए तंग करना या सताना
persecution अत्याचार, जुल्म, पीड़न, उत्पीड़न
perseverance धैर्य, निरन्तर श्रम, लगातार कोशिश, अथक प्रयत्न
persiflage मज़ाक, हंसी, ठट्ठा, उपहास
persist हठ करना, जिद करना, लगे रहना, कोशिश करते रहना, डटे रहना, आग्रह करना
persistence निरन्तर या अविरत या लगातार चेष्टा या उद्योग या प्रयत्न, आग्रह, हठ, इसरार
persistent साग्रह, लगातार, डटा हुआ, न हटने वाला
person 1. व्यक्ति, पुरुष, मनुष्य, आदमी, जन 2. शरीर, बदन, देह, सूरत
in person स्वयं, खुद, अपने आप, आप
persona grata वांछित व्यक्ति, कृपापात्र

persona non-grata अवांछित व्यक्ति
personage व्यक्ति, बड़ा आदमी, प्रतिष्ठित पुरुष, महानुभाव
personal व्यक्तिगत, अपना, निजी, जाती, शारीरिक
personal effects निजी वस्तुएं या सामान
personality व्यक्तित्व, शक्ल सूरत, बड़ा आदमी
personally व्यक्तिगत रूप से, स्वयं
personate अभिनय करना, रूपधारण करना, कपट करना, दूसरे आदमी के स्थान पर अपने को पेश करना
personation बनावटी रूपधारण, छद्मवेश, भेष बदलना, बहुरूपियापन, अभिनय
personification 1. मानव रूप देना 2. आदर्श, मूर्तिमान् आदर्श, अवतार, मानवरूप, साकार
personify मानव रूप देना, की मूर्ति होना, का प्रतीक होना, का अवतार होना
personnel कर्मचारी वर्ग, अमला
perspective अनुदृष्टि, परिदृश्य, दृष्टिकोण, समझ
perspicacious सूक्ष्मदर्शी, समझदार, सूक्ष्मबुद्धि
perspicuous स्पष्ट, साफ, आसानी से समझ में आ जाने वाला, सुबोध
perspiration पसीना
perspire पसीना बहना
persuade मनाना, राजी करना, समझाना, विश्वास दिलाना, प्रेरित करना
persuasion अनुनय, मनाना, विश्वास, धारणा
persuasive (*adj.*) प्रभावकारी, विश्वासजनक, निश्चयजनक, हृदयग्राही, अनुनयपूर्ण, प्रेरित करने वाला, प्रेरणात्मक
persuasive (*n.*) प्रेरणा, प्रोत्साहन, प्रयोजन, निमित्त
pert ढीठ, शोख, तेज़, चालाक, चलता हुआ
pertain संबंध रखना, सरोकार रखना, के विषय में होना
pertinacious हठीला, जिद्दी, पक्का, आग्रहपूर्ण, आग्रह करने वाला
pertinent उपयुक्त, उचित, ठीक, वाजिब, मुनासिब मौके का, प्रासंगिक
perturb बेचैन करना, परेशान करना, घबरा देना, व्याकुल कर देना, अस्तव्यस्त कर देना
perusal पढ़ना, ध्यान से देखना, अध्ययन, बांचना
peruse ध्यानपूर्वक पढ़ना, बांचना, देखना
pervade फैल जाना, पैठना, समाना, छा जाना, व्याप्त हो जाना
perverse उल्टा, टेढ़ा, गुमराह, जिद्दी, हठी, चिड़चिड़ा, प्रतिकूल, विपरीत, औंधी अक्ल का
pervert (*adj.*) बिगड़ा हुआ, विकृत, भ्रष्ट, रास्ते से हटा हुआ, पथभ्रष्ट
pervert (*n.*) दूषित बुद्धि वाला, विकारग्रस्त
pervert (*v.*) बिगाड़ना, खराब करना, उलट देना, तोड़मरोड़ कर कहना या पेश करना
pessimism निराशा, उदासी, निराशावाद, बेउम्मीदी, ना उम्मीदी
pessimist निराशावादी, हिम्मत हारा, पस्त हिम्मत
pessimistic निराशापूर्ण, निराशावादी
pest बला, आफत, बवाल, तंग करने वाला व्यक्ति, हानिकारक कीट
pester दिक करना, तंग करना, सताना, दुखी करना, पीछे पड़ जाना
pestiferous छूत का, विनाशकारी, हानिकारक, दुखदायक
pestilence महामारी, बवाल, बला, मरी, मुसीबत
pet प्रिय, प्रेमपात्र, पालतू जानवर
petal पंखुड़ी, दल
reproach (*n.*) निन्दा, भर्त्सना, उलाहना, डपट, डांट, झिड़की
reproach (*v.*) डपटना, धिक्कारना, निन्दा करना, झिड़कना
reprobate गयाबीता, पापी, नारकी, पतित
reproduction 1. पुनर्निर्माण, पुनरुत्पादन, नए सिरे से पैदाइश, नई उत्पत्ति 2. उद्धरण, प्रतिकृति, प्रतिलिपि 3. सन्तानोत्पत्ति
reproof फटकार, डांट, झिड़की, मलामत
reprove डांटना, फटकारना, झिड़कना, मलामत करना

reptile 1. रेंगने वाला, रेंगने वाला जन्तु सांप 2. नीच, कमीना, धोखेबाज़
republic गणराज्य, गणतंत्र, जनतंत्र राज्य, प्रजातंत्र राज्य
republic of letters साहित्य क्षेत्र, साहित्य जगत
republican गणतंत्रवादी, प्रजासत्तात्मक, अमरीका में रिपब्लिकन पार्टी का सदस्य
repudiate अस्वीकार करना, इन्कार करना, न मानना, अलग हो जाना, झुठलाना
repudiation न मानना, अस्वीकार, अस्वीकृति, परित्याग
repugnance अरुचि, अनिच्छा, घृणा, चिढ़, नफ़रत
repugnant विरोधी
repulse 1. पीछे हटाना, हराना, भगा देना 2. अस्वीकार करना
repulse an attack आक्रमणकारी को भगा देना
repulsion पीछे हटाने की शक्ति, घृणा, नफ़रत
repulsive घिनौना, घृणित, कुरूप, बुरा, कुत्सित
reputable नेकनाम, सम्मानित, मान्य, नामी, प्रसिद्ध, विख्यात, यशस्वी
reputation प्रसिद्धि, ख्याति, यश, नाम, शोहरत, साख
repute (*n.*) ख्याति, प्रसिद्धि, प्रतिष्ठा, विश्वास
repute (*v.*) गिनना, समझना, जानना
request (*n.*) प्रार्थना, विनती, विनय, अनुरोध, अनुनय, निवेदन, दरखास्त
request (*v.*) विनती करना, अनुनय करना, अनुरोध करना, निवेदन करना
requiem मृत व्यक्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना, फ़ातिहा, शांतिपाठ
require मांगना, चाहना, आवश्यकता होना, जरूरत होना, जरूरी होना, आज्ञा देना, कहना, तलब करना
requisite अपेक्षित, वांछित, आवश्यक, प्रयोजनीय, जरूरी (चीज या वस्तु)
requisition (*n.*) मांग, आदेश
requisition (*v.*) मांगना, अधिकार में ले लेना, ले लेना
requital प्रतिकार, प्रतिफल, प्रतिदान, इनाम, पुरस्कार, बदला, प्रतिशोध
requite प्रतिफल देना, बदला चुकाना, दंड या पुरस्कार देना
rescind रद्द करना, काट देना, उठा देना, वापस ले लेना
rescript (*n.*) 1. दुबारा लिखा गया लेख 2. राजाज्ञा, राजघोषणा, राजनिर्णय, शाही फरमान
rescript (*v.*) दुबारा लिखना
rescue (*n.*) रक्षा, बचाव, मुक्ति, छुटकारा, उद्धार, निस्तार, सहायता, पनाह, रिहाई
rescue (*v.*) रक्षा करना, मुक्ति या छुटकारा दिलाना, बचाना, रिहाई देना
rescue-ship सहायता या रक्षा के लिए जहाज़, संकट से उबारने के लिए जहाज़
research खोज, शोध, अनुसंधान, अन्वेषण, रिसर्च
research institute अनुसंधान संस्था, गवेषणालय
resemble समता होना, सदृश होना, मिलता जुलता होना, समान होना, वैसा ही होना, रूपरंग मिलना, एकरूप होना
resembling सदृश, तुल्य, समान
resent बुरा मानना, नाराज हो जाना, रूठ जाना, पसन्द न करना
reservation 1. रोक, प्रतिबंध, शर्त 2. सुरक्षित प्रदेश या स्थान, रिजर्व कराना
mental reservation पूरी बात न करना, खुली बात न कहना, मन में रखना, दुराव
reserve 1. निधि, कोष 2. सहायक या अतिरिक्त सेना या खिलाड़ी 3. सुरक्षित, संचित 4. आत्मसंयम, आत्मनियंत्रण
reserves 1. सुरक्षित कोष, विशेष काम के लिए अलग रखा हुआ कोष 2. रिजर्व सैनिक, सैनिक जिन्हें संकटकाल या विशेष स्थिति में ही काम पर बुलाया जाता है
reserve forces रिजर्व सेना, रक्षित सैन्य
reserve forest रक्षित वन

reservist रिजर्व सेना का सदस्य, रिजर्व सैनिक
reservoir भंडार, खान, हौज, तालाब, कुंड, खजाना, जलाशय
resettlement पुनर्वास, फिर से बसाना, नया बन्दोबस्त
reshuffle पुनर्गठन, लौटफेर करना, फेरबदल करना
reside रहना, निवास करना, बसना, आबाद होना, टिकना, ठहरना
residence निवास, निवास स्थान, घर, ठिकाना, डेरा
resident निवासी, वासी, रहने वाला, बाशिंदा, रेजिडेंट
residential निवास संबंधी, रिहायशी
residual अवशिष्ट, शेष, बाकी, बचाखुचा
residuary शेष संबंधी, बाकी का, बचाखुचा
residuary powers शेष अधिकार
residue अवशेष, अवशिष्ट, बाकी, बचाखुचा, तलछट
residuum बाकी हिस्सा, शेष भाग, अवशिष्ट, बचाखुचा, तलछट
resign 1. त्यागपत्र देना, इस्तीफा देना, पदत्याग करना, छोड़ देना, सौंपना, अर्पण कर देना 2. संतोष कर लेना
resignation 1. त्यागपत्र, इस्तीफा, परित्याग 2. संतोष, सब्र, ईश्वर पर छोड़ देना
resile भागना, पीछे हटना, पलट जाना
resilient लचकदार, लचीला
resin राल, धूना, लाख, बिरोजा
resipiscence बुद्धि ठीक हो जाना, मिज़ाज ठीक हो जाना, आंखें खुल जाना, गलती मानना
resist विरोध करना, मुकाबला या सामना करना, प्रतिरोध करना, न मानना, रोकना
resistance प्रतिरोध, अवरोध, रुकावट, रोक, मुकाबला, सामना
line of least resistance सुगम मार्ग, सबसे आसान रास्ता
passive resistance सविनय अवज्ञा
resolute दृढ़, पक्का, निश्चित, मजबूत, पक्के इरादे का, दृढ़संकल्प
resolution 1. प्रस्ताव 2. दृढ़ निश्चय, संकल्प, पक्का इरादा 3. हल
resolve 1. संकल्प करना, पक्का निश्चय करना, ठानना 2. गलाना, अलग अलग होना या करना, छितराना, घटाना 3. हल करना, सुलझाना
resonant गूंजने वाला, प्रतिध्वनि करने वाला
resort (*n.*) 1. शरण, अड्डा, अखाड़ा 2. यत्न युक्ति
resort (*v.*) जाना, काम में लाना, काम लेना सहारा लेना
health resort स्वास्थ्यप्रद स्थान, सुखस्थली, सैरगाह
in the last resort अन्ततोगत्वा, आखिर, आखीर में
resound प्रतिध्वनि करना, दुबारा गूंजना
resource साधन, जरिया, उपाय, युक्ति, सूझबूझ, तदबीर, चारा
resource(s) साधन, उपाय, युक्ति, जरिया, सहारा, धनदौलत, सामग्री
respect (*n.*) 1. आदर, सम्मान, मान, सत्कार, इज्जत, अदब 2. लिहाज़, सम्बन्ध, दृष्टि
respect (*v.*) आदर करना, मान या सम्मान करना, सत्कार करना, इज्जत करना, लिहाज़ करना
respectable आदरणीय, सम्मान्य, प्रतिष्ठित, माननीय, इज्जतदार
respectful विनीत, श्रद्धावान, अदब वाला
respectfully सादर
respective अपना अपना, एक एक का, अलग अलग
respectively क्रमानुसार, क्रमशः, क्रम से, सिलसिलेवार, अलग अलग
respiration श्वास-प्रश्वास, सांस
respirator श्वासयंत्र, विषैली वायु से रक्षा करने वाली जाली
respite (*n.*) 1. मोहलत, विलम्ब 2. विश्राम, आराम, चैन

respite (*v.*) 1. मोहलत देना, देर लगाना 2. आराम देना
resplendent उज्ज्वल, प्रकाशमान, ज्योतिपूर्ण, जगमग
respond उत्तर देना, जवाब देना, अनुकूल होना, माफ़िक़ होना, असर दिखाना
respondent 1. प्रतिवादी, मुद्दालेह 2. जवाबदेह, उत्तरदायी
response प्रतिक्रिया, जवाब, उत्तर, असर, प्रत्युत्तर
responsibility उत्तरदायित्व, जिम्मेवारी, जवाबदेही, दायित्व
responsible उत्तरदायी, जिम्मेवार, जवाबदेह, मान्य
responsiveness (to public opinion) ध्यान रखना, प्रतिग्राहिता
rest (*n.*) 1. विश्राम, आराम, चैन, शांति, विराम, अवकाश, फुर्सत 2. सहारा, टेक, आश्रय 3 रहासहा, बचाखुचा
rest (*v.*) 1. आराम करना, ठहर जाना 2. सहारा लेना
rest-house विश्राम गृह, आराम घर, धर्मशाला, चट्टी
restaurant जलपान गृह, उपाहार गृह
restitution क्षतिपूर्ति करना, लौटा देना, प्रतिदान, पुनः सम्बन्ध स्थापित करना
restive बेकाबू, वश से बाहर, बिदका हुआ, बिगड़ा हुआ, क्षुब्ध
restless अशांत, बेचैन, व्याकुल
restoration बहाली, वापसी, दुरुस्ती, मरम्मत, जीर्णोद्धार, उद्धार
restorative शक्तिदायक, स्वास्थ्य देने वाला
restore लौटाना, वापस देना, पुनरुद्धार करना, सुधारना, ठीक करना, पुनः स्थापित करना, स्वस्थ करना
restrain रोकना, रोक लगाना, प्रतिबंध लगाना, दबाना, वश में रखना, नजरबंद करना, कैद करना
restraint संयम, रोक, प्रतिबंध, रुकावट, बंधन, कैद, पाबंदी, बंदिश, निगरानी

restrict सीमित करना, रोकना, पाबंदी लगाना, कैद लगाना
result (*n.*) फल, परिणाम, नतीजा, अंजाम, प्रभाव, असर, अंत, निर्णय, फैसला
result (*v.*) नतीजा होना, फल होना, परिणाम होना, असर होना
resultant उपलब्धि, परिणाम
resume (*n.*) सार, सारांश, खुलासा, संक्षेप
resume (*v.*) फिर शुरू करना, फिर जारी करना
resume seat आसन ग्रहण करना, बैठ जाना
resumption फिर से आरम्भ, फिर से लेना
resurgence पुनरुत्थान, पुनरुज्जीवन, फिर से जिंदगी पाना
resurrect पुनरुज्जीवित करना, फिर से जिंदा करना, फिर से चलाना, नई रूह फूंकना
resurrection पुनरुज्जीवन, पुनरुत्थान, नई जान डालना, जिलाना
resuscitate पुनर्जीवित करना, जिलाना, जान डालना, ताजा करना, दुबारा जारी करना
retail (*n.*) फुटकर, थोड़ी मात्रा
retail (*v.*) फुटकर बेचना, सुनी बात दोहराना, कहते फिरना
retail dealer खुदरा व्यापारी
retail prices खुदरा या फुटकर मूल्य या भाव
retail sale खुदरा या फुटकर बिक्री
retain यथापूर्व रहने देना, रहने देना, रखना, रोकना, याद रखना
retainer 1. रक्षक, साथी, संगी, नौकर चाकर 2. नौकरी में अटकाए रखने का भत्ता, शुल्क, फीस
retaining allowance नौकरी में अटकाए रखने का भत्ता, वह भत्ता जो श्रमिकों आदि को इस लिए दिया जाता है कि आवश्यकता होने पर उन्हें काम पर बुलाया जा सके
retaliate प्रत्याक्रमण करना, बदला लेना, जवाब देना, जवाबी कार्यवाही या हमला करना
retaliation प्रतिशोध, प्रतिकार, बदला
retaliatory duty, retaliatory tariff जवाबी आयात कर, दंडात्मक आयात शुल्क

retard बाधा या रुकावट डालना, रोक लगाना, विलम्बित करना, गति को मंद करना, अटकाना, बाधा डालना
retention रोक, रुकावट, बंदिश, जारी रखना, ध्यान रखना
retention price (of steel etc.) प्रतिधारण मूल्य, निर्माता को मिलने वाला मूल्य
retentive याद रखने वाला, धारणशील
reticence मौन, चुप्पी, खामोशी, कुछ न कहना
reticent मितभाषी अल्पभाषी, चुप रहने वाला, चुप्पा, खामोश
retinue नौकर चाकर, संगीसाथी, अनुचर
retire 1. हट जाना, पीछे हटना, अलग ले जाना 2. नौकरी छोड़ देना, अवकाश लेना 3. आराम करना, सोने को जाना
retired अवकाशप्राप्त, अवसरप्राप्त, रिटायर्ड, एकान्तवासी, एकान्तसेवी, सामाजिक व्यवहारों से मुक्त
retirement अवकाश या अवसर ग्रहण, निवृत्ति, विश्राम, एकांतवास
retirement of bill हुंडी का पूर्व भुगतान
retort (*n.*) करारा जवाब, तीखा जवाब, प्रत्युत्तर
retort (*v.*) उलट कर जवाब देना, प्रत्युत्तर देना
retouch ठीक करना, सुधारना, दोष निकालना
retrace 1. पलट पड़ना, लौट पड़ना, दोबारा जाना 2. स्मरण करना, याद करना
retract लौटाना, फेरना, वापस लेना, खंडन करना, रद्द करना, मुकरना
retreat (*n.*) 1. एकांतवास, आश्रम, आश्रय, शरण, रक्षा स्थान 2. वापसी, पलायन
retreat (*v.*) लौटना, पीछे हटना, पीठ दिखाना, भाग जाना
retreat ceremony समापन समारोह
retrench 1. कमी करना, छांटना, काटछांट करना, घटाना 2. मोर्चा बांधना
retrenched personnel छंटनी किए गए कर्मचारी
retrenchment कमी, काटछांट, छंटनी

retribution पाप का फल, बदला, दंड, सजा, प्रतिफल
retrieve बचाना, बचा लेना, निकाल लेना, लौटा लेना, ढूंढ निकालना, सुधारना, संभालना
retroact उल्टा जाना, प्रतिकूल जाना, पूर्व समय से लागू होना
retroactive legislation बीते समय पर लागू होने वाला कानून या विधान
retrocede लौटना, पलटना, पीछे हटना, वापस होना, लौटाना, वापस कर देना, फेर देना
retrocession वापसी, लौटना
retrograde प्रतिगामी, पीछे हटने वाला, हानिकारक, प्रतिकूल, अवनति की ओर ले जाने वाला
retrogression पीछे की ओर गति, पीछे की ओर लौटना, ह्रास, अवनति
retrospection सिंहावलोकन
retrospective पश्चात्दर्शी, बीती बातों पर विचार करने वाला, गतकाल से लागू होने वाला
return (*n.*) 1. वापसी, प्रत्यागमन 2. लाभ, नफ़ा, सूद, प्राप्ति, चुकता 3. विवरण
return (*v.*) 1. फिर आना, पलटना, लौटाना, फेरना, चुकाना, वापस देना, अदा करना 2. (सदस्यता के लिए) चुनना
return of post लौटती या वापसी डाक
return ticket वापसी टिकट
return visit वापसी या जवाबी भेंट या दौरा
returnable लौटाने योग्य, वापस हो सकने वाला
returning officer निर्वाचन अधिकारी
returns विवरणी, विवरण, नक्शा
re-unification फिर एक होना या करना
reunion पुर्नमिलन, जलसा, सभा
revaluation फिर मूल्यांकन, पुनर्मूल्यन
reveal प्रकट करना, प्रकाशित करना, खोलना, बताना, भेद खोलना
revel (*n.*) खुशी, रंगरेलियां, जश्न, उत्सव
revel (*v.*) खुश होना, खुशी मनाना, जश्न करना, उत्सव मनाना

revelation 1. प्रकाश, भंडाफोड़, रहस्योद्घाटन, आंखें खोल देने वाली बात, नई बात 2. श्रुति
revenge (*n.*) बदला, प्रतिकार, पल्टा, दंड
revenge (*v.*) बदला लेना, बदला उतारना, वैर निकालना
revenue 1. मालगुजारी, लगान 2. आमदनी, आय, राजस्व, कर 3. राजस्व विभाग
revenue account आमदनी का खाता, राजस्व खाता, आगम लेखा
revenue expenditure आगम व्यय, कर आदि के इकट्ठा करने में होने वाला खर्च
reverberate गूंजना, टकरा कर कहना, पलट कर आना, प्रतिध्वनित होना
reverberation गूंज, प्रतिध्वनि
revere सम्मान करना, आदर करना, सत्कार करना, पूजा करना, अदब करना, इज्जत करना, बड़ा मानना
reverence आदर, श्रद्धा, भक्ति, सम्मान
reverend पूज्यपाद, पूज्यवर, श्रद्धेय
reverent श्रद्धापूर्ण
reverie ध्यान, मंसूबे, चिन्तन, उधेड़बुन, फिक्र, दिवास्वप्न
to be lost in reverie कल्पनालोक में खो जाना, ख्याली पुलाव पकाना, हवा में किले बनाना
reversal 1. उलट, परिवर्तन 2. उन्मूलन, मंसूखी
reverse (*adj.*) उल्टा, विपरीत, प्रतिकूल, विरुद्ध, खिलाफ, दूसरी ओर, उल्टी तरफ़, पृष्ठ भाग
reverse (*n.*) हार, पराजय, विपत्ति, मुसीबत
reverse (*v.*) उल्टा करना, उल्टा चलाना, बिल्कुल बदल देना, काट देना, रद्द कर देना, मंसूख करना
reverse arms शस्त्र झुकाना, अधोशस्त्र
reversible 1. उलट देने योग्य 2. रद्द होने योग्य
reversion 1. वापसी, पलटना, पूर्व पद पर भेज देना 2. उत्तराधिकार
revert पूर्वावस्था में आ जाना, लौट आना, वापस जाना, पहले पद या ओहदे पर भेज देना
review (*n.*) समालोचना, समीक्षा, निरीक्षण, अवलोकन, सिंहावलोकन, सामयिक पत्र
review (*v.*) निरीक्षण करना, अवलोकन करना, समालोचना करना, नज़र डालना, मुआयना करना, दोहराना
court of review निगरानी अदालत, पुनर्विचार न्यायालय
revile गाली देना, बुराभला कहना, बदनाम करना, धिक्कारना
revise दोहराना, आवृत्ति करना, संशोधन करना, सुधारना, फिर से देख जाना
revision 1. निगरानी, पुनर्निरीक्षण 2. संशोधन, दुरुस्ती, सुधार
revitalize नई शक्ति भरना, नई चेतना देना, नई रूह फूंकना, फिर से जान डालना
revival पुनरुत्थान, पुनर्जागृति, पुनरुद्धार, पुनर्जीवन, फिर से चलाना या प्रचलित करना, नई जान डालना
revive (revivify) पुनर्जीवित करना, फिर से जान डालना, जिलाना, होश में लाना, ताजा करना, पुनरुद्धार करना, पुनः प्रचार करना, फिर जी उठना, होश में आना
revocation खंडन, मंसूखी, रद्द करना
revoke काट देना, रद्द कर देना, हटा देना या लेना, मंसूख करना
revolt (*n.*) विद्रोह, राजद्रोह, बलवा, बग़ावत
revolt (*v.*) 1. विद्रोह करना, बलवा करना 2. घिन आना, नफ़रत होना
revolution 1. क्रान्ति, इनकिलाब, उलट पलट, महान परिवर्तन, विप्लव 2. चक्कर, गर्दिश, परिक्रमा
revolutionary 1. क्रान्तिकारी, क्रान्ति सम्बन्धी 2. घूमने वाला
revolutionist क्रान्तिकारी, क्रान्तिवादी
revolve 1. घूमना, चक्कर काटना, लौटना 2. विचार करना, तर्कवितर्क करना
revolver रिवाल्वर
revolving घूमने वाला, चक्कर काटने वाला
revolving fund अक्षय या अटूट कोष
revulsion घृणा, घोर प्रतिक्रिया
reward पारितोषिक, इनाम, बदला, पल्टा, फल, नतीजा

rhapsody महाकाव्य, भावोद्गार, प्रलाप
rhetoric अलंकार शास्त्र, वक्तृत्व कला, वाक्पटुता
rhetorical आलंकारिक, अत्युक्तिपूर्ण, अलंकारी
rheumatic गठिया का रोगी या वातरोगी
rheumation गठिया, वातरोग
rhinoceros गेंडा
rhyme (rime) तुक, काफ़िया, पद्य, कविता, शायरी
without rhyme or reason अकारण, खामखाह, बिना सबब, व्यर्थ
rhythm लय, गति
rib पसली, कमानी, तीली, नस
ribald अश्लील, गंदा, अशिष्ट
ribbon फीता, पट्टी, धज्जी
rice चावल, धान
rice growing areas धान या चावल उपजाने वाले या पैदा करने वाले क्षेत्र या इलाके
rich (*adj.*) 1. भरपूर, मालामाल, तर, प्रचुर 2. कीमती, मूल्यवान 3. रंगीन, चमकीला, गहरा 4. उत्तम, श्रेष्ठ
rich (*n.*) धनवान, धनी, रईस, मालदार, रुपये वाला
riches समृद्धि, धनवैभव, धनसम्पत्ति, धन-दौलत, धन
richly अच्छी तरह, खूब, सर्वथा, पूरा पूरा
rickets सूखा रोग, बच्चों का अस्थिविकार
rickety ढीला, कमजोर, जर्जर
rid पीछा छुड़ाना, मुक्त करना, छुड़ाना, दूर करना, हटाना, निकालना
riddle पहेली, समस्या, कठिन प्रश्न, दुर्बोध बात, रहस्य
ride (*n.*) सवारी, सैर, हवाखोरी
ride (*v.*) सवारी करना, चढ़ना
ridge शिखर, चोटी, पहाड़ी, पर्वत श्रेणी
ridicule (*n.*) उपहास, हंसी, ठट्ठा, मजाक
ridicule (*v.*) उपहास करना, हंसी उड़ाना, ठट्ठा करना, मजाक उड़ाना, तुच्छ समझना या बताना
ridiculous हास्यास्पद, हास्यजनक, बेहूदा
rife प्रचलित, फैला हुआ, छाया हुआ, भरपूर
riff-raff निम्नवर्ग, आवारागर्द, कूड़ा करकट
rifle राइफल, बन्दूक
rift भेद, विभेद, मतभेद, फूट, परस्पर विरोध, दरार
rig (*n.*) 1. नाव की पाल, कपड़े, पहरावा, लिबास, सजधज, हुलिया 2. छल, धोखा
rig (*v.*) 1. पाल लगाना, तैयार करना, खड़ा कर देना, सजाना 2. धोखा देना, चाल चलना
rig the market कृत्रिम ढंग से भाव बढ़ाना या गिराना
rig the election बेईमानी से चुनाव जीतने का यत्न करना
rigging 1. भाव बढ़ाना या गिराना 2. जहाज़ का साज सामान, पाल रस्से आदि
right (*adj.*) दायां, दाहिना, उचित, ठीक, स्वस्थ, भलाचंगा, सीधा, खड़ा
right (*n.*) 1. रूढ़िवादी दल या पक्ष 2. सत्य, न्याय, इन्साफ, धर्म, अधिकार, हक
right (*v.*) ठीक करना, सीधा करना, न्याय करना, इन्साफ करना
right-about बिल्कुल उल्टा रुख
right arm विश्वस्त साथी या सहायक, दाहिना हाथ
right-hand man निकट सहयोगी या सहायक
righteous धार्मिक, धर्मपरायण, सदाचारी, न्यायसंगत, नेक
rightful अधिकारपूर्ण, उचित, न्याय, न्यायसंगत, सच्चा, असली, वास्तविक
right of association सभा या संगठन या संघ आदि बनाने का अधिकार
right-wing रूढ़िवादी या दक्षिण या दायां पक्ष

right-wing organization राजनीतिक दल के दक्षिणपक्षीय संगठन, रूढ़िवादी संगठन
rigid कड़ा, सख्त, कट्टर, पक्का, दृढ़
rigidity दृढ़ता, कड़ापन, सख्ती
rigmarole बकवास, बेसिरपैर की बात, अनर्गल, गोरखधंधा
rigour कठोरता, सख्ती, उग्रता
rigorous कड़ा, सख्त, तीव्र, कठोर
rigorous imprisonment कठोर कारावास, कड़ी कैद
rinderpest, cattle plague पशु महामारी
ring (*n.*) 1. छल्ला, अंगूठी 2. चक्र, चक्कर, कुंडली 3. घेरा, बाड़ा, हाता 4. टोली, गुट्ट
ring (*v.*) 1. बजना, खनकना 2. घेर या चक्कर बनाना, घेरना
ringleader गुट्ट का नेता, मुखिया, सरदार, सरगना
ring railway रिंग रेलवे, गोल रेल
ring road गोल सड़क
ring up टेलीफोन से बुलाना, टेलीफोन करना
rinse धोना, दोबारा साफ करना, खंगालना
riot (*n.*) दंगा, फसाद, बलवा, उपद्रव, झगड़ा, ऊधम
riot (*v.*) 1. ऊधम मचाना, झगड़ा करना, धमाचौकड़ी मचाना 2. मौज करना
run riot आपे में न रहना, ऊधम उठाना, उच्छृंखल हो जाना, अंधाधुंध काम करना, भटक जाना
riotous assembly दंगाइयों की भीड़, उपद्रवियों का समूह
riparian नदी तट या तीरवर्ती
ripe पक्का, तैयार, पूरा, परिपक्व, प्रौढ़, वृद्ध, सम्पन्न
riposte जवाबी हमला, उल्टा वार, प्रत्याक्रमण
ripple लहरी, तरंग
rise (*n.*) 1. चढ़ाव, उभार, उठी हुई जगह, टीला 2. उन्नति, तरक्की, वृद्धि, बढ़ोत्तरी, बढ़ती
rise (*v.*) 1. निकलना, उभरना, उठना, बढ़ना, ऊंचा होना 2. तरक्की करना 3. विद्रोह करना, बग़ावत करना, सिर उठाना
rise and fall उत्थान-पतन, घटबढ़, चढ़ाव उतार
rise from the ranks नीचे से तरक्की करना
rise to the occasion स्थिति की मांग पर पूरा उतरना
rising (*adj.*) उदय होता हुआ, उदीयमान
rising (*n.*) उठना, चढ़ना, बढ़ना, उठाव, चढ़ाव, विद्रोह
rising market चढ़ता हुआ बाजार या मंडी, भावों का ऊंचा होना
rising of court न्यायालय का उठना
risk (*n.*) संकट, जोखिम, खतरा, डर, भय
risk (*v.*) संकट में पड़ना, जोखिम उठाना, खतरा मोल लेना
risky संकट का, जोखिम का, भय का, डर का, खतरनाक
rite(s) संस्कार, रस्म, रीति, दस्तूर, प्रथा, विधि-विधान
ritual (*adj.*) रस्मी, रीति या प्रथा विषयक, शास्त्र के अनुसार, विधि के अनुसार
ritual (*n.*) संस्कार पद्धति, संस्कार विधि
rival (*n.*) प्रतिद्वन्द्वी, प्रतिस्पर्धी, विरोधी, मुकाबले का, बराबर का, टक्कर का
rival (*v.*) बराबरी करना, टक्कर लेना, मुकाबला करना
rive फाड़ना, चीरना, टुकड़े टुकड़े कर डालना, फटना
river नदी, दरिया
river basin नदीप्रदेश, नदी का कांठा
river bed नदी तल
river catchment जलागम क्षेत्र
river crossing घाट
river navigation नौका परिवहन, नाव यातायात
river valley नदी घाटी
riverain नदी सम्बन्धी, कछारी, दरियाई, नदी के आसपास का, तटवर्ती

riverine नदी तट का
rivet (*n.*) कील, खूंटा
rivet (*v.*) कील ठोकना या लगाना, मजबूत या पक्का करना
rivulet छोटी नदी, नाला
road सड़क, पथ, मार्ग, रास्ता, राजपथ
road-block सड़कबन्दी, सड़क पर डाली गई रुकावट
road-book पथ-विवरणी
road-metal सड़क की रोड़ी
road-roller सड़क रोलर, सड़क कूटने की मशीन
road-sense मार्गबोध, राह चलने का नियम या ढंग
road transport स्थल परिवहन, सड़क परिवहन, मोटर परिवहन
roadster 1. लंगर पर खड़ा जहाज़ 2. सड़क की सवारी 3. अनुभवी यात्री
roadways रोडवेज, सड़क परिवहन, मोटर परिवहन व्यवस्था
roadworthy सड़क पर चलने लायक
roam घूमना, फिरना, आवारा फिरना, सैर करना
roar (*n.*) गरज, गर्जन, दहाड़
roar (*v.*) गरजना, दहाड़ना
roast (*n.*) भुना मांस, कबाब
roast (*v.*) 1. भूनना, जलाना, सेंकना 2. दिल्लगी करना, हंसी करना, चुटकी लेना
rule the roast कर्ताधर्ता होना, मालिक होना
roaster भूनने वाली भट्ठी
rob लूटना, डाका डालना, छीनना, ले लेना
robber लुटेरा, डाकू, डकैत
robbery डाका, लूटमार, चोरी
robe वस्त्र, कपड़ा, पोशाक, लिबास
robot यंत्र-मनुष्य, यंत्र-पुरुष, मानवाकार स्वयंचालित यंत्र
robust तगड़ा, हट्टाकट्टा, हृष्टपुष्ट, मोटाताजा, स्वस्थ, बलवान, शक्तिमान, दृढ़, पक्का
rock (*n.*) चट्टान, शिला, पहाड़, पहाड़ी, पत्थर
rock (*v.*) हिला देना, डुलाना, झुलाना, झूलना, चक्कर खाना
rock-bottom price हद दर्जे कम कीमत, बहुत सस्ता
rock-crystal स्फटिक, बिल्लौर
rocket (*n.*) राकेट, दूरमारक अस्त्र, हवाई
rocket (*v.*) हवाई की तरह उड़ जाना या उड़ा देना, (मूल्यों का) चढ़ या बढ़ जाना
rocketting prices आसमान पर चढ़ी कीमतें
rod डंडा, छड़, सलाख, लाठी, बेंत
rodent चूहा
rodomontade डींग, शेखी, गर्वोक्ति, डींगिया
rogue शठ, नटखट, धूर्त
role काम, कार्य, पार्ट, रूप, हैसियत
roll (*n.*) 1. पुलिंदा, बंडल 2. रजिस्टर, फेहरिस्त 3. आवाज, गरज
roll (*v.*) 1. लपेटना, लिपटना 2. लुढ़काना, झूमना, घुमाना, फेरना 3. गरजना
roll call हाजिरी
roll of honour शहीदों की सूची, सम्मानित नामावली
rolled gold सोने का मुलम्मा
rollick प्रसन्न होना, फुदकना
rolling-stock (रेल के) इंजन और डिब्बे आदि
romance प्रेमकथा, प्रेमाख्यान, वीरगाथा, उपन्यास
romantic सरस, रसमय, कल्पित, अद्भुत, रोमांचकारी, साहसिक, कल्पनाप्रधान, कल्पनामूलक, भावप्रधान, औपन्यासिक
roof छत
room कमरा, जगह, स्थान, मौका, अवसर, गुंजाइश
roost (*n.*) अड्डा, बसेरा, जमघट
roost (*v.*) बसेरा लेना, आराम करना, सोना
root (*n.*) जड़, मूल, बुनियाद, मूल कारण, असली कारण
root (*v.*) जमा देना, बिठा देना

rope रस्सी, रज्जु, डोरी
give one a long rope बहुत अधिक ढील देना, लगाम ढील देना
rope-dancer नट, बाजीगर
rope-ladder रस्सी की सीढ़ी
rope-walker जोखिम उठाकर काम करनेवाला
ropeways रज्जुपथ, रस्से का पुल, तारगाड़ी
rosary माला, सुमिरनी
rose गुलाब
bed of roses फूलों की सेज
rosin, resin गंधराल, बिरोज़ा
roster कर्तव्यसूची
rostrum मंच, सभामंच
rosy गुलाब का, गुलाब की तरह, सुखमय, आशाजनक
rot 1. सड़ांध, गंदगी, सड़ना, गलना, पड़े सड़ना 2. बकवास
rotarian रोटरी संस्था का सदस्य
rotary घुमक्कड़, घूमने वाली या रोटरी मशीन
rotary furnace घूमने वाली भट्ठी
rotary machine रोटरी मशीन
rotate चक्कर खाना, पहिये की भांति घूमना, घूमना, बारी बारी से आना या होना
rotation आवर्तन, परिवर्तन, हेरफेर, घुमाव, चक्कर
rotation of crops फसलों का हेरफेर, एक ही भूमि में निश्चित क्रम से अलग अलग फसलें लगाना
rotten सड़ान्धयुक्त, दुर्गन्धयुक्त, दूषित, गला-सड़ा
rough (*adj.*) 1. विषम, असम, ऊंचानीचा, खुरदरा 2. कठोर, सख्त 3. अशिष्ट, असभ्य, गंवार, मोटा, अनघड़, तूफानी, आंधीमेंह का, उपद्रवी, अधूरा, अपूर्ण, कच्चा
rough (*v.*) 1. खुरदरा करना, दांते डालना 2. तकलीफ़ उठाना, मुसीबत झेलना, जोखिम उठाना
rough account कच्चा लेखा या खाता
rough and ready कामचलाऊ
rough and tumble अस्तव्यस्त, ऊंचनीच
rough calculation मोटा हिसाब
rough draft प्रारूप, कच्चा मसौदा
rough estimate मोटा अन्दाजा या अनुमान
rough sea तूफानी समुद्र
rough weather खराब मौसम, तूफानी मौसम
roughage चोकर, मोटाझोंटा अंश
round (*adv.*) गोल, गोलाकार, भरा हुआ, उभरा हुआ, मोटा
round (*adj.*) 1. तांता, सिलसिला 2. आसपास, चारों तरफ़, घेरकर
round (*n.*) चक्कर, घेरा, चक्र, गोली
round (*v.*) गोल करना, चक्कर काटना, गुजरना, पूरा करना
round numbers लगभग या निकटतम पूर्ण संख्या, मोटा अनुमान
round of ammunition एक बार छोड़ने का बारूद
round peg in square hole (पद के लिए) अनुपयुक्त व्यक्ति
round table conference गोलमेज सम्मेलन
round the clock चौबीसों घंटे, रातदिन, अविराम, निरन्तर
round off सुव्यवस्थित या पूरा या समाप्त करना
round-up (*n.*) पकड़-धकड़, गिरफ्तारियां
round up (*v.*) गिरफ्तार कर लेना, घेर लेना
round-up (of the rest of news) (शेष समाचारों का) सारांश
rouse 1. जगाना, जाग उठना, चौंक उठना 2. भड़काना, जोश दिलाना, गुस्सा दिलाना, उकसाना
rouser उकसाने वाला, जोश दिलाने वाला
rousing reception भव्य या शानदार स्वागत
rout (*n.*) भगदड़, गहरी हार, हलचल
rout (*v.*) 1. उखाड़ फेंकना, जड़ से उखाड़ डालना 2. खदेड़ देना, भगदड़ मचा देना
route मार्ग, रास्ता, पथ, सड़क

en route मार्ग में, रास्ते में, राह में, यात्रा में, जाते हुए
route-march सैनिक टुकड़ियों का अभ्यास के लिए मार्च
routine दिनचर्या, रोज का कार्यक्रम, दैनिक कार्य, ढर्रा, अभ्यास, नित्यक्रम, नित्यप्रति का
routine matter रोजमर्रा का काम या विषय या मामला, नित्यप्रति का काम
routing of traffic आने-जाने का रास्ता निश्चित करना
roving घूमने वाला, पर्यटक
roving ambassador पर्यटक राजदूत
row (*n.*) 1. पंक्ति, कतार 2. हुल्लड़, होहल्ला, उपद्रव, ऊधम
row (*v.*) खेना, डांड चलाना, किश्ती चलाना
rowdy गुंडा, उपद्रवी, ऊधमी
royal शाही, राजकीय, राजा का, धूमधाम का, शानदार
royal decree राजाज्ञा, राजकीय आदेश, शाही फ़रमान
royal entourage शाही परिवार, राजा के अनुचर
royalty 1. राजघराना, राज परिवार 2. राज्यकर, रायल्टी
rub (*n.*) रगड़, टक्कर, कठिनाई, मुश्किल, दिक्कत, अड़चन
rub (*v.*) रगड़ना, घिसना, मसलना, मालिश करना
rub shoulders सम्पर्क में आना, रोज मिलना
rub the wrong way नाराज करना, चिढ़ाना
rubber-neck भेदिया, टोह लेने वाला, कुतूहलपूर्ण व्यक्ति
rubbish 1. कूड़ा करकट, रद्दी, मलबा 2. अनर्थक बात, बेतुकी बात
rudder पतवार, निर्देशक सिद्धान्त
ruddy लाल और स्वस्थ
rude असभ्य, गंवार, देहाती, अशिक्षित, अनपढ़, भद्दा, अशिष्ट, फहड़, सख्त, कड़ा, भारी
rudiment(s) 1. मूल, अंकुर, बीज 2. निशान, थोड़ी मात्रा 3. प्रारम्भिक बातें
rudimentary प्रारम्भिक, प्राथमिक, मौलिक, तात्विक
rue अफ़सोस करना, पछताना, हाथ मलना
ruffian जालिम, आततायी, गुंडा, बदमाश
ruffle (*n.*) घबराहट, परेशानी, बेचैनी
ruffle (*v.*) गड़बड़ करना, हिलाना, परेशान कर देना, नाराज कर देना
rugged विषम, खुरदरा, ऊंचा नीचा, उबड़ खाबड़, सख्त, सूखा, अनघड़
ruin (*n.*) नाश, विनाश, तबाही, बरबादी, ध्वंस
ruin (*v.*) नष्ट करना, बरबाद करना, खराब करना
ruinous 1. विनाशक, अनर्थकारी, नाश करने वाला 2. जर्जर, टूटाफूटा, बरबाद
ruins खंडहर, भग्नावशेष
rule (*n.*) 1. नियम, व्यवस्था, कायदा, कानून, सिद्धान्त 2. रीति, चलन, रिवाज 3. शासन, राज, राज्य, हुकूमत, आधिपत्य
rule (*v.*) शासन करना, हुकूमत करना, दबाना, निर्णय देना, असर रखना
as a rule साधारणतः, वैसे तो, मामूली तौर पर
rule nisi तात्कालिक व्यवस्था, सोपाधिक व्यवस्था, प्रारम्भिक संव्यवस्था (व्यवस्था जो लागू हो जाती है यदि उसके विरुद्ध कोई कारण न उपस्थित किया जाए)
rule of law विधान के अनुसार शासन
rules of procedure कार्यविधि सम्बन्धी नियम, कार्यवाही के नियम, प्रक्रिया नियम, जाब्ता
rules of the road मार्ग या पथ नियम
rule-of-thumb अनुभव अथवा व्यवहार पर आधारित नियम, रूढ़ नियम
rule out रद्द कर देना, निकाल देना, खारिज कर देना, असम्भव समझना, नामुमकिन समझना, असंगत ठहराना
ruler शासक, राजा, अधिपति, हाकिम
ruling निर्णय, फैसला, हुक्म, आदेश, व्यवस्था
ruling clique सत्ताधारी गुट
rules and regulations नियम तथा विनियम, कायदे

rum (*adj.*) अजीब, अनोखा, निराला
rum (*n.*) रम शराब
rumble (*n.*) गरज, घड़घड़ाहट
rumble (*v.*) गरजना, गर्जन करना, कड़कना, घड़घड़ाना
rumble-tumble विषम गति, ऊंचीनीची चाल
ruminate सोचना, गौर करना, ध्यान देना, फिर विचार करना, जुगाली करना
rummage (*n.*) तलाश, खोज
rummage (*v.*) ढूंढना, तलाश करना, खोजना, छान मारना, उलट पुलट कर देना
rumour (*n.*) जनप्रवाद, अफवाह, खबर, चर्चा, झूठी खबर, उड़ती हुई खबर
rumour (*v.*) खबर उड़ाना, अफवाह फैलाना
rumple उलट पुलट कर देना, गड़बड़ कर देना, तरतीब बिगाड़ देना, सिलवट डालना
rumpus कोलाहल, उपद्रव, गड़बड़, झगड़ा, दंगा, शोर व गुल, हंगामा
run (*n.*) 1. भागदौड़, रन 2. खेत, अहाता, लकीर 3. बहुत लोगों द्वारा बैंक अदायगी की अचानक मांग
run (*v.*) 1. भागना, दौड़ना, भाग जाना, चलना, पिघलना 2. चलाना, प्रबन्ध करना, इन्तजाम करना
the daily run दिनचर्या, रोज का काम
run across अचानक मिल जाना
run after पीछे भागना, पीछा करना, पाने का यत्न करना, चाह या इच्छा या लालसा रखना
run against भिड़ जाना, टकरा जाना
run amuck पागल हो जाना
run away (from) भागना, पीठ दिखाना, बच निकलना, छोड़ देना, त्याग देना
run away (with) ले भागना, भगा ले जाना, उड़ा ले जाना, लेकर चल देना, एकाएक धारणा बना लेना, बिना सोचे समझे मान लेना
run-down (*adj.*) अस्वस्थ, दुर्बल, निर्बल कमजोर
run down (*v.*) निन्दा करना, बुराई करना, बदनाम करना, हो चुकना, निर्बल या कमजोर हो जाना
run into 1. आदत पड़ना या डालना 2. टकरा जाना 3. विस्तार होना
run into debt ऋणग्रस्त होना
run into heavy weather मुसीबत या कठिनाई में पड़ जाना
run over 1. कुचलना 2. देख जाना, पढ़ जाना, नजर दौड़ाना 3. स्मरण करना
run riot काबू से बाहर होना, उपद्रव करना, ऊधम मचाना, दंगा फसाद करना
run the show कर्ताधर्ता होना, सारा प्रबन्ध करना
run through 1. जायदाद जल्दी बरबाद करना, सम्पत्ति उड़ा देना 2. सरसरी तौर से देखना या पढ़ना
runaway भगोड़ा, भागने वाला
runner दौड़ने वाला, हरकारा, दूत
runner-up अन्तिम मुकाबले में हारने वाला, (प्रतियोगिता में) दूसरे नम्बर आने वाला खिलाड़ी, नम्बर दो
running 1. दौड़ता हुआ, भागता हुआ, चलता हुआ, चालू, बहता हुआ, लगातार 2. रोज का, आए दिन का
running account चालू खाता
running commentary धारावाही वर्णन, तत्काल वर्णन, आंखों देखा हाल
running days निरन्तर दिन, लगातार दिन
running staff इंजन कर्मचारी वर्ग, परिचालक वर्ग, चल कर्मचारी
runway धावन मार्ग, हवाई अड्डे पर हवाई जहाजों के उतरने-चढ़ने के लिए बनी पटरी, विमान पट्टी, उड़ान पट्टी, हवाई पट्टी
rupture (*n.*) फूट, मतभेद, बिगाड़, कलह, लड़ाई, झगड़ा, अनबन
rupture (*v.*) फूटना, फट जाना, टूट जाना, अलग होना

rural देहाती, ग्राम्य, ग्राम सम्बन्धी, गांव का
rural broadcast ग्राम प्रसार, देहाती प्रोग्राम
rural development ग्राम विकास या उन्नति, देहाती तरक्की या उन्नति
rural uplift ग्रामोद्धार
ruse हीला, बहाना, छल, कपट, चाल, तरकीब
rush (*n.*) 1. भीड़, अति, आधिक्य, अधिकता 2. भारी मांग 3. दौड़, झपट, तीव्र गति, वेग, प्रवाह, बहाव
rush (*v.*) दौड़ना, झपटना, भागना, हमला कर देना
rush into print छपाने के लिए दौड़ पड़ना
rush-work जल्दी का काम
rust (*n.*) जंग, मोर्चा
rust (*v.*) जंग लगना
rust-proof जंग बचाने वाला, जंगरोक
rust-tolerant variety, rust-resistant variety फफूंदी न लगने वाली किस्म या जाति
rustic ग्रामीण, देहाती, गांव का, गंवार, असभ्य, अशिष्ट, अनपढ़, भद्दा, बेडौल
rusticate विश्वविद्यालय या कालेज या स्कूल से निकालना
rustle खड़खड़ाहट, मर्मर ध्वनि
rusty बेकार, जंग लगा हुआ, मोरचा खाया हुआ

S

S.E.A.T.O. (South East Asia Treaty Organisation) दक्षिणपूर्वी एशिया संधि संगठन
S. O. S. संकट संदेश, परम या भारी संकट की सूचना, तत्काल सहायता की प्रार्थना
sabbath विश्राम का दिन (ईसाइयों के लिए), रविवार
sable 1. उदास, शोकमग्न, मातमी लिबास 2. काला, स्याह
sabotage (*n.*) तोड़फोड़, शरारत, विध्वंस
sabotage (*v.*) तोड़फोड़ करना, नुकसान पहुंचाना, काम बिगाड़ना
saboteur तोड़फोड़ या नष्टभ्रष्ट करने वाला, विध्वंसक
sabre तलवार, कटार
sabre-rattling लड़ाई की धमकी
sacerdotal पुरोहिती का, पीरों का
sacerdotalism पुरोहिती
sack (*n.*) 1. बोरी, बोरा 2. लूट, लूटमार
sack (*v.*) 1. निकाल देना, पदच्युत करना, बरखास्त करना 2. लूटमार करना या मचाना
sackcloth 1. टाट, मोटा कपड़ा 2. शोक या पश्चाताप सूचक पोशाक
sacrament संस्कार, धार्मिक अनुष्ठान, यज्ञ
sacramental सांस्कारिक, संस्कार सम्बन्धी, पवित्र
sacramental marriage संस्कारपूर्वक विवाह, सांस्कारिक विवाह
sacred पुण्य, पवित्र, पावन, धार्मिक, धर्म सम्बन्धी, पूज्य, जिसका उल्लंघन न किया जा सके
sacrifice (*n.*) यज्ञ, बलि, होम, भेंट, बलिदान, कुर्बानी, त्याग, हानि
sacrifice (*v.*) बलि या भेंट देना या चढ़ाना, कुर्बानी करना, निछावर करना
sacrilege (*n.*) अपवित्र बात या कर्म, धार्मिक मर्यादा का उल्लंघन, अपमान
sacrilege (*v.*) अपवित्र या नापाक करना

sacrosanct पवित्र, अतिपवित्र, जिसका उल्लंघन न होना चाहिए, अटल
sad उदास, शोकमग्न, शोकजनक, बुरा, अशुभ
in the saddle पदारूढ़
safe (*adj.*) सुरक्षित, भलाचंगा, बेजोखिम
safe (*n.*) तिजोरी, अलमारी
safe conduct 1. बेरोकटोक यात्रा 2. सुरक्षा का प्रबन्ध, अभयदान
safeguard (*n.*) बचाव, रक्षा, रक्षा का प्रबन्ध या उपाय, हितों की रक्षा के लिए खास शर्त या प्रबन्ध, संरक्षण
safeguard (*v.*) बचाव करना, रक्षा करना
safety सुरक्षा, बचाव, कुशल, चौकसी, अभय
safety first कुशल पहले
safety lamp सुरक्षा लालटेन
safety valve सुरक्षा वाल्व, उत्तेजना शमन करने की युक्ति
saffron केसर, जाफ़रान
sag (*n.*) झुकाव, कमी, उतार, झोल, कीमतों में कमी
sag (*v.*) झुकना, उतरना, झोल पड़ना, कम होना, (मूल्यों का) गिरना
sagging भाव घटना या घटाना
sagging the market मंदी लाना
saga वीरगाथा, आख्यान
sagacious समझदार, बुद्धिमान, सयाना, बुद्धिमत्तापूर्ण, समझदारी का
sage (*adj.*) अक्लमंदी का, अक्ल का
sage (*n.*) ऋषि, मुनि, पीर, बुद्धिमान
sago साबूदाना
sail (*n.*) पाल, बादबान
sail (*v.*) 1. जहाज़ चलाना, नाव चलाना, समुद्र-यात्रा करना, रवाना होना 2. सफाई से निकलना, बहते चले जाना, तैरना
sail close to the wind बहुत जोखिम उठाना, भारी संकट का काम करना, खतरा मोल लेना
take the wind out of one's sail पक्ष निर्बल कर देना, सहारा छीन लेना, मुंह बंद कर देना
sailor नाविक, मल्लाह
saint संत, महात्मा, सदाचारी, साधु
patron saint अधिष्ठातृ देव
sainthood संत पद
salary वेतन, तनखाह, पारिश्रमिक, वृत्ति
salaried office सवेतन पद, वैतनिक पद
sale बिक्री, विक्रय
sale proceeds बिक्री से प्राप्ति या वसूली
salesmanship विक्रय या बिक्री कला
salient 1. उभार, आगे को निकला हुआ, उभरा हुआ 2. प्रमुख, मुख्य, खास खास
salient points मुख्य बातें
saline नमकीन, खारा
saline land शोरे वाली जमीन, ऊसर जमीन, क्षार भूमि
salinity खारापन
sallow (*adj.*) पीला, फीका, जर्द
sallow (*n.*) 1. बेंत की एक किस्म 2. पीला
sally (*n.*) 1. आकस्मिक आक्रमण, झपट्टा, हल्ला, धावा 2. उड़ान, निकास 3. फबती, चुटकी
sally (*v.*) हमला करना, अचानक हल्ला बोल देना, धावा करना, बाहर निकल पड़ना
salon बैठक, गोष्ठी, वीथि
saloon 1. बैठक, दीवानखाना, बड़ा कमरा 2. जहाज पर बना बड़ा कमरा या बैठक, रेलगाड़ी का बड़ा और सब प्रकार की सुविधाओं से युक्त डिब्बा, सैलून
salt (*n.*) नमक, मसाला, चटपटापन
salt (*adj.*) तेज़, चुभता हुआ
take with a grain of salt पूर्णतया विश्वास न करना, अत्युक्ति समझना
the salt of the earth संसार के भले लोग
salt-pan नमक बनाने की जगह, नमक का कड़ाह
saltpeter, saltpetre शोरा
salt-pit नमक बनाने की जगह, नमक की खान

salubrious स्वास्थ्यप्रद, स्वास्थ्यवर्धक
salutary हितकारी, लाभप्रद, अच्छा, आरोग्यजनक, स्वास्थ्यवर्द्धक
salutation अभिवादन, प्रणाम, नमस्कार
salute अभिवादन करना, प्रणाम करना, नमस्कार करना
to take the salute सलामी लेना
salute with reversed arms अधोशस्त्र या हथियार झुकाकर सलामी देना
salvage (*n.*) बचाया हुआ सामान
salvage (*v.*) बचाना, डूबे जहाज़ या माल को निकालना
salvage operations डूबा जहाज़ निकालना, मलबा हटाना
salvation मोक्ष, मुक्ति, रक्षा, नजात
salve (*n.*) मरहम, लेप, औषध, दवा
salve (*v.*) अच्छा करना, स्वस्थ कर देना, संतुष्ट करना, तकलीफ़ दूर कर देना, आराम पहुंचाना, शांति देना
salvo 1. तोपों की सलामी, एक साथ कई तोपों का छूटना या छोड़ना 2. बचाव, बहाना
the good Samaritan दयालु, परोपकारी
sample (*n.*) नमूना, मिसाल, बानगी
sample (*v.*) नमूने तैयार करना, चखना, जांचना
sample survey नमूने का सर्वे या सर्वेक्षण या जांच
sampling नमूने लेना
sanatorium आरोग्य आश्रम या धाम या भवन
sanctify पवित्र करना, पाप से मुक्त करना
sanction (*n.*) 1. स्वीकृति, अनुमति, मंजूरी, इजाज़त, समर्थन 2. नियम, विधि, कानून 3. रोक, दंड
sanction (*v.*) अनुमति या स्वीकृति या मंजूरी देना
sanctioned मंजूरी दिया गया, स्वीकृत
economic sanction आर्थिक रोक या प्रतिबंध
sanctity पवित्रता, शुद्धता, पुण्य वस्तु, माननीयता, मान्यता
sanctity of human life मानव जीवन की पवित्रता
sanctuary आश्रय, शरण, पुण्य स्थान, मन्दिर
sand बालू, रेत
sand-bag (*n.*) बालू की बोरी
sand-bag (*v.*) बालू के बोरों से मोर्चाबन्दी करना, बालू के बोरे भरना, बालू के बोरों से पाटना
sandbank रेतीला किनारा या तट
sand-glass बालू घड़ी
sandpaper रेगमाल
sands मरुस्थल, मरुभूमि, रेगिस्तान, रेतीला, रेत, रेतीली जमीन
sandstone बलुआ पत्थर
sand-storm रेतीला तूफान या आंधी
sandwich दो वस्तुओं के बीच में कुछ रखना, कसके दबाना
sane समझदार, बुद्धिमान, बुद्धिमत्ता का, अक्ल का
sang-froid ठंडा दिल, निश्चिंतता, इतमीनान, शान्त
sanguinary खूनी, घोर, खून का प्यासा, खूंखार, सांघातिक, घातक
sanguine 1. आशापूर्ण, विश्वासपूर्ण, उत्साहभरा, आशावादी, पक्का 2. लाल, रक्तवर्ण
sanitary स्वास्थ्य संबंधी, स्वास्थ्यवर्द्धक, आरोग्यकर, सफाई संबंधी
sanitary inspector सफाई का दरोगा
sanitation स्वच्छता, सफाई, स्वास्थ्य रक्षा, आरोग्य व्यवस्था
sanity समझदारी, अक्लमंदी, बुद्धिमत्ता
sanctum sanctorum परम पवित्र स्थान
sap (*n.*) रस, अर्क, सार
sap (*v.*) जड़ खोदना, नष्ट करना, जान निकाल लेना, जोर कम कर देना, रस या अर्क निकाल लेना
sapience समझ, समझदारी, अक्लमंदी, विवेक, बुद्धिमत्ता
sapling छोटा पौधा

sapper सुरंग लगाने वाला सैनिक, सड़क या पुल या मोर्चा बनाने वाला सैनिक
sappers and miners सफरमैना दस्ता
sapphire नीलम, नीलमणि
sarcasm व्यंग, कटुव्यंग, कटाक्ष, ताना, कटूक्ति
sarcastic तीखा, चुभता हुआ, व्यंगात्मक, व्यंगमय
sarcophagus पत्थर का ताबूत, शवपेटिका
sardonic कटु, व्यंगपूर्ण, तीक्ष्ण, अनादर भरा, उपहास भरा
sartorial दर्जी का, दर्जी के काम से संबंधित, कपड़ों की सिलाई का
sash कमरबंद, पेटी, खिड़की का चौखटा
satchel छोटा थैला, बस्ता
satellite 1. उपग्रह 2. अनुचर, आश्रित, पिछलग्गू
satiate तृप्त कर देना, अघाना
satin साटन
satire व्यंग्य, उपहास, ताना, फबती, व्यंग्यकाव्य, व्यंग्य लेख
satirical व्यंग्यपूर्ण, तानेकशी का
satirist व्यंग्य लेखक
satisfaction तृप्ति, समाधान, निपटारा
satisfactory संतोषजनक
satisfy 1. संतुष्ट करना, तसल्ली कराना या करना, प्रसन्न करना, विश्वास दिलाना 2. काफ़ी होना 3. अदा करना, चुकाना
saturate भरना, तर करना, भिगोना
saturation परितृप्ति, तरी, नमी
saturnine शनिश्चरी, उदास, मंद
sauce चटनी, सालन
saucer तश्तरी
saucy तेज़, गुस्ताख, ढीठ, शोख, मुंहफट, धृष्ट
saunter टहलना, मटरगश्ती करना, चहलकदमी करना, शनैः शनैः घूमना
sausage गुलमा
savage जंगली, वहशी, बर्बर, जालिम, असभ्य, निर्दय, वहशियाना, जालिमाना, बर्बरतापूर्ण, निर्दयतापूर्ण
savant विद्वान, पंडित, ज्ञानी
save 1. बचाना, रक्षा करना, छुटकारा पाना, छुटकारा दिलाना 2. जमा करना, रख छोड़ना
save the situation संकट से बचाना, स्थिति की रक्षा करना
saving संचय, बचत
savings bank बचत बैंक, सैविंग बैंक
savings certificate सेविंग सर्टिफिकेट, बचत सर्टिफिकेट, बचत प्रमाणपत्र, बचतपत्र
saviour बचाने वाला, मुक्ति या छुटकारा अथवा नजात दिलाने वाला, रक्षक
savour (*n.*) गंध, महक, बू, स्वाद, मजा, सन्देह
savour (*v.*) गंध होना, स्वाद होना या रखना, चिह्न या निशान होना
savoury स्वादिष्ट, रुचिकर, चटपटा, जायकेदार
saw (*n.*) 1. आरा, आरी 2. कहावत, सूक्ति
saw (*v.*) आरे या आरी से काटना या चीरना
sawdust लकड़ी का बुरादा
sawmill आराघर, आरा मशीन
say (*n.*) बात, राय, कहने का अवसर या अधिकार
say (*v.*) बतलाना, बताना, कहना, बयान करना
have one's say अपनी बात कह डालना, जो कहना हो कह सकना, अपनी राय जाहिर करना
that is to say अर्थात्, यानी
saying वचन, कहावत, सूक्ति
scabbard म्यान
scaffold (*n.*) पाड़, मचान, फांसी का तख्ता सूली, फांसी
scaffold (*v.*) पाड़ बांधना, मचान बांधना
scale (*n.*) 1. पलड़ा, तराजू 2. नाप, माप, पैमाना 3. सरगम
scale (*v.*) चढ़ना, पार करना, सीढ़ी से चढ़ना
make to scale पैमाने के अनुसार बनाना
sliding scale विशेष अनुपात से घटने-बढ़ने वाला
scale of pay वेतन श्रेणी
scalpel नश्तर लगाने की छुरी
scamp (*n.*) धूर्त, बदमाश

scamp (*v.*) जी चुराना, काम टालना
scamper जल्दी से भागना, रफूचक्कर होना, चम्पत होना, निकल भागना
scan दृष्टि डालना, निरीक्षण करना, देखना, नजर डालना, मात्राएं या वर्ण या पद गिनना
scandal बदनामी, बदनामी की बात, कलंक, अपयश, लोकापवाद
scandal-monger बदनामी फैलाने वाला
scandalize निन्दा करना, बदनाम करना, कलंक लगाना, नाम को बट्टा लगाना, उपहास करना, नाराज कर देना
scandalous निन्दापूर्ण, अपमानजनक, बदनामी का
scant (*v.*) बहुत थोड़ा, जरा-सा, अपर्याप्त, बहुत कम
scapegoat बलि या कुर्बानी का बकरा, जिसके मत्थे दूसरों का दोष मढ़ा जाय
scar (*n.*) दाग, निशान, घाव या जख़्म का निशान
scar (*v.*) दाग डालना, दाग या चकत्ता पड़ना
scarce कम, बहुत कम, बहुत थोड़ा, दुर्लभ
scarcity कमी, तंगी, दुष्प्राप्यता
scarcity areas कमी के इलाके या क्षेत्र
scare (*n.*) झूठा भय या डर, अचानक भगदड़, हौआ
scare (*v.*) डराना, चौंकाना, डराकर भगा देना
scarf गले पर लपेटने का छोटा रूमाल, गुलूबंद, दुपट्टा
scarify खरोंचना, नश्तर से खरोंचना, कष्ट या दुःख या पीड़ा देना
scarlet लाल, सुर्ख
scatheless बिना चोट खाए, सहीसलामत, अक्षत, स्वस्थ
scathing कड़ा, सख्त, तीव्र
scatter बिखरना, बखेरना, फैला देना, फैल जाना, छितराना, कुछ कहीं कुछ कहीं होना या डालना, तितर बितर होना या करना
scatterbrain घबराया हुआ, बदहवास, जिसकी अक्ल ठिकाने न हो, पागल
scattered rain कहीं कहीं वर्षा, छिटपुट वर्षा
scavenger मेहतर, भंगी, सफाई करने वाला
scenario दृश्यलेख, दृश्य विवरण
scene 1. दृश्य, तमाशा 2. मौका, घटनास्थल 3. कहासुनी, झड़प
make a scene, create a scene झगड़ा खड़ा कर देना, हंगामा करना, तमाशा बनाना
behind the scene छिपे छिपे, पर्दे के पीछे
scenery प्राकृतिक दृश्य, दृश्य
scenic नाटकीय, रंगमंच संबंधी
scent महक, सुगन्ध, इत्र
false scent झूठा पता, भ्रामक संकेत
sceptic अविश्वासी, नास्तिक, शंका करने वाला, संदेहवादी
sceptical संशयात्मक, संदेह करने वाला, संदेह भरा
sceptre शाही निशान, राजदंड, राजाधिकार
schedule (*n.*) सूची, अनुसूची, नामावली, फेहरिस्त, नक्शा
schedule (*v.*) सूची में लिखना
scheduled अनुसूचित, परिगणित, सूचीबद्ध
scheduled castes परिगणित या सूचीबद्ध या अनुसूचित जातियां
scheduled flight नियत या निर्धारित उड़ान
scheduled time (of a train etc.) नियत समय, निर्धारित या सूचित समय
scheduled tribes परिगणित या सूचीबद्ध या अनुसूचित जनजातियां
scheme (*n.*) 1. योजना, युक्ति, उपाय, ढंग, तजवीज, तदबीर, चाल, साजिश 2. नक्शा, खाका
scheme (*v.*) योजना बनाना, युक्ति या उपाय या तदबीर करना या सोचना
scheming चालबाज, साजिशी, षड्यंत्री
schism फूट, भेद, मतभेद, फ़िरकाबन्दी, विच्छेद
scholar विद्यार्थी, पंडित, विद्वान
scholarship 1. पांडित्य, विद्वता, लियाकत 2. छात्र-वृत्ति, वजीफ़ा
scholastic पांडित्य संबंधी, विद्या या शिक्षा संबंधी, विद्यालय संबंधी

scholiast टीकाकार, भाष्यकार
school (n.) 1. विद्यालय, पाठशाला, स्कूल, विद्यापीठ 2. सम्प्रदाय, शाखा, पंथ
school (v.) शिक्षा देना, पढ़ाना, सिखाना
elementary school आरम्भिक पाठशाला
free school निःशुल्क पाठशाला
high school हाईस्कूल
night-school रात्रि पाठशाला
primary school प्राथमिक पाठशाला
private school गैरसरकारी स्कूल
public school पब्लिक स्कूल
technical school तकनीकी स्कूल, शिल्प विद्यालय
school broadcast छात्रीय (रेडियो) कार्यक्रम
school telecast स्कूली या छात्रीय टेलीविजन कार्यक्रम
school of thought विचारधारा, मत, सम्प्रदाय
sciatica कटिशूल, कूल्हे का गठिया, कूल्हे और जांघ का वातरोग
science विज्ञान, शास्त्र, विद्या
scientific वैज्ञानिक, विज्ञान संबंधी
scimitar करौली, सिरोही
scintillate जगमगाना, जगमग करना, चमकना, झिलमिलाना, झिलमिल करना, चिंगारियां छोड़ना या फेंकना या उड़ाना
scion संतान, वंशज, कुल, औलाद
scissors कैंची, कतरनी
scissors and paste work दूसरों के लेखों की काटछांट करके लेख या ग्रन्थ तैयार करना, कैंची और लेई की सहायता से प्रस्तुत लेख
scoff (n.) उपहास, ताना
scoff (v.) उपहास करना, हंसी उड़ाना, तुच्छ समझना
scold फटकारना, डांटना, डांटडपट करना, झिड़कना, घुड़कना, धमकाना
scoop (n.) 1. खास खबर, विशेष समाचार जो अन्य समाचारपत्रों को प्राप्त न हुआ हो 2. चमचा, कलछा
scoop (v.) खोदना, खोखला करना, निकालना, बटोरना
scooter स्कूटर
scope क्षेत्र, अवकाश, अवसर, मौका, लक्ष्य, उद्देश्य, इरादा, आशय, गुंजाइश
scope of enquiry अनुसंधान क्षेत्र, जांच का दायरा या क्षेत्र
scorch भुलसना, जलाना, जला डालना, जलाकर काला कर देना
scorched earth policy शत्रु उपयोगी वस्तुओं को नष्ट करने की नीति, अपनी सम्पदा को इस प्रकार नष्ट करना कि वैरी उस पर अधिकार करके कोई लाभ न उठा सके
score (in sports) स्कोर, फल, परिणाम, नतीजा, हासिल
on that score उस विषय या संबंध या बारे में
scorn (n.) तिरस्कार, घृणा, नफ़रत, अपमान, अवज्ञा, अवहेलना
scorn (v.) तिरस्कार करना, घृणा या नफ़रत करना, उपेक्षा करना, अवहेलना करना
Scotland Yard इंगलैंड की खुफिया पुलिस और उसका प्रधान कार्यालय
scoundrel दुष्ट, बदमाश, लुच्चा, पाजी
scour 1. मलना, रगड़ना, मांजना, रगड़कर स्वच्छ करना, रगड़कर चमकाना 2. भागना, दौड़ना
scourge बला, आफत, मुसीबत, बवाल, दंड, दैवकोप
scout (n.) 1. बालचर, स्काउट 2. जासूस, भेदिया, मुखबिर
scout (v.) 1. ठुकरा देना, अस्वीकार करना, हंसी उड़ाना 2. जासूसी करना, भेद लेना
scowl त्योरी चढ़ाना, नाक भौं चढ़ाना, अप्रसन्न होना, क्रुद्ध होना, डराना, धमकाना
scraggy खुरदरा, दुबला, पतला, मरियल
scramble (n.) छीनाझपटी, धक्कमधक्का, संघर्ष
scramble (v.) छीनाझपटी करना, झपटना, घुटनों के बल चलना, घिसटना, फुर्ती से चढ़ जाना

scramble for pennies पैसों के लिए छीनाझपटी करना
scramble for place जगह के लिए छीनाझपटी करना या संघर्ष करना
scrap (n.) टुकड़ा, कतरन, छीलन, रद्दी माल, काठकबाड़
scrap (v.) रद्दी कर देना, निकाल देना, अलग कर देना, हटा देना
scrap-book समाचारपत्रों से कतरनें काटकर लगाने की कापी
scrap heap policy बेकार वस्तुओं को फेंक या हटा देने की नीति
scrap-iron रद्दी लोहा
scrap-metal रद्दी धातु, धातु की छीलन
scrape (n.) 1. रगड़, खरोंच 2. उलझन, मुश्किल, कठिनाई
scrape (v.) खुरचना, छीलना, रगड़ना
scrape through कठिन परिस्थिति से बच निकलना, जैसे तैसे बच निकलना, परीक्षा में मुश्किल से पास होना
scratch (n.) खरोंच, मामूली जख्म, हल्का घाव
scratch (v.) कुरेदना, निकाल बाहर करना, खारिज कर देना, अलग करना, हटा देना
scratch one's head सोच में पड़ जाना, सिर खुजाना
scratch of the pen कलम हिलाने भर की बात, हस्ताक्षर मात्र
scratchy कटाफटा, जोड़ाबटोरा, बेमेल, बेजोड़, लापरवाही या असावधानी से किया हुआ, सरसरी तौर पर किया हुआ
scrawl (n.) घसीट खत
scrawl (v.) घसीट लिखना, चींटे-मकोड़े मारना
scream (n.) चीख चिल्लाहट, आवाज, रोने की आवाज
scream (v.) चीखना, चीख मारना, चिल्लाना
screech (n.) चीख, आवाज, हूक
screech (v.) चिल्लाना, चीखना, चीख मारना
screen (n.) पर्दा, ओट, आड़, चिक, तख्ता, कनात
screen (v.) 1. पर्दा डालना, छिपाना 2. अलग करना या रखना, छानना, छांटना
the screen चित्रपट
screw (n.) 1. पेंच 2. बल, मरोड़ी, फिराव 3. कंजूस
screw (v.) फिराना, घुमाना, पेंच कसना
have a screw loose कोई पेंच या पुर्जा ढीला होना, मस्तिष्क ठीक न होना, दिमाग में फितर होना
screw-driver पेंचकस
scribble (n.) खराब लिखावट, घसीट, निरर्थक या मूल्यहीन रचना
scribble (v.) गोदना, घसीट कर लिखना
scribbler तुकबंद, घटिया लेखक, शब्दों को जोड़ देने वाला
scribbling paper मामूली कागज
scribe मुंशी, कातिब, लिपिक, लिखने वाला
scrimmage कशमकश, लड़ाई, झगड़ा, दंगा, गुत्थमगुत्था, हाथापाई, खींचतान, खींचातानी
scrip कच्ची रसीद, कच्चा पुरजा
script लिपि, लिखाई, मूल लेख, दस्तावेज
script writer लेखक
scriptural धर्मपुस्तक के अनुसार, धर्मशास्त्र के अनुसार
Scripture धर्मग्रन्थ, धर्मशास्त्र
scrivener लिपिकर, अर्जीनवीस, नकलनवीस, महाजन, सूद पर रुपया देने वाला
scroll 1. पुलंदा, कागज का मुट्ठा 2. फूलबूटे, बेलबूटे
scrub रगड़ना, मांजना, मल मल के धोना, रगड़ के साफ करना
scruple (n.) हिचक, झिझक, सोचविचार, संकल्प-विकल्प
scruple (v.) हिचकना, झिझकना, सोचविचार करना, आगापीछा सोचना या देखना
scrupulous सावधान, चौकस, ईमानदार, उसूल का, साफ दिल का, पाप से संकोच करने वाला, सत्यनिष्ठ

scrupulously सावधानीपूर्वक, निष्ठापूर्वक, ईमानदारी से
scrutator जांच पड़ताल या छानबीन करने वाला, परीक्षक
scrutinize जांच पड़ताल करना, छानबीन करना, परीक्षा करना
scrutiny जांच, छानबीन, जांच पड़ताल, निरीक्षण
scud (*n.*) भागदौड़, रेलपेल, दौड़धूप
scud (*v.*) भागना, दौड़ना, भागे चले जाना, हवा हो जाना
scuffle हाथापाई, गुत्थमगुत्था, कुश्ती, लड़ाई
sculptor मूर्तिकार, शिल्पी
sculpture (*n.*) 1. मूर्तिकला, मूर्तिनिर्माण कला, पत्थर की खुदाई 2. बुत, मूर्ति
sculpture (*v.*) मूर्ति बनाना, गढ़ना, पत्थर काट कर बनाना
scum (*n.*) मैल, झाग, तलछट, नीचे स्तर के लोग
scum (*v.*) झाग उतारना
scurrilous अश्लील, भद्दा, गंदा, गंवारू, फूहड़, गाली गलौज भरा
scurry भाग जाना, फ़रार हो जाना, घबरा कर भागना
scurvy रक्त रोग, शीताद
scuttle (*n.*) सूराख, मोखा, छिद्र
scuttle (*v.*) 1. छेद कर देना, छेदकर डुबा देना 2. भाग जाना, फ़रार हो जाना
between scylla and charybdis आगे कुआं पीछे खाई, दो मुसीबतों के बीच
scythe हंसिया
sea 1. समुद्र, सागर 2. लहर, तरंग 3. बाढ़, बहुतायत
deep sea fishing गहरे सागर में मछली पकड़ना
deep sea port गहरे तल का बन्दरगाह
go to sea नाविक बनना, मल्लाह बनना
put to sea समुद्र पार जाना, (समुद्र) यात्रा आरम्भ करना, बन्दरगाह छोड़ना

the high seas खुला समुद्र, बीच समुद्र, तीन मील के प्रादेशिक क्षेत्राधिकार से परे समुद्र
seaboard समुद्र तट, समुद्र तटवर्ती प्रदेश
sea borne समुद्र से जाने वाला, समुद्री
sea-borne trade समुद्री व्यापार
sea customs समुद्री शुल्क, समुद्री आयात कर
Sea Customs Act समुद्री शुल्क अधिनियम या कानून
sea defences समुद्री रक्षा या बचाव की व्यवस्था या प्रबंध
seafarer नाविक, मल्लाह, समुद्री यात्री
seafaring (*adj., n.*) 1. समुद्र यात्रा करने वाला, समुद्र यात्री 2. समुद्री यात्रा
sea-fight समुद्री युद्ध
sea-girt समुद्र से घिरा हुआ
sea level समुद्र तल
seaman मल्लाह, नाविक, जहाजी, जहाज पर काम करने वाला
seamanship जहाजरानी, जहाज चलाने की क्षमता
seasickness समुद्री बीमारी
seaworthiness समुद्री यात्रा के योग्य होना
seaworthy समुद्र यात्रा योग्य
seaworthy vessel यात्रायोग्य जहाज
seal (*n.*) मुहर, निशान, निशानी, ठप्पा, छाप, सबूत, प्रमाण
seal (*v.*) मुहर लगाना, पक्का कर देना, अंतिम निर्णय करना
sealed मुहरबंद, छाप लगा हुआ
sealed tenders मुहरबंद टेंडर
sealing-wax लाख
sealskin सील (दरियाई घोड़ा) का चमड़ा
seam 1. परत, तह 2. सीवन, सिलाई
seamy 1. कपड़े का उल्टा या सीवनदार भाग 2. बुरे दिन
seance 1. बैठक 2. प्रेत का आवाहन
sear (*adj.*) सूखा हुआ, मुर्झाया हुआ, शुष्क
sear (*v.*) सुखा देना, झुलस जाना, गर्म लोहे से दागना

search (*n.*) खोज, अनुसंधान, ढूंढ, तलाश
search (*v.*) तलाश करना, ढूंढना, तलाशी लेना
searchlight दूरदीप, प्रकाशस्तम्भ, दूर दूर तक प्रकाश फेंकने वाला दीपक, प्रकाशपुंज
search-party खोज मंडली, ढूंढने के लिए निकला दल
search-warrant तलाशी का परवाना या वारंट
searching of heart तर्कवितर्क, मन की टटोल
season (*n.*) मौसम, ऋतु, काल, समय, अवसर, मौका
season (*v.*) 1. बनाना, कमाना, मजबूत बनाना, सुखाना, आदी बनाना 2. चटपटा बनाना
busy season (of trade) धंधे का मौसम, व्यापार या काम के दिन
in season 1. मौसमी, फसली, पका हुआ, तैयार 2. मौके पर, ठीक समय पर, यथासमय
in season and out of season समय असमय, मौसम बेमौसम
season ticket सीजन टिकट, मौसमी टिकट
seasonable ठीक, उचित, मौके का, यथासमय, फसल का
seasonal सामयिक, मौसमी
seasonal employment मौसमी रोजगार
seasoning (*n.*) 1. मसाला, मिर्च मसाला 2. तैयारी, कमाई
seasoning (*v.*) बनाना, कमाना, पकाना, तैयार करना, धूप दिखाना
seat (*n.*) 1. आसन, चौकी, कुर्सी, बैठने का स्थान, बैठक 2. घर, निवासस्थान, पद, ओहदा, गद्दी 3. स्थान, पीठ, जगह 4. मेम्बरी, (सभा आदि की) सदस्यता
seat (*v.*) बिठाना, रखना, जमाना
a deep seated disease गहरा रोग
secede अलग हो जाना, पृथक हो जाना, निकल जाना, बाहर होना, छोड़ देना
secession सम्बन्ध विच्छेद, अलहदगी, जुदाई
seclude अलग रखना, अलग रहना, बन्द रखना, एकान्तवास करना

secluded एकान्त, एकान्तवासी, अलग पड़ा हुआ या किया हुआ, दूसरों से अलग, अलग-अलग, निर्जन
seclusion एकान्त, एकान्तवास, अकेलापन, अलगाव, निजन, अलग रहना
second (*adj.*) 1. सहायक 2. दूसरा, द्वितीय, दूसरे दर्जे पर, उतर कर, अगला
second (*n.*) सैकन्ड, पल, क्षण
second (*v.*) अनुमोदन करना, समर्थन करना, सहायता या मदद करना
on second thoughts पुनर्विचार करने पर, फिर सोचने पर, बाद को
second ballot दूसरा गुप्त मतदान
second-class citizen द्वितीय श्रेणी का नागरिक
second-hand 1. पुराना, बरता हुआ, इस्तेमाली 2. सुना सुनाया, दूसरे की जबानी
at second-hand किसी दूसरे के द्वारा, अप्रत्यक्ष
second nature अभ्यास, आदत
second-rate दूसरे दर्जे का, द्वितीय श्रेणी का, घटिया, साधारण, मामूली
second reading दूसरा वाचन
second-sight पूर्वबोध, आगम विद्या
second to none अद्वितीय, सबसे बढ़कर
secondary गौण, अप्रधान, कम महत्व का, साथ का
secondary education माध्यमिक शिक्षा
secondary employment गौण रोजगार या धंधा
secondary school माध्यमिक पाठशाला
secrecy गोपनीयता, रहस्य, छिपाव
secret (*adj.*) छिपा हुआ, भेद या रहस्य का, गुप्त, गूढ़, खुफिया, चुप चुप, अंदरूनी
secret (*n.*) भेद, रहस्य, गुप्त बात
open secret खुली बात, प्रकट बात, प्रकट भेद
secret ballot गुप्त मतपत्र, गुप्त मतदान
secret section गुप्तचर विभाग, जासूसी या खुफिया विभाग
secretariat सचिवालय, कार्यालय, दफ़्तर

secretary सचिव, मंत्री, सेक्रेटरी
general secretary प्रधान सचिव
under secretary अवर सचिव
Secretary General महासचिव
Secretary of State (U.S.A.) (अमरीका का) विदेश मंत्री
Secretary of State for Commonwealth Relations राष्ट्रमंडल सम्पर्क मंत्री
Secretary of State for Foreign Affairs विदेश मंत्री
secrete 1. रिसना, गिरना, निकलना, टपकना, चूना 2. निकाल देना, अलग कर लेना, छुड़ा लेना 3. छिपाना, छिपा रखना
secretion स्राव, निःसरण, बहाव, रिसना
secretive बात छिपाने वाला, गहरा, बंद
sect सम्प्रदाय, पंथ, मत, दल, शाखा, टकड़ी, हिस्सा, गिरोह, जमात
sectarian पंथगत, संकीर्ण, साम्प्रदायिक, सम्प्रदायवादी, मतान्ध, कट्टर
sectarianism साम्प्रदायिकता, संकीर्णता, कट्टरपन
section (*n.*) भाग, विभाग, टुकड़ा, खंड, अनुच्छेद, हिस्सा, अंश, धारा, दफ़ा, दल, काट
section (*v.*) टुकड़े करना, काटना
cross-section 1. विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व, विस्तृत या व्यापक प्रतिनिधित्व 2. तिरछी काट
sector वृत्तखंड, खंड, अंचल, क्षेत्र
secular लौकिक, सांसारिक, दुनियावी, असाम्प्रदायिक, धर्मनिरपेक्ष
secularism धर्मनिरपेक्षता, लौकिकता, दुनियादारी
secure (*adj.*) सुरक्षित, निश्शंक, बेखटके, हिफ़ाजत से, निरापद, निश्चिन्त
secure (*v.*) सुरक्षित बनाना, रक्षा करना, निश्चित कर देना, चिंता मिटाना, हिफ़ाजत करना, पक्का करना
security 1. रक्षा, निश्चितता, निर्भयता, चैन, बेफिक्री, सुरक्षा, हिफ़ाजत, सलामती, बचाव 2. जमानत 3. हुंडी
gilt-edged security उत्तम हुंडी
personal security निजी जमानत, व्यक्तिगत जमानत
public security, public safety जनसुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा, लोकक्षेम
Security Council सुरक्षा परिषद्
security measures सुरक्षा के उपाय, सुरक्षा के लिए किए गए उपाय या व्यवस्था, सुरक्षा प्रबन्ध
sedate शान्त, स्थिर, गंभीर, सजीदा, समझदार, धीमा, मंद
sedative शामक, उपशामक
sedentary निश्चल, सुस्त, बहुत बैठा रहने वाला
sediment तलछट, गाद
sedition राजद्रोह, बलवा, दंगा, राजद्रोह का प्रचार, बग़ावत, विद्रोह
